बिक्री ई–नीलामी के जरिए की जाएगी। इच्छुक खरीददारों को ई–नीलामी में भाग लेने के लिए आवश्यक तरीके से आरक्षित मूल्य का 10% बयाना राशि जमा करनी होगी, जिसे सफल बोली लगाने वाले के मामले में समायोजित किया जाएगा और नीलामी की तारीख पर ही अन्य बोलीदाताओं को वापस कर दिया जाएगा। सफल बोली लगाने वाले को ई–नीलामी के समापन के बाद, ईएमडी के समायोजन के बाद बिक्री आय का 25% अगली तारीख तक यानी दोपहर 3:00 बजे तक जमा करना होगा अन्यथा जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। क्रेता को बिक्री आय का शेष 75% नीलामी बिक्री की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। आरक्षित मूल्य जिसके नीचे संपत्ति नहीं बेची जाएगी, उसे संपत्ति के सामने आरक्षित मूल्य के रूप में दर्शाया गया है। ईएमडी/आगे का भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से **खाता नंबर** 20014996823, जिसका **आईएफएससी कोड नंबर** IDIB000M567, रिकवरी ऑफिसर डीआरटी– I, कोलकाता, इंडियन बैंक, कोलकाता मुख्य शाखा में किया जाना चाहिए।

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि किसी भी स्थगन आदेश के अभाव में, उक्त संपत्ति को ऑनलाइन नीलामी (ई–नीलामी) के माध्यम से दिनांक 13.03.2024 को दोपहर 12:01 बजे से दोपहर 01:00 बजे के बीच 3 मिनट के असीमित विस्तार के साथ ई–नीलामी प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जायेगी। संभावित बोलीदाता को **मेसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड बी–704, वॉल स्ट्रीट, अहमदाबाद–380006, गुजरात, की बिक्री उद्घोषणा के बाद बोलीदाता को नीलामी टाइगर, श्री प्रवीण थेवर, एम: 9722778828, ईमेल–: wb@auctiontiger.net** से संपर्क करना होगा और https://drt.auctiontigernet से बिक्री नोटिस डाउनलोड करना होगा और नीलामी में भाग लेने के लिए अपना नाम रिकवरी ऑफिसर, डीआरटी–1, कोलकाता के पक्ष में कोलकाता में देय डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से बयाना राशि के साथ पंजीकृत करें ताकि 11.03.2024 को या उससे पहले ट्रिब्यूनल तक पहुंच सके। प्रतिभागियों/इच्छुक खरीददारों को पंजीकरण के लिए निम्नलिखित दस्तावेज/कागजात जमा करना अनिवार्य है क्योंकि केवल पंजीकृत प्रतिभागी/इच्छुक खरीददार ही लॉगिन कर ई–नीलामी में भाग ले सकते हैं।

1. पैन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति।
2. स्वप्रमाणित वैध आवासीय प्रमाण।
3. स्वप्रमाणित वैध ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर।

हालाँकि, नीलामी के समय नेटवर्क के माध्यम से हुई किसी भी त्रुटि के लिए अधोहस्ताक्षरी जिम्मेदार नहीं होगा। उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड सीधे पंजीकृत प्रतिभागियों/इच्छुक खरीदारों को लॉगिन करने और ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने के लिए आगे के निर्देशों, यदि कोई हो, के साथ भेजा जाएगा। अन्य नियम एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी द्वारा 30.01.24 को जारी बिक्री की घोषणा के अनुसार समान हैं। इच्छुक खरीददारों या प्रतिनिधियों को विवरण और निरीक्षण के लिए श्री मनोज झा, मोबाइल नंबर 7498996888 से संपर्क करना होगा।

**दिनांक: 30 जनवरी, 2024** **वसूली अधिकारी**

# दिल्ली पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी को दबोचा

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है मॉड्यूल

● साथियों के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने मे भूमिका निभाई थी

लश्कर ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल को दिल्ली पुलिस ने खुलासा कर आतंकी को पकड़ा।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अनुज कुमार सिंह ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के आवेदन पर रियाज की ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर ली, जिसमें दावा किया गया था कि मामले में जांच के लिए उसे केंद्रशासित प्रदेश ले जाना आवश्यक है।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है और उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से हथियार तथा गोला-बारूद प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आरोपी की पहचान कुपवाड़ा जिले के निवासी रियाज अहमद राथर के रूप में हुई है, जिसे रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रियाज ने खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार आतंकी आकाओं से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों से रविवार को जानकारी मिली थी कि रियाज अहमद राथर नाम का आतंकी उनके द्वारा हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है।

जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों ने इस भंडाफोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से पांच एके राइफल (छोटी), पांच एके मैगजीन और छोटी एके राइफल के 16 कारतूस सहित अन्य सामग्री बरामद की थी। अधिकारी ने बताया कि ए हथियार और गोला-बारूद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी आकाओं-मंजूर अहमद शेख उर्फ शकूर (गबरा करनाह निवासी) और काजी मोहम्मद खुशाल (धन्नी करनाह निवासी) द्वारा भेजे गए थे। उन्होंने कहा कि ये दोनों व्यक्ति सीमा पार से आतंकी मॉड्यूल चला रहे हैं। अधिकारी ने बताया सूचना मिली थी कि रियाज फरार है और तड़के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि एक टीम गठित कर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तैनात कर दी गई, जिसने रियाज की पहचान की और उसे निकास द्वार संख्या-1 से भागने की कोशिश करने पर पकड़ लिया गया।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह अपने दोस्त अल्ताफ के साथ जबलपुर से महाकौशल एक्सप्रेस में सवार हुआ था और शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंचा था।

अधिकारी ने बताया कि उन्होंने एक ऑटो-रिक्शा लिया और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने कहा कि रियाज किसी अन्य ठिकाने पर जाने वाला था।

अधिकारी ने कहा कि ऐसा संदेह है कि रियाज ने खुर्शीद और गुलाम से हथियारों एवं गोला-बारूद की खेप प्राप्त की जिन्हें जम्मू-कश्मीर पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। रियाज और उसका दोस्त अल्ताफ 31 जनवरी, 2023 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने कहा कि रियाज के कब्जे से एक मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रियाज को कानून की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है और जम्मू-कश्मीर पुलिस अधिकारियों को उनके स्तर पर आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

दिल्ली महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में बासुरी स्वराज।

### आप के शब्दों का जादू खत्म हुआ : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा मंत्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता यूं तो झूठे बयानों से राजीतिक महौल बनाने के बाज़ीगर हैं पर अब उनके शब्दों का जादू खत्म हो गया है और वह जनता में विश्वसनीयता खो चुके हैं। आज जब दिल्ली में ईडी ने केजरीवाल सरकार के दिल्ली जल बोर्ड घोटाले की जांच के लियें छापेमारी की तो आप प्रवक्ताओं ने शराब घोटाले पर बार बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जल बोर्ड घोटाले से ध्यान भटकाने की कोशिश की पर सफल नहीं हो सके। दिल्ली भाजपा के मंत्री हरीश खुराना ने कहा है कि पूरी केजरीवाल सरकार एवं पार्टी आज दिल्ली के विकास को छोड़ अपने भ्रष्टाचार पर लीपापोती में लगी है पर अब दिल्ली वाले इन पर विश्वास करने को तैयार नहीं हैं। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी एक डूबता जहाज है जिसके नेताओं में अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है कि सरकार के भ्रष्टाचार का अब बचाव सम्भव नहीं रहा।

### कांग्रेस कर्नाटक इकाई का विरोध प्रदर्शन आज

**नई दिल्ली/बेंगलुरु ।** केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला तेज करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों में कर अंतरण और अनुदान सहायता में राज्य के साथ अन्याय का आरोप लगाते हुए बुधवार को नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेगी। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रियों सहित राज्य के सभी कांग्रेस विधायकों और सांसदों का विरोध प्रदर्शन कल पूर्वाह्न 11 बजे राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर शुरू होगा। प्रदर्शनकारी केंद्र से 15 वें वित्त आयोग के तहत पांच साल के दौरान कर्नाटक को हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के कथित नुकसान की भरपाई करने की मांग करेंगे। वहीं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता एवं केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ 8 फरवरी को दक्षिणी राज्य के प्रति केंद्र की कथित लापरवाही के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### ईडी की जांच और बयानों में कोई दम नहीं : कक्कड़

**नई दिल्ली।** आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि ईडी की जांच और बयानों में कोई दम नहीं नहीं है। आप प्रवक्ता ने शराब घोटाले को पूरी तरह से बयानबाजी पर आधारित करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामलें में तीन फरवरी 2024 को कोर्ट में एक आरोपी की पेशी हुई। उसने पाया कि उसके द्वारा दिए गए बयानों के विपरित ईडी ने उसका लिखित बयान पेश किया है। उसने ईडी के लिखित बयान पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट से पूछताछ की वीडियो-ऑडियो मंगाकर उसकी जांच करने का अनुरोध किया है। ईडी करीब एक हजार रेड के बावजूद तथाकथित घोटाले में ईडी का पूरा केस ही बयानबाजी पर आधारित है।

# आडियो डिलीट करने के आरोप ईडी ने किए खारिज

● एजेंसी ने कहा, मंत्री आतिशी के खिलाफ लेंगे कानूनी सहारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने मंगलवार को इन दावों का खंडन किया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में एक आरोपी के बयान से ऑडियो रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी गई थी।

उन्होंने कहा कि वे ऐसे आरोप लगाने के लिए दिल्ली की मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी के खिलाफ कानूनी सहारा लेंगे। सूत्रों ने कहा कि पूछताछ के दौरान फुटेज केवल वीडियो प्रारूप में रिकॉर्ड किया गया था क्योंकि उस समय सीसीटीवी प्रणाली में ऑडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा नहीं थी।

सूत्रों ने बताया कि ईडी पूछताछ प्रक्रिया के वीडियो कैप्चरिंग सिस्टम में ऑडियो रिकॉर्डिंग पिछले साल अक्टूबर में ही जोड़ी गई थी। आतिशी ने दावा किया कि ईडी ने एक आरोपी से पूछताछ के दौरान बनाई गई वीडियो फुटेज की ऑडियो रिकॉर्डिंग को डिलीट कर दिया है।

ईडी ने उसका सामना एक सरकारी गवाह से कराया था और यह ऐसे कमरे में हुआ था जहां एक सीसीटीवी कैमरा था। उसने एक याचिका दायर की थी क्योंकि ईडी द्वारा अदालत में प्रस्तुत किया गया बयान उस कमरे में जो हुआ उससे अलग था। मंत्री ने दावा किया कि ईडी ने जो फुटेज अदालत में जमा किया है, उसमें ऑडियो नहीं है।

### छापों से डराने की कोशिश : आतिशी

नई दिल्ली। मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के जरिए पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश कर रही है। आतिशी ने कहा, कल मैंने कहा था कि मैं आज सुबह 10 बजे ईडी के बारे में सनसनीखेज खुलासा करूंगी। इस खुलासे को रोकने के लिए छापेमारी की गई।

### *घोटालों में शामिल है आम आदमी पार्टी : भाजपा*

***नई दिल्ली।*** *भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप के नेताओं और अन्य लोगों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी का मंगलवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह पार्टी भ्रष्टाचार में शामिल है। सचदेवा ने कहा कि आप आबकारी नीति और दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटालों में शामिल है। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकारी खजाने से लूट का एक-एक पैसा वसूल करने की गारंटी है। सचदेवा ने कहा, हम जांच का स्वागत करते हैं। जांच के दौरान तथ्य सामने आएंगे।*

# दिल्ली नगर निगम ने बजट कटौती प्रस्ताव पेश किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मंगलवार को सदन की बैठक में संशोधित बजट अनुमान 2023-24 में संशोधन के लिए कटौती प्रस्ताव पेश किया, जिसमें महापौर शैली ओबेरॉय की वित्तीय शक्ति को बढ़ाने की बात कही गई है।

सदन के नेता मुकेश गोयल ने विभिन्न क्षेत्रीय समितियों के तहत राजस्व व्यय को संशोधित करने और धन का नियंत्रण महापौर को हस्तांतरित करने के लिए कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया।विपक्षी दलों के पार्षदों ने बजट में प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इससे समितियों की शक्ति कम हो जाएगी और इन निधियों के वितरण से संबंधित मामलों पर महापौर का एकाधिकार हो जाएगा।

वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों पर चर्चा के लिए यहां सिविक सेंटर में सदन की विशेष बैठक में भाजपा और कांग्रेस पार्षदों ने संशोधनों का विरोध किया। संशोधन दस्तावेज के अनुसार, निगम ने संपत्ति कर विभाग के लिए 102 करोड़ रुपए, शिक्षा विभाग के लिए 52 करोड़ रुपए और केंद्रीय और क्षेत्रीय कार्यालयों में समितियों पर 123 करोड़ रुपए की कटौती का प्रस्ताव रखा है।

# राजधानी में पिछले 9 साल में स्वास्थ्य सेवाएं हुईं बदतर : सचदेवा

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, 3 करोड़ लोगों के लिए सिर्फ 6 सीटी स्कैन मशीन शर्म की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार के 9 साल में दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं बद से बदतर हुईं हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की कोविडकाल में फ्लाप स्वास्थ्य सेवाओं को सभी ने देखा था, मोहल्ला क्लीनिक सेवा ठप्प हो गई थी और आज मोहल्ला क्लीनिक घोटाला केंद्र बन कर रह गये हैं। घटिया एवं नकली दवाओं के घोटाले ने दिल्ली को शर्मसार किया है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में डाक्टरों - पैरा मैडिकल स्टाफ की कमी है, आप्रेशन थियेटर ठप्प हैं। हाईकोर्ट की दिल्ली की 3 करोड़ जनता के लिए सिर्फ 6 सीटी स्कैन मशीनों की टिप्पणी को सचदेवा ने बेहद शर्मनाक बताया।

### दिल्ली जल बोर्ड बना लूट का अड्डा

*वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार ने 9 साल में दिल्ली जल बोर्ड को लूट का अड्डा बना रखा है और जल बोर्ड के हर कार्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है। दिल्ली भाजपा लगातार कहती रही है की केजरीवाल सरकार ने सीवर लाइन डालने, पेय जल लाइन डालने, यू.जी.आर. बनाने, टैंकरों से जल वितरण ही नही पानी बिल जमा करने के नाम पर भी घोटाले किये हैं।*

# दोस्त की गला रेतकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● 1500 रुपये का कर्ज नहीं चुका पाने पर दिया वारदात को अंजाम

दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के कुसुमपुर पहाड़ी इलाके में 1,500 रुपए का कर्ज नहीं चुका पाने पर युवक की मंगलवार को उसके दोस्त ने कथित तौर पर शराब पीने के दौरान गला रेतकर हत्या कर दी।

आरोपी की पहचान संजय के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वसंत विहार थाने में सुबह 5.42 बजे सूचना मिली जिसमें फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि उसके भाई की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अश्विनी का शरीर खून से लथपथ पड़ा हुआ था और उसका गला किसी नुकीली चीज से रेता गया था। अधिकारी ने कहा, अपराध जांच दस्ते और फॉरेंसिक विज्ञान दस्ते को मौके पर बुलाया गया। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। धारा 302 (हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। जांच के दौरान उसी क्षेत्र के संजय नामक व्यक्ति पर शक गया जिसे पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान, संजय ने हत्या करने की बात कबूल कर ली।

मृतक की पहचान अश्विनी के रूप में हुई है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि अश्विनी और उसने पार्किंग में शराब पी थी। रात लगभग 1.30 बजे, उसने अश्विनी से अपने 1,500 रुपए मांगे थे। पुलिस ने बताया कि अश्विनी के पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने बोतल तोड़कर उसका गला रेत दिया। बाद में, उसने अश्विनी का मोबाइल फोन कूड़ेदान के पास छिपा दिया और घर लौट आया। अधिकारी ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# चाकू मारकर युवक की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति ने 30 वर्षीय व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को हुई। पुलिस नियंत्रक को फोन से सूचना प्राप्त होने के बाद एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगोलपुरी के रहने वाले पीड़ित मोनू को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मोनू जूते बनाने की फैक्टरी में काम करता था।

# संजय सिंह को संसद जाने की फिर मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए संसद जाने की मंगलवार को नए सिरे से अनुमति दे दी।

विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सिंह को 8 या 9 फरवरी को पुलिस हिरासत में संसद जाने की अनुमति दी। न्यायाधीश ने यह आदेश सिंह द्वारा दायर एक आवेदन पर दिया, जिसमें उन्हें राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए जाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

# करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल शिक्षा को प्राथमिकता देने में हो: केजरीवाल

● डॉ. बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस ए 6 के नवनिर्मित भवन शिक्षा को समर्पित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार करदाताओं के पैसे का इस्तेमाल शिक्षा को प्राथमिकता देने के लिए कर रही है और छात्रों को देश को गौरवान्वित करना चाहिए।

केजरीवाल ने पश्चिम विहार में एक सरकारी स्कूल के भवन के उद्घाटन के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, जब हम (आम आदमी पार्टी) सत्ता में आए थे तो हमने शिक्षा के लिए बजट दोगुना कर दिया लेकिन दिल्लीवासियों के समर्थन के बिना इन सभी स्कूलों का निर्माण संभव नहीं था। यह करदाताओं का पैसा है जिसने हमें मुफ्त शिक्षा प्रदान करने में मदद की है। उन्होंने छात्रों से कहा, जब आप बड़े हो जाएं और जीवन में कुछ हासिल करें, तो याद रखें कि देश ने आपकी शिक्षा के लिए भुगतान किया है। स्कूल भवन के उद्घाटन के बाद सीएम केजरीवाल ने कहा कि स्कूल को देखकर मेरे मुंह से निकला कि 'अरे वाह! क्या शानदार स्कूल बना है।

सीएम ने पश्चिम विहार में डॉ. बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस ए6 के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। सरकारी स्कूल आस-पास के क्षेत्रों में लगभग 1,200 छात्रों को शिक्षा प्रदान करेगा और इसमें अत्याधुनिक खेल परिसर, गतिविधि कक्ष, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों जैसी सुविधाएं होंगी। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि मैंने खुद दिल्ली के एक नामी स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की है। लेकिन मैं आज यह दावा कर सकती हूं कि मेरे प्राइवेट स्कूल की बिल्डिंग किसी भी तरह से आरपीवीवी ए-3 पश्चिम विहार की बिल्डिंग को टक्कर नहीं दे सकती है।

### स्कूल में सुविधा

*इस स्कूल में 54 क्लास रूम, दो लाइब्रेरी, 13 लैब, 18 एक्टीविटी रूम, लिफ्ट और एक मल्टी पर्पज हॉल है। इस स्कूल में 1200 बच्चे ले सकेंगे एडमिशन। सीएम केजरीवाल ने कहा कि मैं चैलेंज कर सकता हूं कि दिल्ली के नामी स्कूलों में भी इतनी शानदार सुविधाएं नहीं हैं, जितनी आज इस सरकारी स्कूल के अंदर है।*

# विदेश जाने वाले छात्रों की एआईसीटीई करेगा सहायता

● तकनीकी सहायता के लिए लांच की गई योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने तकनीकी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की सहायता के लिए 'सपोर्ट टू स्टूडेंट्स फॉर पार्टीसिपेटिंग इन कंपिटीशन अब्रोड (एआईसीटीई- एसएसपीसीए) योजना लांच की। इसका उद्देश्य भारतीय छात्रों के बीच वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।

एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीतारम ने योजना को लांच करते हुये कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया तेजी से आपस में कनेक्ट हो रही है, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों को कौशल वृद्धि, ज्ञान के आदान-प्रदान और सांस्कृतिक संवर्धन के अमूल्य अवसर मिलेंगे। ऐसे अनुभवों के महत्व को ध्यान में रखते हुये एआईसीटीई छात्रों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह योजना प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के इच्छुक छात्रों को व्यापक सहायता प्रदान करेगी। इसमें वित्तीय सहायता, परामर्श और तार्किक मार्गदर्शन शामिल है। इस योजना के माध्यम से छात्रों को दुनिया भर के लोगों, इंडस्ट्री लीडर्स और शिक्षाविदों के साथ नेटवर्क बनाने का अवसर मिलेगा जिससे अंतर-सांस्कृतिक समझ और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के तहत प्रति छात्र प्रतिपूर्ति के आधार पर 2 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें अंतर्राष्ट्रीय यात्रा, घरेलू यात्रा, पंजीकरण शुल्क, वीज़ा आवेदन शुल्क, लॉजिंग और बोर्डिंग, एयरपोर्ट टैक्स, ट्रैवल हैल्थ इंश्योरेंस और प्रतियोगिता से संबंधित उपकरण लेने पर आने वाली लागत शामिल है। योजना के तहत एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान में डिप्लोमा, बी.ई/बी.टेक, इंटीग्रेटेड एम.टेक, एम.ई/एम.टेक, एमबीए, एमसीए और होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के एक छात्र या छात्रों की टीम (एक टीम में न्यूनतम 2 और अधिकतम 6 प्रतिभागी) पात्र हैं। योजना का लाभ एसएसपीसीए द्वारा प्रस्तावित श्रेणियों के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिया जाएगा।



● प्रति छात्र 2 लाख रुपये तक का वित्तीय अनुदान प्रदान किया जाएगा

### दिल्ली जल बोर्ड ऑडिट में तेजी लाए कैग : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को दिल्ली जल बोर्ड के 2018 से 2021 तक के खातों का तेजी से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें डीजेबी के खातों का ऑडिट करने के लिए कैग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि डीजेबी का वित्तीय ऑडिट कथित तौर पर पिछले कई वर्षों से नहीं किया गया है। कैग के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें डीजेबी से 2018-19 से 2020-21 के लिए वार्षिक खातों का विवरण प्राप्त हुआ है और वे खातों के ऑडिट की प्रक्रिया में हैं। पीठ ने कहा, कैग को कानून के अनुसार खातों का यथाशीघ्र ऑडिट करने का निर्देश देते हुए रिट याचिका का निपटारा किया जाता है।

# कमलनाथ के खिलाफ रिपोर्ट दाखिल करने को दिया समय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सिख दंगों के मामलों हाई कोर्ट ने विशेष जांच दल को दी मोहलत

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित मामले में कथित संलिप्तता के लिए कांग्रेस नेता कमलनाथ के खिलाफ कार्रवाई के अनुरोध से जुड़ी याचिका पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए विशेष जांच दल को मंगलवार को समय प्रदान किया और मामले को 23 अप्रैल को अगली सुनवाई के लिए सूचीबबद्ध किया।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को सूचित किया गया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित एसआईटी ने अब तक भाजपा के मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा दायर याचिका पर अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। उच्च न्यायालय ने 27 जनवरी 2022 को एसआईटी से याचिका पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। एसआईटी के वकील ने रिकॉर्ड पता लगाने का हवाला देते हुए अदालत से रिपोर्ट दाखिल करने के लिए और समय मांगा। मामला दिल्ली में दंगाई भीड़ के गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब पर धावा बोलने से जुड़ा है। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने अपने खिलाफ आरोपों से इनकार किया है। सिरसा ने दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में कमलनाथ के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है।

# फर्रुखनगर के मरीजों को एक्स-रे के लिए नहीं जाना होगा अस्पताल से बाहर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने एक्स-रे सुविधा का शुभारंभ किया

**फर्रूखनगर** के नागरिक अस्पताल में अब मरीजों को एक्स-रे की सुविधा नियमित रूप से मिलेगी। मंगलवार को सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने अस्पताल में एक्स-रे विभाग एवं नई मशीन की विधिवत शुरूआत की।

इस अवसर पर सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि फर्रुखनगर में आने वाले रोगियों को एक्स-रे टेस्ट के लिए अब कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सामान्य अस्पताल में यह सेवा आज से शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि जिला के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलें। इसके लिए सरकारी अस्पतालों के नए भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं मुहैया करवाई जा रही हैं।

गुरुग्राम के फर्रूखनगर स्थित एक्स-रे सुविधा का शुभारंभ करते सीएमओ डा. विरेंद्र यादव।

उन्होंने बताया कि फर्रुखनगर अस्पताल में एक्स-रे के बाद और भी सेवाएं यहां शुरू करवाई जाएंगी। गुरूग्राम, पटौदी, सोहना और गुरुग्राम सेक्टर-31 में स्थित पॉली-क्लीनिक में एक्स-रे सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। गुरुग्राम के हर ब्लॉक में एक्स रे की सुविधा आमजन को उपलब्ध करवाई गई है। जिससे कि मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में यह टेस्ट करवाने के लिए ना जाना पड़े। सीएमओ ने बताया कि फर्रुखनगर अस्पताल में गंभीर मरीजों के तत्काल उपचार के लिए आपातकालीन सेवा और गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसूति सुविधा उपलब्ध रहती है। महीने में हर दूसरे शुक्रवार को यहां दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कैंप लगाया जाता है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों के चिकित्सा विशेषज्ञ फरुखनगर में सेवा देने के लिए बुलाए जाते हैं। इस अवसर पर सीएमओ ने गांव जोनियावास की कमला देवी की एक्स-रे रिपोर्ट सौंप कर इस मशीन का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णा मलिक, डॉ. अनुज गर्ग, डा. रणविजय यादव, डा. राजेश, डा. कनिका, रेडियोग्राफर धीरज, अजय कुमार, परवीन, मनीष आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दिए ने द्वारका एक्सप्रेसवे खोलने के निर्देश

## हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक एलिवेटेड रोड व खेड़की दौला टोल शिफ्ट करने को लेकर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मंगलवार** को केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बैठक कर गुरुग्राम हिस्से के द्वारका एक्सप्रेसवे को खोलने की मांग की। नितिन गडकरी ने इस पर सहमति जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की गुरुग्राम हिस्से में बने द्वारका एक्सप्रेसवे कोई यातायात के लिए खोल दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जल्द ही एक्सप्रेस वे का दौरा कर इसे यातायात के लिए खोल दें।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक करते केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ड्डक्षसह ने नितिन गडकरी के समक्ष कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे के गुरुग्राम हिस्से का कार्य पूरा हो चुका है। राव ने गडकरी से मुलाकात के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर चर्चा की ओर देरी से चल रही योजनाओं को जल्द से पूरा करने की मांग की। केंद्रीय मंत्री ने गडकरी से गुरुग्राम के हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक एलिवेटेड रोड बनाने की चर्चा करते हुए कहा कि 2017 के नोटिफिकेशन के अनुसार हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक एनएचएआई का भाग था। उसके बावजूद अधिकारियों ने इसको एलिवेटेड बनाने के स्थान पर डी स्कोप कर दिया।

राव ने गडकरी को 2017 का नोटिफिकेशन दिखाया गया जिसमें इस रोड को एनएचएआई का भाग माना गया है। गडकरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस रोड को पुराने नोटिफिकेशन के अनुसार एनएच का पार्ट माना जाए और इसे एलिवेटेड बनाने की योजना तैयार की जाए। बैठक में मौजूद जीएमडीए के अधिकारियों ने कहा कि हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक भूमि अधिग्रहण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अतिक्रमण भी तेजी से हटाया जा रहा है। जीएमडीए के अधिकारियों ने गडकरी को बताया कि यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से ही किया जाता है जबकि राशि जीएमडीए की ओर से जमा कर दी जाएगी।

**जल्द हटाया जाएगा खेड़कीदौला टोल** : खेड़की दौला टोल प्लाजा को हटाने की चर्चा करते हुए राव ने गडकरी से कहा कि टोल के लिए समय अवधि पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी टोल शिफ्ट करने के लिए दूसरी जगह देने को तैयार है इसलिए टोल को जल्द से जल्द शिफ्ट किया जाए। गडकरी ने बताया कि टोल वसूली के लिए नई योजना तैयार की गई है। जल्द ही टोल प्लाजा को हटा दिया जाएगा।

## ग्वाल पहाड़ी में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का डीसी ने किया उद्घाटन

**गुरुग्राम।** मंगलवार को गांव ग्वाल पहाड़ी में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने किया। डीसी ने इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत फरवरी माह में जन्मी बच्चियों के साथ केक काटकर उन्हें अपना आशीर्वाद भी दिया। आंगनबाड़ी केंद्र का नवनिर्मित भवन नगर निगम गुरुग्राम द्वारा तैयार किया गया है। जिस पर करीब 20 लाख रुपये की लागत आई है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि जिला में बच्चों का भविष्य संवारने और उसे कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर्स को कई तरह के प्रशिक्षण दिए गए है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स के हाथों ही बच्चों का भविष्य है। इसे सजाना व संवारना उनका नैतिक कर्तव्य है। डीसी निशांत कुमार यादव ने इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के दौरान बच्चों की देखभाल सही ढंग से करने, बच्चों के बीच मीनू के अनुसार भोजन देने, कुपोषित बच्चे व बच्चियां, गर्भवती माताओं के बीच बाल विकास परियोजना के नियमानुसार पोषाहार का वितरण, नियमों का पालन करने के निर्देश भी दिए। डीसी ने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि हरियाणा के आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही सुविधाओं के चलते इनकी देश में एक विशेष पहचान है। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वच्छ रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार का काम है लेकिन उन सुविधाओं का रखरखाव संबंधित क्षेत्र के निवासियों को ही करना होगा। डीसी ने कहा कि सभी गर्भवती व 18 से 40 उम्र की महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों में निरन्तर आना जारी रखें, ताकि उनके स्वास्थ्य की निरन्तर मोनिटरिंग की जा सके। डीसी ने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि वे गांव में 6 वर्ष तक के उम्र के प्रत्येक बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में जरूर भेंजे।

## संक्षिप्त समाचार

### के.आर. मंगलम वर्ल्ड स्कूल में विंटर कार्निवल का आयोजन

**गुरुग्राम।** केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल बहादुरगढ़ में विंटर कार्निवल का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय था सतत विकास लक्ष्य (Sustainable development goals) की प्राप्ति। सतत विकास लक्ष्य भारत के साथ-साथ संपूर्ण विश्व के लिए कितने आवश्यक हैं यह छात्रों ने मॉडल, चित्रकला आदि के द्वारा प्रस्तुत किया तथा कार्निवल में आए आम लोगों को इसकी महत्तवपूर्णता के बारे में जानकारी दी। कार्निवल के दिन विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जैसे -गीत- संगीत, नृत्य, रैंप वॉक, आदि। लोगों के मनोरंजन के लिए जादू के खेल, झूलों और स्वादिष्ट व्यंजनों का भी प्रबंध किया गया। इस कार्निवल के माध्यम से विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अर्पिता आचार्या ने कहा कि यह कोई मेला नहीं बल्कि विद्यालय की ओर से लोगों को सतत विकास लक्ष्य के प्रति जागरूक करने का एक प्रयास है।

### दायित्व निभाने में अभिभावक व शिक्षक पीछे न रहे : बीईओ

**सोहना।** खंड शिक्षा अधिकारी सुमिता रांगी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के प्रति अपना दायित्व निभाने में अभिभावक व शिक्षक पीछे न रहे। दिव्यांगजन हो अपने जीवन का अनुभव और उनकी मानसिकता को समझते हुए अभिलाषाओं को पूरा करने का प्रयास करे। स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चल रहा दो दिवसीय समावेशी शिविर को मंगलवार को समापन हो गया। शिविर के आखिरी दिन मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुमिता रांगी ने शिविर में आए दिव्यांग बच्चों के संग अभिभावक व शिक्षकों का प्रोत्साहन बढ़ाने का काम किया। उन्होने अभिभावकों का मनोबल बढ़ाते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली सभी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। बीईओ ने कहा कि सरकार की योजनाएं इतनी है कि दिव्यांग बच्चों के उपचार, खेलकूद, आर्थिक मदद के साथ-साथ उन्हे समय-समय पर सामान्य बच्चों की भांति अन्य योजनाएं बनाकर लाभ देने का काम कर रही है। ताकि अभिभावक अपने दिव्यांग बच्चें को सामान्य बच्चों की भांति लाड़, प्यार और दुलार करने के साथ मन में कभी भारीपन न लाए। खंड शिक्षा अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने वाले शिक्षकों के कार्य को सहराया और उन्हे अपना कर्तव्य को निस्वार्थ भावना से फर्ज पूरा करे। शिक्षक सामान्य बच्चों की भांति दिव्यांग विद्यार्थी से भी एक जैसा व्यवहार करे। क्योकि शिक्षक ही है जो विद्यार्थी के लिए माता-पिता से बढ़कर प्यार, दुलार और उन्हे ज्ञायानवान बनाता है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जाने वाली सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक दिव्यांग विद्यार्थी को मिलना चाहिए।

### शहर में गंदे पानी की नालियां व गटरों के ढक्कन चोरी की वारदातें

**सोहना।** शहर में गंदे पानी की नालियों से लेकर आम रास्तों में लगे लोहे के जाल चोरी की वारदातों तेजी से बढ़ रही है। प्रत्येक रात में 3 से 4 लोहे के जाल व सीवर के गटरों पर लगे लोहे के ढ़क्कर चोरी हो रहे है। नगर परिषद द्वारा प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को लेकर मरम्मत के काम किए जा रहे है। ऐसे में शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में बनी घरेलू व बरसाती पानी की निकासी के लिए नालियां पर लोहे के जाल भारी मात्रा में रखवाएं गए है और रखवाने का कार्य जारी है। प्रत्येक वार्ड में नालियों पर लोहे के जाल लाखों रुपये खर्च हो रहे है। लेकिन पिछले करीब एक माह से नालियों पर लगे लोहे के जालों को चोरी करने का गिरोह सक्रीय है। इसके अलावा सीवर के गटरों पर रखे लोहे के ढ़क्कन भी चोरी हो रहे है। शहरवासी सतपाल का कहना है कि रात 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच में नालियों पर लगे लोहे के जाल चोरी हो रहे है। वार्ड-15 निवासी बाबूराम का कहना है कि भूड़पाड़ा में बीती रात में जाल चोरी हो गया। बीती रात ही फव्वारा चौक से पुरानी सब्जी मंडी को जाने वाले रास्ते में नाली पर लगा जाल सुबह 4 बजे चोरी हो गया। राजबीर सिंह शहर चोकी प्रभारी ने बताया कि नलियों से लोहे के जाल चोरी होने की उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। पुलिस और चोकीदार रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक गश्त कर हो रही है।

सोहना में गंदे पानी की नालियों से हुआ लोहे के जाल चोरी।

## रेडक्रॉस सोसायटी परिसर में दिव्यांगों को दिए गए कृत्रिम उपकरण

दिव्यांगों को उपकरण भेंट करते एडीसी हितेश कुमार मीणा।

### जिला उपायुक्त हितेश कुमार मीणा ने की रेड क्रॉस के कार्यों, प्रबंधन की सराहना

**गुरुग्राम।** जिला रेड क्रॉस सोसायटी परिसर में मंगलवार को आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) की ओर से सीएसआर योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। आरईसीपीडीसीएल के विभागाध्यक्ष सीएसआर केके पाण्डेय विशिष्ट अतिथि रहे।

हरियाणा राज्य शाखा रेड क्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ की कोषाध्यक्ष सुषमा शर्मा ने अध्यक्षता की। अपने संबोधन में अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा ने कहा कि हमें नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय को मानते हुए समाज में हर उस व्यक्ति की सेवा और मदद करनी चाहिए, जो लाचार है। आर्थिक रूप से कमजोर है। हरियाणा राज्य शाखा रेड क्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ की कोषाध्यक्ष सुषमा शर्मा ने कहा कि दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण प्रदान करने के लिए जिला उपायुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त के मार्गदर्शन में जिला रेड क्रॉस सोसायटी कार्य करती है। आरईसीपीडीसीएल के विभागाध्यक्ष सीएसआर केके पांडेय ने कहा कि उनकी कंपनी अपने सीएसआर कोटे से जरूरतमंदों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में सदा अग्रणी रहती है। जिला रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत और आभार जताया।

## एचएसबीसी म्यूचल फंड ने नई फंड पेशकश ( एनएफओ ) एचएसबीसी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड ( एचएमएएएफ ) पेश की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एचएसबीसी** म्यूचल फंड ने एचएसबीसी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एचएमएएएफ) के लॉन्च की घोषणा की। यह इक्विटी और इक्विटी से संबंधित इंस्ट्रुमेंट्स, डेब्ट एवं मनी मार्केट सिक्योरिटीज तथा गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने के लिए एक ओपन-एंडेड योजना है। इस फंड का उद्देश्य दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि प्रदान करना, अस्थिरता कम करने में मदद करना और विविधीकरण लेकर आना है। यह नई फंड पेशकश (एनएफओ) 8 फरवरी 2024 को खुलेगी और 22 फरवरी 2024 को बंद होगी। इसके बाद 1 मार्च 2024 को यह फिर से खुलेगी।

एचएमएएएफ सबसे ज्यादा लाभ के लिए विभिन्न एसेट्स में निवेश की नीति पर काम करेगा। इस फंड में फ्लेक्सीकैप दृष्टिकोण का पालन किया जाएगा और मौजूदा मूल्यांकन सुविधा के आधार पर विभिन्न मार्केट कैप्स में निवेश किया जाएगा। निवेश की प्रक्रिया में अनेक तत्वों, जैसे व्यवसाय की गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धी लाभ, कॉर्पोरेट प्रशासन का ट्रैक रिकॉर्ड, सस्टेनेबिलिटी की विधियों, वित्तीय शक्ति, रिस्क-रिवार्ड मूल्यांकन, आय के मुख्य ड्राइवर्स आदि पर विचार किया जाएगा। इस फंड का प्रबंधन चीनू गुप्ता, एसवीपी फंड मैनेजमेंट इक्विटीज (घरेलू इक्विटी के लिए), दीपन पारिख, वीपी डीलिंग इक्विटीज (गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ के लिए), महेश छाबड़िया, वीपी, फंड मैनेजमेंट फिक्स्ड इनकम (फिक्स्ड इनकम के लिए) और सोनल गुप्ता, हेड रिसर्च इक्विटीज (विदेशी सिक्योरिटीज के लिए) द्वारा किया जाएगा। मल्टी एसेट एलोकेशन फंड द्वारा ग्राहक एसेट रिबैलेंसिंग के साथ विविधीकरण भी कर सकेंगे। वो निवेश का एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए आवंटन को रिबैलेंस कर समय पर एडजस्टमेंट कर सकेंगे। इस सक्रिय दृष्टिकोण से उन निवेशकों को मदद मिलेगी जो अपने एसेट में वृद्धि करते हुए मौजूदा वित्तीय परिदृश्य में एक विस्तृत और गतिशील निवेश रणनीति की तलाश कर रहे हैं। मल्टी एसेट एलोकेशन फंड में कैलेंडर वर्ष 2023 में हाइब्रिड श्रेणी के अंतर्गत 22,415 करोड़ रुपये का उद्योग में दूसरा सबसे बड़ा इन-फ्लो दर्ज हुआ।

इस लॉन्च के बारे में **एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, कैलाश कुलकर्णी** ने कहा, ''भारत में अनेक तत्व विकास की कहानी लिख रहे हैं, जिनमें बढ़ती घरेलू खपत, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार, विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान, डेब्ट बाजारों में सुधार, विदेशी निवेश, मजबूत सरकारी सुधार आदि शामिल हैं। इन तत्वों और बाजार की अस्थिरता को देखते हुए एक मल्टी एसेट एलोकेशन रणनीति की जरूरत है, ताकि विभिन्न एसेट वर्ग भिन्न-भिन्न आर्थिक स्थितियों के आधार पर अलग-अलग प्रदर्शन कर सकें। एसेट के प्रभावशाली आवंटन के साथ, एचएसबीसी मल्टी एसेट एलोकेशन फंड का उद्देश्य जोखिम को बाँटना और प्रदर्शन में सुधार लाकर लंबे समय में रिस्क एडजस्टेड वृद्धि प्रदान करना है।'' **वेणुगोपाल मंघट, सीआईओ-इक्विटी, एचएसबीसी एसेट मैनेजमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने कहा,** ''पूँजी संवर्धन के लिए इक्विटी में निवेश, स्थिरता प्रदान करने वाली नियत आय और लचीलेपन के लिए सोने/चांदी में निवेश की मदद से मल्टी एसेट एलोकेशन अस्थिरता का मुकाबला करने और लंबे समय में अनुकूलित रिटर्न प्राप्त करने के लिए एक विवेकपूर्ण समाधान है।

## युवती पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को 7 साल की कैद

**गुरुग्राम।** युवती पर चाकू से हमला कर घायल करने व हत्या के प्रयास के मामले की यहां अदालत में अहम निर्माण आया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 7 साल की कैद व एक लाख 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। बता दें कि यहां एमजी रोड पर सिकंदरपुर घोसी क्षेत्र की युवती आरती ने सेक्टर 17/18 थाना पुलिस को 19 अप्रैल 2019 को बयान दर्ज कराए थे।

वह क्षेत्र की एक निजी कंपनी में काम करती है। जब वह ड्यूटी खत्म कर देर शाम कंपनी के बाहर आई तो एक युवक ने उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। उसके सहयोगी दीक्षित हसीजा ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उसको भी चोट लगी। युवक की पहचान ग्राम झाड़सा के प्रीतम के रुप में हुई थी। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत में मामले की सुनवाई चली। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए।

# फैशन नेक्स्ट की शुरुआत गुरुग्राम में

## फैशन आइकन सोनम कपूर ने फैशन डिजाइनर रिमज़िम दादू के लिए वॉक किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वैश्विक** फैशन और गलाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स के आधार पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर हैं, हॉलिडे वियर में लक्जरी फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक।

अपने शोकेस में इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिजाइनर रिमजिम दादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इस कलेक्शन की पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें हैं। स्कल्प्टेड मैटेलिक कॉर्ड्स और मेश को फ्यूचरिस्टिक फैब्रिक में ट्रांसफॉर्म किया गया हैं, जो उनके कल के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है। डिजाइन के भीतर कॉर्डेड फ्रिंज, स्पेस लाइन्स और वेव्स इंटरगैलेक्टिक स्पेक्स और स्टारडस्ट के विजुअल स्तोत्र की तरह हैं। ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट का पहला संस्करण 2 फरवरी, 2024 को हॉराइजन प्लाजा, गुरुग्राम में सितारों से भरी शाम के साथ आयोजित किया गया। प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर रिमजिम दादू ने युवा दिल की आजादी को अपनाने की ओर समर्पित चयनशील कैप्सूल कलेक्शन को प्रदर्शित करते हुए, बाहरी दुनिया और आंतरिक बाधाओं दोनों से मुक्ति की भावना का जश्न मनाया। शोस्टॉपर के रूप में शो का समापन करने वाली कोई और नहीं बल्कि सोनम कपूर थीं, जिन्होंने अपने करिश्माई व्यक्तित्व से इस शाम की शोभा को बढ़ाया।

इस शो के बारे में बात करते हुए, फैशन डिजाइनर रिमजिम दादू ने कहा, गब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट के साथ सहयोग ने मुझे कल के फैशन के बारे में अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने की सहूलियत दी है, जिसमें ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक स्टाइल के सार को जोड़ा गया है। पारंपरिक रूप से, मैं विस्तृत ड्रेप्स और टेक्सटाइल एक्सप्लोरेशन पर ध्यान देते हुए, जटिल और पेचीदा सिल्हूट के साथ काम करती हूं। हालांकि, इस कलेक्शन के साथ, मैंने स्टाइल और पहनने में आसान दृष्टिकोण पर जोर देते हुए प्रेट के लिए अपनी सिग्नेचर तकनीकों का उपयोग किया है।

शोस्टॉपर सोनम कपूर ने कहा, गमेरे लिए फैशन मेरी पर्सनल स्टाइल का विस्तार है। मुझे ऐसी स्टाइल पसंद हैं जो अपनाने योग्य होने के साथ ही आरामदायक हों। इसी कारण से मुझे रिमजिम दादू का फैशन पहनना और उनमें वॉक करना पसंद है; उनके डिजाइन अपने समय से बहुत आगे के हैं। जिस तरह से रिमजिम टेक्सटाइल और सिल्हूट्स को इंटरप्रेट करती हैं, वह अविश्वसनीय है।

## परिषद के गांवों में संपत्तिकर नोटिसों का कड़ा विरोध, सर्वे करने में तुर्टियां होने का आरोप

**सोहना।** नगर परिषद के ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले वार्ड पार्षद संपत्ति कर के विरोध में एकजुट होने लगे है। ग्रामीण क्षेत्र के पार्षद कृषि जमीन पर लगाया गया संपत्ति कर को पूरी तरह से माफ करने की मांग कर रहे है। संपत्ति केवल 2023-24 का ही वसूलने जाने की मांग कर रहे है।

नगर परिषद में शामिल 13 गांवों में कृषि योग जमीन का संपत्ति कर वसूलने के नोटिस जाने से किसानों में हडकंप मच गया है। परिषद के ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड नंबर एक से लेकर 2, 3, 4, 6, 7, 9, 10, 11 और 21 में में रहने वाले ग्रामीणों के पास कृषि योग जमीन है। ग्रामीण वार्डों में रहने वाला किसान फसल की पैदावार करके अपना और परिवार का पालन पोषण कर रहा है। वार्ड-3 से पार्षद मनोज अवाना का कहना है कि किसानों के पास अधिक जमीन नही है। 10 या इससे अधिक एकड़ जमीन वाले किसानों की गितनी बहुत ही कम रह गई है। किसानों को कृषि करने में भी अधिक कमाई नहीं हो रही है। बैंकों से ऋण लेकर खेती करने को मजबूर है। किसान बैंकों से लिया जाने वाल ऋण

की किस्त तो समय पर नही भर पा रहा है। संपत्ति कर को जमा करने के लिए पैसा कहा से लेकर आएंगे।

**सर्वे में भारी कमियां** : नगर परिषद सीमा क्षेत्र में रहने वाले किसान परिषद द्वारा कराई गई संपत्ति कर सर्वे में भारी कमियां करने का आरोप लगा रहे है। किसान मांगेराम का कहना है कि रिहायशी क्षेत्र को कृषि और कृषि क्षेत्र की जमीन को रिहायशी में दर्शाया हुआ है। उन्होने बताया कि सर्वे को फिर से कराया जाए। उसके बाद किसानों को 2023-24 के संपत्ति कर के नोटिस दिए जाए।

**पहले चरण में नहीं हुए विकास कार्य** : ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड पार्षद का आरोप है कि नगर परिषद का प्रथम चरण 2016 से 2022 तक गांवों में विकास कार्य नही किए गए थे। जबकि गांवों की तमाम जमीन को परिषद ने अपने कब्जे में ले लिया था।

# विस्तार की रणनीति पर बढ़ रहा आर्टेमिस, सालाना आधार पर 12.5 प्रतिशत बढ़ा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में कर पश्चात लाभ 11.6 करोड़ और ग्रॉस रेवेन्यू 228.7 करोड़ रुपये रहा

**आर्टेमिस** मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड (आर्टेमिस) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) सालाना आधार पर 12.5 प्रतिशत बढ़कर 11.6 करोड़ रुपये रहा। बीती तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड ग्रॉस रेवेन्यू भी पिछले साल की तुलना में 15.5 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का कंसोलिडेटेड ग्रॉस रेवेन्यू (समेकित सकल राजस्व) 228.7 करोड़ रुपये रहा। कंपनी दिल्ली-एनसीआर में कुल 713 बेड का संचालन करती है। इनमें से 541 बेड क्वाटर्नरी केयर के हैं। गुरुग्राम में एक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के अलावा कंपनी आर्टेमिस लाइट और डेफोडिल्स ब्रांड के अंतर्गत 5 अस्पतालों का संचालन करती है। इसके अतिरिक्त फिलिप्स के साथ जॉइंट वेंचर के रूप में आर्टेमिस कार्डियक केयर ब्रांड के तहत 8 केंद्रों का संचालन करती है।

कंपनी की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, बीती तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में कंपनी का शुद्ध परिचालन राजस्व (नेट रेवेन्यू फ्रॉम ऑपरेशंस) 218.8 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन तिमाही के 187.5 करोड़ रुपये की तुलना में इसमें 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कंपनी का एबिटडा 26.8 करोड़ से 28.3 प्रतिशत बढ़कर 34.4 करोड़ रुपये हो गया। एबिटडा मार्जिन 15.7 प्रतिशत रहा। कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 22.8 प्रतिशत बढ़कर 16.3 करोड़ रुपये रहा। 31 दिसंबर, 2023 तक कंपनी पर शुद्ध कर्ज 216.7 करोड़ रुपये था। आर्टेमिस हॉस्पिटल गुरुग्राम का शुद्ध परिचालन राजस्व 15.9 प्रतिशत बढ़कर 201.9 करोड़ रुपये रहा। बेड कैपेसिटी यूटिलाइजेशन (नए टॉवर समेत) 65 प्रतिशत रहा। विदेशी मरीजों से आने वाला राजस्व 50.2 करोड़ रुपये से बढ़कर 58.1 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शुद्ध राजस्व में 28.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी विदेशी मरीजों की रही। पेशेंट फुटफाल 2.9 प्रतिशत बढ़कर 87,885 रहा। कुल 3,314 सर्जरी की गईं। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में कंपनी का शुद्ध राजस्व पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन अवधि के 542.1 करोड़ रुपये से बढ़कर 653.3 करोड़ रुपये रहा।

तिमाही नतीजों को लेकर आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा, 'हमें बीती तिमाही के नतीजे जारी करते हुए प्रसन्नता हो रही है। नतीजों ने एक बार फिर आर्टेमिस ब्रांड की मजबूत होती छवि को दिखाया है। त्योहारों के कारण अपेक्षाकृत कमजोर तिमाही होने के बावजूद नतीजों के हिसाब से यह सबसे अच्छी तिमाहियों में से है। अपने दूसरे टॉवर के प्रयोग ने नतीजों को बेहतर करने में हमारी मदद की है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि तीसरे टॉवर का निर्माण कार्य भी तय योजना के अनुरूप ही बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के शुरूआत में परिचालन में आने के बाद से यह टावर हमारे प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि का कारक बनेगा।

# जीवा पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस का आयोजन हुआ

## छात्रों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोहा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में विद्यालय का 30वां स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रत्येक कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ.साथ शिक्षाप्रद संदेश का समावेश रहा। कार्यक्रम में कलाए संस्कृति, संगीत, शिक्षा और मनोरंजन का अद्भुत सामंजस्य दिखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बैंड ग्रुप ने बड़े ही सुंदर ढंग से विद्यालय के सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया।

अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित किया एवं उनके साथ उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, जीवा आयुर्वेद संस्थान के डायरेक्टर डॉ. प्रताप चौहान, विद्यालय की एकेडमिक एंड एक्सीलेंस हेड मुक्ता सचदेव, निदेशक एवं एल्युमिनाई ऑफ जीवा पब्लिक स्कूल मधुसूदन चौहान, मीनाक्षी सिंह, नीरजा चौहान, काजल चौहान एवं संयोजिकाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर हेड ऑफ स्पेशल प्रोग्राम एंड ट्रेनिंग जयवीर सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि जीवा शिक्षण संस्थान में छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने विद्यालय के सभी विशेषताओं एसओई, दिनचर्या के नियम, स्वाध्याय, मल्टीपल इंटेलीजेंस व नेचर, आयूर स्कूल, नो बैल स्कूल के विषय में विस्तार से बताया।

29वें वर्ष की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया। छात्रों ने विद्यालय के प्रारंभ से लेकर अभी तक की सारी उपलब्धियों को बहुत सुंदर गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। छात्रों ने एक सुंदर लघु नाटिका का भी मंचन किया।

कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के सभी होनहार छात्रों को बेस्ट स्टुडेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष जीवा स्कूल की एक विशेष उपलब्धि यह भी रही कि विद्यालय के 15 होनहार छात्रों ने गोवा में आयोजित रोबोटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भी अपना शानदार प्रदर्शन किया। अंत में छात्रों ने श्री कृष्ण लीला पर आधारित नृत्य एक मनमोहक प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने कहा कि जीवा स्कूल की स्थापना का उद्देश्य समाज और देश को एक नई दिशा देना एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। छात्र जीवा के पद्धतियों को अपनाए और एक स्वस्थ, संपन्न व शांतिप्रिय समाज के निर्माण करने का प्रयास करें। उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एवं एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने भी सभी को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं।

# करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी आम आदमी पार्टी : चंद्रशेखर रावत

## बोले, बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने को मजबूर हरियाणा के युवा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। इस दौरान उनके साथ ज्वाइंट सेक्रेटरी दीपक सोरौत, स्टेट ज्वाइंट सेक्रेटरी एससी विंग, त्रिलोक तंवर, कुंवर राजेश, राजबीर जाखर, नरेश सरलागढ़, पार्थ रावत मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज प्रदेश का हर युवा सड़कों पर है और बेरोजगारी के कारण त्रस्त है। बेरोजगारी के कारण युवा नशे और डिप्रेशन का शिकार हो रहा है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। स्थिति इतनी भयावह है कि हर घर में मां बाप भी परेशान है, क्योंकि उनके घर का चिराग बेरोजगारी के कारण नशे, अपराध की तरफ चल पड़ा है और आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगा है। रोजगार न मिलने से युवा अवैध तरीके से विदेश को पलायन करने को मजबूर हैं। जहां पर युवा अपनी जान तक गवां रहे हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश के युवाओं के साथ सात फरवरी को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी और युवाओं के रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में दो लाख से ज्यादा स्वीकृत पद खाली पड़े हैं, जिनपर हरियाणा सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 71,000 पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं। प्रारंभिक शिक्षा विभाग में 42,000 और माध्यमिक शिक्षा विभाग में 29,000 पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग में 21500, परिवहन विभाग में 9339, पशुपालन विभाग में 5738, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग में 5073, अग्निशमन विभाग में 3320 और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान में 2867 पद रिक्त पड़े हैं। लेकिन भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को भर्ती नहीं कर रही है। यदि सरकार इन पदों को भरे तो समस्या हल हो सकती है।

परंतु खट्टर सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है, केवल भ्रष्टचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि एचपीएससी पेपर लेता नहीं और लेता है तो पेपर लीक हो जाता है। इसके बाद मामला कोर्ट में चला जाता है और भर्ती प्रक्रिया अटक जाती है। जिस कारण अभ्यर्थी ओवरएज हो जाता है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में लगभग 30 बार पेपर लीक हो चुका है, जो पूरे देश में कहीं नहीं हुआ। चपरासी की एक पोस्ट निकलती है तो चार से साढ़े चार हजार युवा अप्लाई करते हैं। जिसमें मास्टर डिग्री और पीएचडी किए लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा बेरोजगारी के कारण हरियाणा में 2022-23 में 3783 युवाओं ने आत्महत्या की है, जो 2021-22 के मुकाबले में प्रति एक लाख 2.5 प्रतिशत अधिक हैं।

जिला अध्यक्ष अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने कहा कि 2019 में जब सरकार बनी तो भाजपा की केवल 40 सीटें आई थी ओर जजपा के साथ अनैतिक गठबंधन करके सरकार बनाई गई। तब जजपा ने युवाओं से हरियाणा की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी, जो जुमला निकली। इस कारण आज हरियाणा में बाहर के लोगों को ज्यादा नौकरियां दी जा रही हैं। इसके अलावा सरकार का प्रति वर्ष दो लाख नौकरियां देने का वादा भी झूठा निकला।

# हाईटेंशन टावर हटाने को सर्विस रोड किया बंद, लगा जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नेशनल** हाईवे पर वाईएमसीए के पास सर्विस रोड पर आवाजाही में बाधा बन रहे बिजली के हाईटेंशन टावर को हटाने के लिए अचानक ही रास्ते को रोक दिया गया। इसकी वजह से अपने घरों से ऑफिस और कामकाज के लिए निकले लोग जाम में फंसे रहे। इसके चलते लोगों को भारी समस्या झेलनी पड़ी।

बता दें कि नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर वाईएमसीए के पास बिजली के हाईटेंशन टावर की वजह से लोगों को रोज जाम से जूझना पड़ता था। इस मामले को ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री के सामने रखा गया था। उसे समय बिजली निगम के अधिकारियों ने तीन महीने में टावर को हटाने का आश्वासन दिया था। मंगलवार को अचानक रास्ते को बंद कर टावर को हटाने का काम शुरू किया तो लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया। लोगों का कहना है कि बिना रूट डायवर्जन के रास्ते को रोक दिया गया। इससे लोगों को वापस लौटना पड़ रहा है। अपने कामकाज के लिए निकले लोगों का कहना है कि पहले सूचना देनी चाहिए थी ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

एएसआई देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस रोड पर हाईटेंशन टावर बने हुए हैं। इनके कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना कर पड़ता है। इसलिए इसको हटाने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 2-3 दिन तक चलेगा। इसके चलते यातायात बाधित रह सकता है।

# एसटीएफ ने दबोचा 25 हजार का कुख्यात बदमाश

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हत्या** के मामले में फरार चल रहे कुख्यात बदमाश को एसटीएफ की टीम ने देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा गया था। गिरफ्तार बदमाश की पहचान बागपत यूपी के नूरपुर मुजविदा निवासी हरेंद्र उर्फ सचिन उर्फ हरसाना के तौर पर हुई है। उसके खिलाफ गाजियाबाद व बागपत थानों में गैंगस्टर एक्ट, हत्या, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं।

पलवल एसटीएफ इंचार्ज अनिल छिल्लर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि गाजियाबाद पुलिस का इनामी बदमाश हरेंद्र उर्फ सचिन उर्फ हरसाना केएमपी पुल के पास अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। एसटीएफ ने सूचना मिलते ही टीम गठित कर मौके पर दबिश देकर उसको काबू कर लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद हुआ। कैंप थाना में आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

एसटीएफ इंचार्ज ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपी हरेंद्र गाजियाबाद में वर्ष 2023 में दर्ज हत्या के मुकदमे में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस आयुक्त ग्रामीण गाजियाबाद की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। उसके खिलाफ गाजियाबाद में तीन केस हत्या, हत्या का प्रयास व गैंगस्टर एक्ट, जबकि जिला बागपत में चार केस हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास व धोखाधड़ी के दर्ज है। हरेंद्र एक गैंगस्टर है और उसकी तलाश गाजियाबाद व बागपत पुलिस को काफी समय से थी। एसटीएफ पलवल की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना गाजियाबाद व बागपत पुलिस को दे दी गई है। फिलहाल आरोपी को एसटीएफ की ओर से कैंप थाना पलवल में दर्ज किए गए।

# रोटरी क्लब ट्यूलिप ने मां व नवजात को वितरित की करुणा किट

## मां व बच्चे की सेहत को लेकर ट्यूलिप की महिलाओं ने किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रोटरी** क्लब ऑफ फरीदाबाद ट्यूलिप ने नवजात बच्चों व उनकी मां को सेहतमंद बनाने के लिए एसजीएम नगर सेक्टर-21डी के अर्बन हेल्थ सेंटर में करुणा प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इस प्रोजेक्ट के तहत नवजात बच्चों व उनकी मां के लिए विशेष करुणा किट वितरित की गई, जिसमें बच्चों के कुशन बैड, कपड़े, सेनेटरी पैड, मां के लिए मल्टीविटामिन टेबलेट्स सहित अन्य सामान उपलब्ध कराए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आनंद मेहता चेयरमैन, केएल मेहता दयानंद संस्थान, सम्मानीय अतिथि के रूप में डीजी जितेंद्र गुप्ता, विशेष अतिथि के रूप में एजी योगेश कुमार गुप्ता, डॉ. ऋचा पुरुथी व डॉ. सुरेश चंद्र, रोटरी एनआईटी के प्रधान वीरेंद्र मेहता, राजन गेरा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी ट्यूलिप की प्रधान डॉ. करुणापाल गुप्ता ने की, जबकि रोटेरियन दीप्ती गुप्ता, क्लब सेक्रेटरी पूनम चौधरी, कोषाध्यक्ष मनीषा गिल, डॉ. रुचिका, प्रीती श्रीवास्तव, डॉ. मेघा, सुनीता विज, राज गुप्ता, डॉ. सुगंधा, नीरू बंसल विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस मौके पर आनंद मेहता ने जहां रोटरी क्लब ट्यूलिप के करुणा प्रोजेक्ट की मुक्त कंठ से सराहना की, वहीं डीजी जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब ट्यूलिप द्वारा पर्यावरण संरक्षण सहित वर्तमान में किया गया करुणा प्रोजेक्ट बेहद सराहनीय है और अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने वाला है।

# एसडी कॉलेज के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शिक्षाविदों ने छात्रों को किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं रसायन विभाग के तत्वावधान में उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा स्वीकृत एक स्थायी खाद्य भविष्य जैविक खेती और खाद्य प्रसंस्करण विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान एडवोकेट महेंद्र कालड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में सुशोभित किया। सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से आरंभ हुए इस सत्र को प्रधान एडवोकेट महेंद्र कालड़ा, मुख्य वक्ता आरसी विश्वविद्यालय आसेला, यूथियोपिया, अफ्रीका के प्रोफेसर डॉ. सुभाष शर्मा एवं दूसरी मुख्य वक्ता गार्गी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. गीता सैनी, प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र कालड़ा, प्राचार्य डॉ नरेश कुमार, प्रतिभा सिंगला, सम्मलेन के

संयोजक डॉ. एसएस सैनी एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. अंजू ने मंच को सुशोभित किया। प्राचार्य डॉ नरेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कोऑर्डिनेटर डॉ अंजू ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन के उद्देश्य से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि महेंद्र कालड़ा ने अपने उद्घाटन भाषण में जैविक कृषि की उपयोगिता के विषय में बताते हुए सरकार द्वारा इस क्षेत्र में हो रहे प्रयत्नों से अवगत कराया। मुख्य वक्ता डॉ. सुभाष शर्मा ने कृषि और प्रसंस्करण में स्थिरता के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने स्थानीय किसानों को समर्थन देने और लंबी दूरी के परिवहन को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. शर्मा ने पर्यावरण-अनुकूल रणनीतियों और संसाधनों के जिम्मेदार प्रबंधन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। डॉ. शर्मा के मुख्य भाषण में नई प्रसंस्करण विधियों की शुरूआत करने पर भी चर्चा की गई। मुख्य वक्ता डॉ. गीता सैनी ने भविष्य से समझौता किए बिना वर्तमान जरूरतों को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए टिकाऊ खाद्य उत्पादन के विषय पर चर्चा की। उन्होंने खाद्य उत्पादन में 56 प्रतिशत वृद्धि की आवश्यकता, कृषि योग्य भूमि में कमी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन जैसी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर आसीन हुए।

उन्होंने सम्मेलन के आयोजन की भरपूर प्रशंसा की। सम्मलेन में डॉ. रुचिरा खुल्लर प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, डॉ. अर्चना वर्मा प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय पलवल, डॉ. प्रेरणा शर्मा प्राचार्या एनबी जीएसएम महाविद्यालय सोहना, डॉ. अरुण भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मलेन में अमेरिका, कनाडा, अफ्रीका, मेक्सिको, जर्मनी, सिंगापुर, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, बिहार आदि से शोधकर्ताओं ने प्रतिभागिता की।

# चरित्र पर शक होने पर फोड़ा पत्नी का सिर

## अस्पताल में लाकर बोला, कोई पछतावा नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एक** व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी के चरित्र पर शक के चलते उस पर बेलन से जान लेना हमला कर दिया। इसके बाद खुद ही उसे बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचा। आरोपी पति ने कहा उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं, भले ही उसकी पत्नी मर जाए।

जानकारी अनुसार घटना फरीदाबाद के सूरजकुंड इलाके में पड़ने वाले मेवला महाराजपुर की है। अस्पताल में पति इंद्रजीत ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी का चरित्र ठीक नहीं है। इससे पहले भी वह किसी गैर मर्द के साथ पकड़ी गई थी। लेकिन तब उसने उसे माफ कर दिया था। उसने बताया कि वह जब घर आया तो उसके ही 12 साल के बेटे ने बताया कि मां आज भी किसी और व्यक्ति के साथ थी। व्यक्ति का कहना है कि वह बेटे की बात सुनकर गुस्सा हो गया। उसने घर में रखे रोटी बनाने वाले बेलन से अपनी पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके चलते वह बुरी तरह लहूलुहान हो गई। इंद्रजीत ने बताया की वह काफी नशे में था। इसके बाद वह खुद अपनी पत्नी को फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचा है। इंद्रजीत ने हमले की वारदात को कबूलते हुए कहा कि उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है, भले उसकी पत्नी मर ही क्यों न जाए। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल में दाखिल महिला ने बताया कि उनके पड़ोस में एक लड़का रहता है। उसकी केवल उससे कभी कभार बातचीत होती थी, हालांकि जब उसके पति ने उसे बात करने के लिए मना किया तो उसने उससे बोलना भी छोड़ दिया था। फिर उसकी ननद ननदोई और पति ने उस पर झूठे आरोप लगाते हुए बेलन और लात घूंसों से तरह पीटा है।

# संक्षिप्त समाचार

## सर्कल खेल प्रतियोगिता में पलवल ने बाजी मारी

**पलवल।** दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के हेड ऑफिस हिसार में तीन दिवसीय 13वीं इंटर सर्कल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 11 सर्कल ने अलग अलग खेलों में भाग लिया। जिनमें मुख्यतया रस्सा कस्सी, वालीबॉल, कुश्ती, फुटबाल, बैडमिटन व कबड्डी इत्यादि खेल शामिल थे। पलवल सर्कल की टीम की अगुवाई कुलदीप अत्री कार्यकारी अभियंता व स्पोर्ट निरीक्षक द्वारा की गई। पलवल रस्साकस्सी में प्रथम स्थान पर रहा। जिसमें पलवल सर्कल ने पहले मैच में गुरुग्राम सर्कल की टीम को हराया। सेमिफाइनल में फतेहाबाद सर्कल की टीम को हराया और फाइनल में फरीदाबाद सर्कल की टीम से फाइनल मैच हुआ, उसमें पलवल सर्कल ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पलवल सर्कल की टीम लगभग पिछले आठ साल से पहले स्थान पर आ रही है। पलवल सर्कल की टीम के कप्तान सुबोध जाखड, ठाकुरलाल, विनोद, देवेंद्र, मेघश्याम, साकिर हुसैन, दलबीर, नूरहसन व रामवीर पहलवान शामिल थे इसमें सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इसके अलावा कुश्ती में रामवीर पहलवान ने 125 किलो भारवर्ग में हिसार जोन के खिलाड़ी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पलवल सर्कल की वालीबॉल की टीम द्वितीय स्थान पर रही और दिव्यांग श्रेणी में बिजेंद्र एलडीसी ने बैडमिंटन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## प्रकृति बचाओ मिशन संस्था ने दिया पौधारोपण का संदेश

**पलवल।** शेखपुरा स्थित बैंड-बग्गी मार्केट में मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने साथियों साथ मिलकर दुकानदारों को स्नेकप्लांट, मनीप्लांट, एलोवेरा आदि अति उपयोगी पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आचार्य ने उपस्थित लोगों से कहा कि आप अपनी दुकानों में प्लास्टिक के कृत्रिम गुलदस्तों के स्थान पर गमलों में वास्तविक पौधे लगाकर प्राकृतिक सौंदर्य युक्त स्वच्छ वातावरण बना सकते हैं। इस प्रकार के छोटे-छोटे कार्य करने से समाज के अन्य बहुत से लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण जैसे महान कार्य से जोड़ा जा सकता है। इससे आपके पास आने वाले ग्राहकों को भी सकारात्मक ऊर्जा के साथ प्राकृतिक आनंद की अनुभूति होगी। इस प्रकार के पौधों को अधिक देखभाल की आवश्यकता नहीं होती तथा यह जमीन के साथ गमलों में भी आसानी से लगाए जा सकते हैं। इस अवसर पर ओम प्रकाश, जीतू तनेजा, देव, भरतलाल, बिजेंद्र बघेल, गुड्डा, लाला, विशाल, दिनेश आदि बैंड- बग्गी मालिक उपस्थित रहे तथा बैंड-बग्गी मार्केट सदस्यों ने सभी से पेड़-पौधों को बचाने की अपील की है।

## छात्रों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया

**पलवल।** राजकीय माध्यमिक कुसलीपुर में पुलिस विभाग द्वारा हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की छात्राओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया। जिसमें महिला थाना पलवल की एसीपी जगवती ने गुड टच बेड टच तथा साइबर क्राइम के विषय में जागरूक किया। कार्यक्रम के मंच संचालक भगवत प्रसाद शास्त्री ने बताया कि अगर आप किसी के स्पर्श से असहज महसूस करते हैं तो सबसे पहले उसे ना बोलें और तुरंत वहां से भीड़ वाले स्थान पर चले जाएं। जिला सचिव रिशाल सिंह ने बताया कि मोबाइल हमारे जीवन में जितना उपयोगी है, उतना ही नुकसानदायक भी हो सकता है। इसलिए साइबर क्राइम कैसे होता है, उन सभी बातों को समझने की जरूरत है। विद्यालय के मुखिया हेमराज तंवर ने एसीपी जगवती को धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निश्चित रूप से छात्राओं के लिए विशेष लाभदायक सिद्ध होंगे।

## कुसलीपुर में अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

**पलवल।** जिला नगर योजनाकार पलवल द्वारा गांव कुसलीपुर में लगभग 4-5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में 700 मीटर रोड नेटवर्क और डीपीसी को तोड़ा गया। यह कार्रवाई अर्बन क्षेत्र अधिनियम 1975 के तहत की गई है। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजूद थे। जिला नगर योजनाकार, पलवल नरेंद्र नैन ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पुरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। सभी अवैध कॉलोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें, क्योंकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी में निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी में निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

## राष्ट्रीय भवन निर्माण सामग्री परिषद का विवि से समझौता

**फरीदाबाद।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सीमेंट और भवन निर्माण सामग्री परिषद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

समझौता ज्ञापन पर परिषद के महानिदेशक डॉ. एलपी सिंह और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि इसके भविष्य में सुखद परिणाम सामने आएंगे। इस समझौते के अंतर्गत, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, केमिकल इंजीनियरिंग और रसायन विज्ञान के क्षेत्रों में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ऑन द जॉब ट्रेनिंग कर पाएंगे। दोनों संस्थान अनुसंधान से संबंधित प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और बुनियादी ढांचे को भी सांझा करेंगे। दोनों संस्थानों के बीच सुविधाओं और मानवीय संसाधनों का भी आदान-प्रदान होगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त सेमिनार, कार्यशाला और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण हासिल करने के अवसर तलाशे जाएंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत न केवल विद्यार्थियों को फायदा होगा, बल्कि ऑन द जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से उद्योग को भी कुशल मानवीय संसाधन उपलब्ध होंगे।

# उत्तराखंड का निर्णय

## समान नागरिक संहिता

**उत्तराखंड कैबिनेट** ने एक उल्लेखनीय फैसला करते हुए समान नागरिक संहिता-यूसीसी का अंतिम प्रारूप स्वीकार कर लिया है। यह राज्य और पूरे देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इस प्रकार स्वतंत्रता के बाद भारत में यूसीसी का क्रियान्वयन करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। इस घटना का राज्य के सामाजिक-विधिक परिदृश्य पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इसकी जड़ें भारत में विधिक ढांचे के विकास में निहित हैं। यूसीसी की अवधारणा भारतीय संविधान निर्माताओं के दिमाग में भी थी। उन्होंने एक ऐसे विधिक ढांचे की कल्पना की थी जो विभिन्न समुदायों में समता और न्याय को प्रोत्साहित करे। लेकिन इसका क्रियान्वयन लंबे समय से चुनौती बना हुआ है क्योंकि भारत में विविधतापूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक व्यवहार प्रचलित रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 44 में नीति निर्देशक सिद्धान्तों के अंतर्गत यूसीसी लागू करने को प्रोत्साहित किया गया है, पर इसका क्रियान्वयन अनेक कारणों से स्थगित रहा। उत्तराखंड द्वारा यूसीसी का क्रियान्वयन सभी धर्मों के 'पर्सनल कानूनों' में सामंजस्य स्थापित करना है। हालांकि, यूसीसी का क्रियान्वयन विवाद का विषय भी है क्योंकि अनेक लोगों का मानना है कि इससे अल्पसंख्यक समुदायों के धार्मिक अधिकार प्रभावित होंगे जिनके धार्मिक आदेश बहुसंख्य हिंदू समुदाय से बिल्कुल अलग हैं। लेकिन समान नागरिक संहिता-यूसीसी अनेक दृष्टिकोण से समता स्थापित करने वाला होगा। यूसीसी का एक प्रमुख उद्देश्य विवाह, तलाक, विरासत तथा अन्य पर्सनल मामलों में लागू होने वाले कानूनों का मानकीकरण कर 'जेंडर समानता' को प्रोत्साहित करना है।

उत्तराखंड में यूसीसी के क्रियान्वयन से महिलाओं को समान अधिकार और अवसर प्राप्त होने की आशा है, भले ही उनका धर्म कोई भी हो। विधिक समानता की ओर इस कदम का उद्देश्य कानून के अंतर्गत सभी भारतीयों को समान संरक्षण प्रदान करना है, भले ही उनकी धार्मिक पृष्ठभूमि कोई भी हो। विडंबना है कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व अल्पसंख्यक समुदाय में समान नागरिक संहिता-यूसीसी के प्रति भ्रम पैदा करते रहे हैं और उत्तराखंड कैबिनेट के निर्णय के बाद ऐसे तत्व सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे कट्टरपंथी तत्व यह तथ्य अनदेखा करते हैं कि अनेक मुस्लिम देशों ने भी 'महिला सशक्तीकरण' के दृष्टिकोण से विवाह, तलाक व विरासत कानूनों में व्यापक परिवर्तन कर उनको आधुनिक बनाया है। कई इस्लामी देशों में बहुविवाह की अनुमति नहीं है, बिना अदालती आदेश के तलाक नहीं हो सकता है तथा पुरुषों व महिलाओं के तलाक संबंधी अधिकार लगभग समान हैं। इस दृष्टिकोण से उत्तराखंड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता का अंतिम प्रारूप स्वीकार करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस प्रारूप को काफी समय पहले जनता की राय जानने के लिए सार्वजनिक किया गया था और इस पर बड़ी संख्या में लोगों की राय मिली है। अतीत पर नजर डालें तो भारत में जहां हिंदू समाज ने अपने 'पर्सनल कानूनों' में व्यापक सुधार कर महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका दिया, वहीं मुस्लिम समाज इस मामले में सड़ी-गली परंपराओं में जकड़ा रहा। स्वतंत्रता के बाद पहली बार केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को 'तीन तलाक' की अमानवीय पृथा से मुक्ति दिलाई जिसका महिलाओं ने व्यापक समर्थन किया। अब उत्तराखंड की पुष्कर धामी सरकार मुस्लिम महिलाओं को समान नागरिक संहिता-यूसीसी के माध्यम से हलाला, बाल-विवाह व बहु-विवाह की अमानवीय पृथाओं से मुक्ति दिलाने का प्रयास कर रही है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

# मोदी सरकार का महत्वपूर्ण बजट

**मोदी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण बजट पेश किया है। कर संग्रह बढ़ने से बजट बनाना आसान हुआ है। हालिया बजट में कल्याणकारी उपायों व ढांचागत विकास पर अधिक धन आबंटित किया गया है।**

**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने एक और महत्वपूर्ण बजट पेश किया है। कर संग्रह बढ़ने से बजट बनाना आसान हुआ है। हालिया बजट में कल्याणकारी उपायों व ढांचागत विकास पर अधिक धन दिया गया है। व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो अतीत में बजट आते जाते रहे हैं। इनमें से अधिकांश बजट घाटे के रहे हैं, हालांकि कुछ में मुनाफा भी दिखा है। मोदी सरकार का हालिया बजट 'अंतरिम बजट' है, जबकि अधिकांश वार्षिक बजट रहे हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, बजट निरंतरता और परिवर्तन के प्रतीक रहे हैं। लेकिन ऐतिहासिक रूप से देखें तो विलियम पिट जैसे बजट कम दिखाई पड़े हैं जो 24 वर्ष की आयु में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने थे। वे 22 वर्ष तक इसी पद पर बने रहे और अंत में नेपोलियन बोनापार्ट से युद्ध लड़ते हुए शहीद हो गए। विलियम पिट के बजट न केवल मुनाफे वाले थे, बल्कि वे ज्यादा से ज्यादा मुनाफा दिखाने का प्रयास करते थे। उनका उद्देश्य ब्रिटिश खजाने को इतना मुनाफा कराना था ताकि ब्रिटेन खजाने में एकत्रित संपदा के ब्याज से अपना खर्च चलाने में सक्षम हो सके। उनकी कल्पना थी कि ऐसी स्थिति आने पर ब्रिटिश जनता को कभी टैक्स नहीं देना पड़ेगा। विलियम पिट अपना लक्ष्य प्राप्त करने के निकट थे, लेकिन तभी नेपोलियन ने युद्ध थोप दिए। इन युद्धों के कारण ब्रिटेन के बड़ी संख्या में सैनिक मारे गए तथा उसके अनेक जहाज नष्ट हो गए क्योंकि उस समय ब्रिटेन यूरोप को विजेता फ्रांसीसी राजा के कब्जे में जाने से बचाने के लिए संघर्ष कर रहा था।

भारत की हालिया स्थिति पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि अनेक अर्थशास्त्रियों ने पहले नोटबंदी और बाद में वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी का महत्वपूर्ण योगदान स्वीकारने से इनकार कर दिया था। इसके साथ ही प्रत्यक्ष कर संग्रह पद्धति में सुधार किया गया जिसके अंतर्गत करदाता तथा उसका आंकलन करने वाले के बीच भौतिक संपर्क की आवश्यकता लगभग समाप्त कर दी गई। तुलनात्मक रूप से कोई अकादमीशियन विरले ही टैक्स अदा करता है और इसलिए यह बात समझ में आती है कि वह इन उपायों के प्रभावों को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं होता है। केवल करदाता तथा करापवंचन करने वाले लोग ही इन उपायों का प्रभाव समझ सकते हैं। मोदी सरकार द्वारा लागू की गई नोटबंदी और जीएसटी के व्यापक प्रभाव पड़े जिनको वर्तमान व्यवस्था के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। आधुनिक उत्पादन प्रक्रियाओं की अत्यधिक जटिल श्रृंखला के कारण इस श्रृंखला में अनेक एजेंसियां और पक्ष शामिल होते हैं जिसके कारण विभिन्न स्तरों पर अनेक प्रकार के करदाता होते हैं। अब उनकी संख्या और पहचान कर विभाग में हर अधिकारी को कंप्यूटरों पर होती है। ऐसे में कर देने से बचना या करापवंचन लगातार बहुत कठिन होता जा रहा है।

मोदी सरकार ने लगातार तकनीक का प्रयोग कर कर संग्रह को अधिकाधिक बनाने का प्रयास किया है और इसके अच्छे नतीजे निकले हैं। कर संग्रह जितना अधिक होता है, उतना ही वित्त मंत्री के लिए बजट बनाना आसान होता है। इसलिए हाल में प्रस्तुत बजट में अनेक प्रकार के कल्याणकारी उपाय करना संभव हुआ है। इसके साथ ही ढांचागत संरचनाओं पर खर्च के लिए आबंटन बढ़ाया गया है। इस बजट का उल्लेखनीय तत्व रक्षा पर व खसकर उपकरणों के उत्पादन और तकनीकी खोजों पर आबंटन में वृद्धि है। यदि इस बजट के सर्वाधिक उल्लेखनीय पहलू पर गौर किया जाए तो वह सरकार का विश्वास है। उसे विश्वास है कि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है जो अगला चुनाव जीतने के लिए काफी है और मतदाताओं को देश में सत्तारूढ़ पार्टी को वोट देने के लिए ललचाना या प्रेरित करना अब जरूरी नहीं रह गया है। इसी कारण सरकार ने खैरातें या प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में 'रेवड़ियां' बांटने का कोई प्रयास नहीं किया है जिसमें मुफ्त लैपटाप या साइकिलें आदि शामिल हैं, जबकि अतीत में अक्सर ऐसा होता रहा है। वर्तमान समय में अनेक राजनेता 'रेवड़ियां' बांट कर येन-केन-प्रकारेण देश की सत्ता तक पहुंचना चाहते हैं, जबकि यह स्थिति देश के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार इस प्रवृत्ति के खतरों को जनता के सामने स्पष्ट करते हुए कहा है कि इससे देश इतना पीछे जा सकता है कि उसकी स्थिति को ठीक करना असंभव हो जाए। इसे देखते हुए मोदी सरकार का वर्तमान 'अंतरिम बजट' देश की आर्थिक प्रगति तथा बजट निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान है। यह उल्लेख करना प्रासांगिक है कि सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी पर जरूरत से ज्यादा जोर नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि यह ज्यादा से ज्यादा अर्थव्यवस्था का आकार ही बताता है, उसकी गुणवत्ता नहीं। वास्तव में कुल कर संग्रहों का स्वरूप राज्य द्वारा खर्च की गई कुल धनराशि की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार अन्य आंकड़ों और संख्याओं की तुलना में केन्द्र और राज्य सरकारों पर कुल कर्ज ज्यादा महत्वपूर्ण है। हालांकि, इस पर विरले ही बात होती है और यह कभी बजट का हिस्सा नहीं बनता है।

भारत के कुछ राज्य लगभग दीवालिया होने की कगार पर पहुंच गए हैं। यदि उनके स्थान पर कोई निजी उद्यम होता तो वह निश्चित रूप से स्वयं को दीवालिया घोषित कर देता। भारत की पहले की स्थिति पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि देश का खजाना भरा हुआ था क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन को वस्तुओं और सामग्री से भारी आमदनी हुई थी। लेकिन जल्द ही देश का खजाना खाली होने लगा, जबकि भारत की जनता को इसका पता तक नहीं लगा। देश के सामने स्थिति उस समय स्पष्ट हुई जब प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के कार्यकाल में भारी मात्रा में सोना लंदन कर्ज लेने के लिए जमानत के तौर पर भेजना पड़ा। सोने के रूप में यह जमानत इसलिए देनी पड़ी थी कयोंकि उस समय कर्जदाताओं ने केवल भारत के तत्कालीन सत्तारूढ़ नेताओं के आश्वासन पर कर्ज देने से इनकार कर दिया था।

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी. रंगराजन ने अपनी पुस्तक 'फोर्क्स इन द रोड' में बताया है कि कैसे सोने को मुंबई में आरबीआई की तिजोरियों से कठोर सुरक्षा के बीच हवाईअड्डे लाया गया। सोना ले जा रही एक गाड़ी टायर फटने से आधे रास्ते में ही रुक गई, लेकिन सौभाग्य से बिना किसी दुर्घटना के वह बाद में अपनी यात्रा पूरी करने में सफल हुई। इस प्रकार जमानत के रूप में कर्ज लेने के लिए सोना लंदन भेजने से स्पष्ट हो गया था कि भारत की अर्थव्यवस्था की हालत कितनी खराब हो गई थी। उस समय देश के पास केवल तीन सप्ताह आयात का खर्च उठाने का पैसा बचा था। इससे देश की जनता के समक्ष वह विकराल संकट स्पष्ट हो गया जो दशकों तक कथित 'समाजवाद' के रास्ते पर चलने के कारण पैदा हुआ था। इस गंभीर स्थिति के कारण देश को कठोर आर्थिक सुधारों का रास्ता अपनाना पड़ा और उसने 'नेहरूवादी नीतियों' को अलविदा कहने का फैसला किया। आज स्थिति एकदम उलट गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पहले जारी 'गोपनीयता' की नीति उलट कर देश की जनता के सामने पूरी पारदर्शिता के साथ देश की आर्थिक स्थिति उजागर करने का वादा किया है। वर्तमान राजनेता वर्ग व खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सहमति से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने वादा किया है कि उनकी सरकार जल्द ही देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति व अपनी सरकार के आर्थिक प्रदर्शन को अतीत की स्थितियों से तुलनात्मक रूप से स्पष्ट करने के लिए एक 'श्वेत पत्र' प्रकाशित करेगी। इस श्वेत पत्र से देश की जनता के समक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में दस साल चली संप्रग सरकार की आर्थिक नीतियां स्पष्ट हो जाएंगी। ऐसा 'श्वेत पत्र' लाना निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य कदम है।

इससे न केवल अनेक आर्थिक मुद्दे स्पष्ट हो जाएंगे, बल्कि अनेक गलत धारणायें भी टूटेंगी। हालांकि, इससे संभवत: कुछ लोगों की इज्जत भी मिट्टी में मिल सकती है।

# वायु प्रदूषण नियंत्रण बनाम नीतियां व राजनीति

**वायु प्रदूषण नीति-निर्माण एक जटिल प्रयास साबित होता है, जो राजनीतिक इच्छाशक्ति और आख्यानों से जटिल रूप से जुड़ा हुआ है।**

**दिशा शर्मा**
(लेखिका, वायु प्रदूषण विशेषज्ञ हैं)

सभी पर्यावरणीय चुनौतियों की तरह, वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए नीति निर्धारण भी इसे हल करने के पीछे की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर है। राजनीतिक और प्रशासनिक सीमाओं को पार करते हुए, जहरीली हवा उत्सर्जन स्रोतों के निकट और वायु प्रक्षेप पथ पर सभी को प्रभावित करती है। प्रमुख चुनावों से पहले राजनीतिक घोषणापत्र में अपनी जगह बनाने से लेकर तीव्र जोखिम प्रकरणों के दौरान उत्सर्जन नियंत्रण पर अंतरराज्यीय कार्रवाइयों के विवादास्पद होने तक, वायु प्रदूषण पर राजनीतिक इच्छाशक्ति इसके पर्यावरणीय महत्व के विपरीत कम हो जाती है। उत्तरी भारत-गंगा के मैदानों (आईजीपी) में बिगड़ती वायु गुणवत्ता की समस्या को कम करने के लिए नीतिगत प्रक्रिया को आदर्श रूप से निर्देशित करने वाले तथ्य और आंकड़े अक्सर बड़े राजनीतिक आख्यानों में समाहित होते हैं। इस प्रकार, वायु प्रदूषण को लेकर चल रहे राजनीतिक आख्यानों को समझने की सख्त जरूरत है। इसके अलावा, हाल ही में क्षेत्रीय सत्तारूढ़ दलों द्वारा विभिन्न दांवों के साथ एनसीआर में इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने से एक गैर-राजनीतिक, वैज्ञानिक लोकपाल से मार्गदर्शन की आवश्यकता फिर से पैदा हो गई है।

हाल की टिप्पणियां जो हरियाणा को केवल उसकी निकटता के कारण पंजाब के विरुद्ध खड़ा करती हैं, इस बात का प्रतीक है कि कैसे राजनीतिक आख्यान वैज्ञानिक तथ्यों और समस्या की तार्किक समझ को खत्म कर सकते हैं और शमन की गति को धीमा कर सकते हैं। डेटा स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं हरियाणा से कहीं अधिक हैं। उदाहरण के लिए, इसरो ने बताया कि 2021 और 2022 में पंजाब में पराली जलाने की घटनाएँ क्रमश: लगभग दस गुना और हरियाणा में चौदह गुना थीं। इसके अलावा, अध्ययनों से पता चला है कि पंजाब में जलने वाले बायोमास के कणों को दिल्ली (और उससे आगे) तक ले जाने में हवाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं (कृष्णा और बेग, 2018; कनवाडे एट अल, 2016)। तथ्यों की इस तरह की गलत व्याख्या के परिणामस्वरूप अक्सर खराब नियम बने होते हैं और पंजाब राज्य में पराली की आग को रोकने के लिए मजबूत उपाय बनाने में विफलता होती है। पराली का उपयोग करने वाले जैव-ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से लेकर जैव-डीकंपोजर प्रौद्योगिकी को अपनाने तक, किसी भी प्रस्तावित समाधान ने इस मुद्दे को समाप्त नहीं किया है। पर्याप्त कार्यान्वयन समर्थन के साथ डेटा-समर्थित हस्तक्षेपों को निष्पादित करने में असमर्थता या इच्छा की कमी से ध्यान अक्सर हटा दिया जाता है, हाल के वर्षों में सत्ता संभालने वाले विभिन्न प्रशासनों में एक आवर्ती प्रवृत्ति देखी गई है।

यहां तक कि जब आकस्मिक प्रदूषण के मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है, तब भी बाहरी कारक प्रभाव डाल सकते हैं। यह दिवाली के समय दिए गए राजनीतिक बयानों में स्पष्ट है, कुछ ने उठाए गए प्रवचन का विरोध किया और कुछ ने इसे एक प्रशंसनीय उपाय के रूप में स्वीकार किया। जबकि इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि पटाखे फोड़ने से वायु प्रदूषण की स्थिति खराब होती है, दो अलग-अलग गुट वायु प्रदूषण में पटाखों के योगदान की मात्रा पर बहस कर रहे हैं। उत्तरार्द्ध की प्रेरणा अक्सर पटाखे फोड़ने से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं में निहित होती है, जो आईजीपी में वायु प्रदूषण जैसी सामाजिक चुनौतियों को प्रभावित करने वाली सामाजिक और सांस्कृतिक वास्तविकताओं के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता पर जोर देती है।

निष्पक्षता से कहें तो, वायु प्रदूषण की चुनौती निर्विवाद रूप से जटिल है, जो नीति-निर्माताओं के लिए कई समस्याएँ पैदा करती है। सबसे पहले, यह एक विशुद्ध प्राकृतिक विज्ञान चुनौती से विकसित होकर एक सामाजिक विज्ञान चुनौती बन गई है, जिसमें इसमें शामिल कई हितधारकों की गहरी समझ की आवश्यकता है। समूहों के बीच आम सहमति सुनिश्चित करते हुए वायु प्रदूषण नीति निर्णयों में विभिन्न हितधारकों पर उनके प्रभाव को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, ऑड-ईवन जैसी योजना में महिलाओं को छूट देना मुश्किल है। दूसरा, कार्रवाई के लिए उचित समय निर्धारित करना एक और प्रमुख समस्या है, यह देखते हुए कि भारत में कई राज्य सरकारें तीव्र संसाधन बाधाओं का सामना करती हैं।

उदाहरण के लिए, दिल्ली आमतौर पर वायु गुणवत्ता सांद्रता के खतरे में पड़ने के बाद कड़े आपातकालीन उपाय जारी करती है। तीसरा, उपायों का चयन राज्य द्वारा पूरी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए इष्टतम बिंदु की पहचान करने में निहित है। यह महत्वपूर्ण निर्णय अपनाई गई नीतियों और निर्णय निर्माताओं को समझाने के लिए आवश्यक साक्ष्य को प्रभावित करता है। इस उथल-पुथल के बीच, एक अराजनीतिक और वैज्ञानिक लोकपाल के रूप में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका प्रासंगिक हो जाती है। यह न केवल वायु प्रदूषण स्रोतों की शोध-समर्थित समझ को स्वीकार करता है, बल्कि दोषारोपण के लिए राज्य सरकारों को स्पष्ट रूप से फटकार लगाता है, नीतिगत प्रयासों को नौटंकी के लिए बुलाता है, और व्यापक भलाई के लिए तत्काल कार्रवाई के आदेश जारी करता है। चूंकि वायु प्रदूषण भारत के संघीय और चुनावी लोकतंत्र के नाजुक संतुलन को बिगाड़ रहा है, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय लोगों के अधिकारों (या, इस मामले में, फेफड़ों!) की रक्षा करने वाले एक चैंपियन के रूप में उभर रहा है। यह इस चुनौती से निपटने में निष्पक्षता और तात्कालिकता की झलक पेश करता है। एक महत्वपूर्ण नीतिगत चुनौती से जुड़ी कहानियों की उपस्थिति अपरिहार्य है। आख़िरकार, गलती स्वीकार करना, जवाबदेही तय करना और कार्यान्वयन सुनिश्चित करना राजनीतिक मुद्दों में आम बात नहीं है। दुर्भाग्य से, नीति-निर्माता अक्सर इन आख्यानों में गहराई से उलझ जाते हैं।

## आप की बात

### आडवाणी को भारत रत्न

**आडवाणी** को भारत रत्न सम्मान उनकी कठिन तपस्या का फल है। भाजपा के वरिष्ठतम व प्रखर नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारतरत्न उनकी देश सेवा और कठिन तपस्या का फल है। 25 अक्टूबर 1990 को उनके द्वारा निकाली गई सोमनाथ-अयोध्या से यात्रा का संकल्प 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में जन्मस्थान पर बने भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरा हुआ है। देश विभाजन के समय पाकिस्तान से अनेक हिंदुओं को सुरक्षित भारत लाने में उन्होंने संघ कार्यकर्ता के रूप में उल्लेखनीय योगदान दिया था। इसके साथ ही लालकृष्ण आडवाणी ने मोरारजी देसाई सरकार में संचार मंत्री तथा अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में गृह मंत्री व उप-प्रधानमंत्री के रूप में देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। आपातकाल में उनको जेल जाना पड़ा था। हवाला के आरोप लगने पर आडवाणी ने संसद सदस्यता से फौरन त्यागपत्र देकर सार्वजनिक जीवन में शुचिता का जो मानक स्थापित किया था, उसे आज अनेक नेता पूरा करने का साहस नहीं जुटा पाते हैं। भारत रत्न मिलने के अवसर पर लालकृष्ण आडवाणी के भारत की प्रगति में योगदान को समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। उनकी संकुचित दृष्टिकोण से आलोचना अनुचित है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### स्वागत योग्य निर्णय

**उत्तराखंड** विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश कर दिया गया है। इस प्रकार मंगलवार का दिन उत्तराखंड विधानसभा के लिए ऐतिहासिक है। यह देश की पहली विधानसभा है जहां समान नागरिक संहिता विधेयक पर चर्चा हुई। देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात भारतीय जनता पार्टी के घोषणापत्रों में शुरू से शामिल रही है। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार इस मामले में रिकॉर्ड बनाने में सफल हो गई है। उम्मीद है कि देश के दूसरे कई अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे। इससे भारतीय कानून के प्रावधन सभी धार्मिक समूहों पर समान रूप से लागू होंगे। समान नागरिक संहिता महिलाओं व खासकर मुस्लिम महिलाओं की प्रगति में असाधारण भूमिका अदा करेगी। एक ही देश में अलग-अलग धर्म के लिए अलग-अलग कानून होना बड़ी अटपटी बात थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार यह विसंगति उजागर कर चुके हैं। उत्तराखंड सरकार निश्चित रूप से इस पहल के लिए धन्यवाद की पात्र है। उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले समय में आवश्यक होने पर केन्द्र सरकार पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कानून बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### सेवानिवृत्ति की आयु

**मध्य प्रदेश** शासन शासकीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने पर विचार कर रहा है। हालांकि, कुछ वर्गों के लिए काम करते रहने की आयु 62 व 65 वर्ष तक है, लेकिन सभी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का मामला संवेदनशील है। कुछ लोगों का मानना है कि आज के युग में तो 50 वर्ष के बाद ही अनेक लोगों की ज्ञानेंद्रियां एवं कर्मेंद्रियां शिथिल पडने लगती है, ऐसे में उनके लिए साठ वर्ष के बाद काम करना संभव नहीं है। इसके साथ ही सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से सरकारी नौकरियों की उम्मीद लगाए युवा वर्ग को भारी निराशा होगी क्योंकि इससे उनके लिए अवसर बहुत कम हो जाएंगे। वर्तमान समय में स्थाई व नियमित वेतनमान वाली सरकारी नौकरियों की संख्या वैसे भी तेजी से घट रही है जिसमें तकनीक का भी भारी योगदान है। आने वाली एआई जैसी तकनीकों से अनेक पेशों का कामकाज समाप्त होने या अत्यधिक सीमित होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का निर्णय भारत जैसे दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश के लिए ठीक नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, जरूरत के अनुसार कुछ विशेषज्ञों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाई जा सकती है।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

### मुस्लिम मतदाता

**लोकसभा चुनाव** को देखते हुए राजनीतिक दल मुस्लिम मतदाता को अपने पाले में लाने का प्रयास कर रहे हैं। आरएसएस से जुड़ा राष्ट्रीय मुस्लिम मंच भी मुस्लिम बस्तियों में जाकर लोगों को मोदी की कल्याणकारी योजनायें समझा रहा है। उसका दावा है कि मोदी सरकार की योजनाओं से मुसलमानों को पहले की तुलना में व्यापक लाभ हुआ है। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में है और अनेक लोकसभ सीटों पर निर्णायक साबित होते हैं। 543 लोकसभा सीटों में से 16 पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मुस्लिम मतदाता है जबकि 11 सीटों पर उनकी संख्या 41-50 प्रतिशत व 24 सीटों पर 31-40 प्रतिशत है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का दावा है कि बहुसंख्यक समुदाय की तुलना में मुस्लिम समुदाय अपनी जमीनी स्थितियों पर गौर करने के बजाय भावनात्मक मुद्दों पर वोट देते हैं जिनसे स्वयं उनकी प्रगति प्रभावित होती है। इस समय अनेक भावनात्मक मुद्दे हैं जिनसे उनकी सोच प्रभावित होती है। ऐसे में उनके मतदान पैटर्न पर राजनीतिक विश्लेषकों की नजर रहेगी।

वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# चिकित्सा संस्थानों में आरक्षण नियमों की अनदेखी के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

**विधानसभा की कार्यवाही**

● सपा सदस्यों ने किया वाकआउट

● उप मुख्यमंत्री ने कहा, नियमों की अनदेखी नहीं होने देंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चिकित्सा** संस्थानों में आरक्षण नियमों की अवहेलना को लेकर विधानसभा में मंगलवार को सरकार और सपा सदस्यों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। बाद में इसी मुद्दे पर सपा सदस्यों ने सरकार पर आरक्षण विरोध होने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट किया। सपा के वरिष्ठ सदस्य लाल जी वर्मा, डा रागिनी ने चिकित्सा संस्थानों में आरक्षण नियमों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया। जवाब में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि किसी भी तरह नियुक्तियों में संविधान के तहत आरक्षण नियमों की अनदेखी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि संविधान में प्रदत्त अधिकारों के तहत नियमों के तहत आरक्षण नियमों का पालन किया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा के सदस्य इस तरह के मुद्दे सुर्खियों में रहने के लिए उठाते रहते है। उन्होंने कहा कि संसद में आरक्षण और महिला आरक्षण बिल की प्रतियां फाड़ने वाले सपा के सदस्य आज आरक्षण की बात कर रहे है। सपा को एक जाति और एक परिवार की पार्टी बताते हुए उप मुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में आरक्षण नियमों की अवहेलना किए जाने के संबंध में जांच हो रही है। उन्होंने सपा सदस्यों को याद दिलाया कि 2012 से 2017 के बीच एक आयोग को जाति विशेष का आयोग बन गया था। उप मुख्यमंत्री के साथ ही संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इस मुद्दे पर सपा को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार संवैधानिक आरक्षण दिए जाने की पक्षधर है। इससे पूर्व प्रश्न प्रहर में प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में बताया कि प्रदेश में जनवरी, 2022 से 18 दिसंबर 2023 तक साइबर अपराध की 21600 घटनाएं घटित हुई और उक्त में 12777 अपराधों की जांच पूर्ण कर 7094 अपराधी जेल भेजे गये हैं। अब तक विभिन्न माध्यमों से कुल 22484 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। पुलिस की नई भर्ती के कुल 167917 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को भी साइबर अपराध की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। सुरेश खन्ना प्रश्न प्रहर में सपा के सदस्य महेन्द्र नाथ यादव द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। प्रश्न प्रहर में ही प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के पद पर चयन एवं नियुक्ति की कार्यवाही उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा अध्यापक सेवा नियमावली1981 (अद्यतन संशोधित) में निर्धारित शैक्षिक प्रशिक्षण अर्हताधारी अभ्यर्थियों हेतु जनपद स्तर पर गठित जनपदीय चयन समिति के माध्यम से संपादित की जाती है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री अतुल प्रधान सहित सपा के अन्य सदस्यों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी। प्रश्न प्रहर में ही संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कुशल खिलाडियों को विभागों में नियुक्त किए जाने के परिप्रेक्ष्य में चिन्हित पदों के सापेक्ष 5 खिलाड़ियों को पुलिस उप अधीक्षक, 2 खिलाड़ियों को जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, 1 खिलाड़ी को यात्रीकर मालकर अधिकारी एवं 02 खिलाड़ियों को नायब तहसीलदार, के पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है। सपा के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद चैधरी द्वारा पूछे एक सवाल के जवाब में जलशक्ति मंत्री स्वंतत्र देव सिंह ने बताया कि सरयू नहर परियोजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत पूर्ण करायी गयी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत परियोजनाओं के लिये निर्गत गाइड लाइन्स 7 फरवरी 2022 के प्रस्तर 5-9 अनुसार परियोजना के 90 प्रतिशत या अधिक कार्य पूर्ण होने तथा परियोजना लाभों के प्राप्त कर लेने की स्थिति में परियोजना को पूर्ण माना जा सकता है। एक अन्य प्रश्न उत्तर में बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि डीएलएड के जितने भी कालेज है जिन्हें पूर्व में मान्यता दी गयी है उन्हे 2024-25 में संबद्धता प्रदान की जा रही है। यह जानकारी उन्होंने सपा के सदस्य मनोज कुमार पांडेय के सवाल के जवाब में दी। सपा की सदस्य पिंकी यादव के सवाल के जवाब में परिषदीय विद्यालयों में अंग्रेजी मीडियम की पढ़ाई शुरू करेंगे इस पर उन्होंने कहा कि 12 हजार 279 बेसिक विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई शुरू कराई गयी थी। लेकिन नई शिक्षा नीति के विद्यार्थियों का मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया गया है। इस लिए अभी और अन्य परिषदीय विद्यालयों मातृभाषा में पढ़ाए जाने पर सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन दिया जा रहा है। प्रश्न प्रहर के दौरान आज ही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य स्वामी ओमवेश ने इस बात पर आपत्ति दर्ज कराई कि बीते कल जब संदन में राम मंदिर निर्माण पर पर सरकार को सदन में बधाई दी गयी तब सत्तापक्ष के सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से इसका स्वागत और समर्थन किया गया। जबकि विपक्ष के जिन 14 सदस्यों ने इसका विरोध किया उसमें उनका नाम भी शामिल किया गया। उन्होंने अपने को राम भक्त बताते हुए कहा कि उनका नाम उन 14 सदस्यों से अलग किया जाए जिन्होंने राम मंदिर निर्माण के समर्थन में लाए गए प्रस्ताव में विरोध किया था। राज्यपाल के अभिभाषण पर जारी चर्चा में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, भाजपा के श्रीराम चौहान, चन्द्रपाल सिंह, राजेशपति त्रिपाठीए सपा के सदस्य आरके वर्मा, स्वामी ओमवेश सहित अन्य सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

## 11 फरवरी को विधानसभा के सभी सदस्य जाएंगे अयोध्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन में सूचना दी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी विधायक अयोध्या रामलाल के दर्शन के लिए आमंत्रित हैं। 11 फरवरी को पूरी यूपी विधानसभा के सभी सदस्य अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे। दर्शन करने स्वयं विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना भी जायेंगे। सभी सदस्यों को विधानसभा से अयोध्या तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान सदस्यों को इसकी जानकारी दी। महाना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सभी दलों को अयोध्या धाम चलने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि हम सबको मालूम है कि 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दलीय नेताओं ने अयोध्या ले चलने का अनुरोध किया था। सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने भी कहा था कि अध्यक्ष जी ले जाएंगे तो हम लोग चलेंगे। हम मुख्यमंत्री और अपनी तरफ से आप सभी को आमंत्रित कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 11 फरवरी को सभी सदस्य अयोध्या धाम चलने के लिए आमंत्रित हैं। प्रात: आठ बजे यहां विधानसभा परिसर में सभी सदस्य आ जाएंगे और हम सभी लोग एक साथ चलेंगे। उन्होंने कहा कि हमने बसों की व्यवस्था की है। मैं भी बस पर चलूंगा। यह बात मैंने इसलिए कह दी है ताकि कोई दूसरा सदस्य यह न पूछे कि हम अपनी गाड़ी से चल सकते हैं कि नहीं। उन्होंने सदन में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में साढ़े 11 बजे पहुंचकर पहले हनुमानगढ़ी का दर्शन करेंगे। उसके बाद साढ़े 12 से दो बजे तक राम लला के दर्शन करेंगे। दो बजे से तीन बजे तक दोपहर भोजन की व्यवस्था वहां की गई है और फिर वहां से सवा तीन बजे बस से ही सभी सदस्य लखनऊ वापस आएंगे। महाना ने इस बात पर जोर दिया कि जो भी सदस्य दर्शन करना चाहते हैं वे रविवार, 11 फरवरी को आठ बजे विधानसभा में आ जाएं।

## भगवान राम में जिन्हें श्रद्धा नहीं, वे मथुरा जाकर ही कुछ कर दें: एके शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राज्यपाल को योगी सरकार के क्रियाकलापों को विधानसभा में रखने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात की भी सराहना की राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम मंदिर में रामलला विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा से किया। प्राणप्रतिष्ठा से लेकर अब तक में पूरा देश एवं प्रदेश राममय हो गया, लेकिन विपक्ष ने अभिभाषण के दौरान सदन में गो बैक के नारे लगा रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। राज्यपाल ने अभिभाषण के दौरान कहा कि अयोध्याधाम अपने त्रेतायुगीन वैभव के साथ नगरीय विकास और सम्पन्नता का एक मॉडल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री के कारण ही प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, उन्होंने इसके लिए उनको धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह कार्य हुआए उनको नमन किया। उन्होंने नगर विकास के कर्मियों, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागों के कर्मियों को अयोध्याधाम को दिव्य व भव्य बनाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को यह सब रास नहीं आया, मान्यता है जहां भगवान होते हैं, वहां सुख, सम्पदा, वैभव अपने आप आती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को राम के नाम और राम मंदिर से ही आपत्ति हैए उन्हें बता दें कि राम से राम का नाम और उनके धाम को अलग नहीं किया जा सकताए फिर भी कुछ लोग अयोध्या जाने से डर रहे हैं। प्राणप्रतिष्ठा के लिए दिव्य व भव्य रूप से ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ। इसके लिए उन्होंने पूरे देश व प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सपा ने की शिक्षा मित्रों को उचित मानदेय की मांग

**विधान परिषद की कार्यवाही**

● निर्दल सदस्यों ने अधिकारियों पर लगाया जनप्रतिनियों के प्रति प्रोटोकाल का पालन न करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद सदन की कार्यवाही मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई। प्रश्न प्रहर के बाद शून्य काल में नियम-105 के तहत सपा सदस्यों ने शिक्षामित्रों को उचित मानदेय दिए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राह्यता पर मुकुल यादव, अशुतोष सिन्हा एवं डॉ. मान सिंह यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। संदीप सिंह बेसिक शिक्षा मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए।

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने उत्तर प्रदेश में वर्ष 2018 की 68500 शिक्षक भर्ती में ओबीसी आरक्षण का लाभ दिलाए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राह्यता पर भीमराव अम्बेडकर एवं लाल बिहारी यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। मंत्री ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल, डॉ. आकाश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधि के प्रति प्रोटोकाल का पालन न करने, भ्रष्टाचार में लिप्त होने एवं मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राह्यता पर राजबहादुर सिंह चंदेल, डॉ. आकाश अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किये जाने के निर्देश दिए।

## बीजेपी सरकार ने माफियाओं का अंत किया: जसवंत सिंह सैनी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जारी चर्चा में भाग लेते हुए राज्य मंत्री संसदीय कार्य, औद्योगिक विकास जसवन्त सिंह सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने महिला उत्पीड़न, भूमाफिया, नकल माफिया, खनन माफिया का अन्त किया है। इस सरकार बिजली की आपूर्ति 24 घण्टे बहाल हुई है। ट्रान्सफार्मर जलने पर तुरन्त बदले जा रहे है। बिजली के खम्बे तार इत्यादि को बदला जा रहा है। हमारी सरकार ने इन्वेस्टर समिट का आयोजन कर रोजगार के अवसर बढ़ाए। मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के विजय बहादुर पाठक, राम गोपाल उर्फ अंजान, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, श्रीचन्द शर्मा, मुकेश शर्मा, सूरेन्द्र चौधरी, कुंवर महाराज सिंह, ऋषिपाल सिंह एवं अरविन्द शर्मा ने तथा सपा के अशुतोष सिन्हा, डॉ. मान सिंह यादव एवं मो. जासमीर अंसारी आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अधिष्ठाता डॉ. सरोजनी अग्रवाल ने 5.10 बजे सदन की बैठक 7 फरवरी, 2024 को दिन में 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अमेठी या रायबरेली में शामिल होंगे।

सपा ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। सपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सम्मिलित होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का निमंत्रण प्राप्त हुआ। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को बधाई देते हुए निमंत्रण स्वीकार किया एवं 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के पश्चात अमेठी या रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी। अखिलेश यादव ने कहा कि आशा है भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करके पीडीए की रणनीति से जुड़ेगी और हमारे सामाजिक न्याय एवं परस्पर सौहार्द के आंदोलन को और आगे ले जाएगी। इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति, जीत का नया इतिहास लिखेगी।

## आईएसआई एजेंट का 10 दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

**लखनऊ (विसं)।** पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के मामले में निरुद्ध अभियुक्त सत्येंद्र सिवाल को एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने 10 दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर देने का आदेश दिया है। इसकी पुलिस कस्टडी रिमांड की अवधि सात फरवरी को प्रात: 10 बजे से शुरू होगी। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने यह आदेश एटीएस की अर्जी पर दिया है। इस अर्जी पर विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह ने बहस की। उनका कहना था कि बीते तीन फरवरी को अभियुक्त को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। इसने पूछताछ में बताया है कि जुलाई 2001 में वह ट्रांसफर पर मोरक्को रूस गया था। उस दौरान पूजा मेहरा नाम की लड़की की उसके मोबाइल पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। जिसे उसने स्वीकार कर लिया था। उससे कथित पूजा नाम की लड़की ने दोस्ती करने की बात कही तथा व्हाट्सएप नंबर मांगा। जिसे उसने दे दिया था। उसके बाद उस लड़की ने कनाडा के नंबर से व्हाट्सएप भेजा। अदालत को बताया गया कि पूजा मेहरा नाम की इस लड़की ने अभियुक्त से कहा था कि वह आईएसआई के लिए काम करती है। यदि वह उसे सैन्य प्रतिष्ठानो रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय की गोपनीय सूचनाओं को उपलब्ध कराएगा तो वह उसे मालामाल कर देगी। कहा गया कि इसे पुलिस रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ करनी है।

## भाजपा की धांधली अब उनके समर्थकों के लिए भी घोर शर्मिंदगी का विषय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव की धांधली का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा की धांधली अब उनके समर्थकों के लिए भी घोर शर्मिंदगी का विषय है। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कैमरे में दर्ज भाजपा की धांधली न केवल माननीय सर्वोच्च न्यायालय के लिए सबूत बनी है, बल्कि आज तक उनके समर्थक रहे लोगों के लिए घोर शर्मिंदगी का विषय भी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने 2022 के उप्र के विधानसभा चुनावों में वोटर लिस्ट की हेराफेरी से लेकर मतदान, मतगणना व परिणाम घोषित करने तक की प्रक्रिया में यही धांधली शासन-प्रशासन, चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर समाजवादी पार्टी को ज़बरदस्ती हराने के लिए की थी। सपा प्रमुख ने कहा कि आज सबूत सामने है और भाजपा समर्थक चुल्लू भर पानी ढूँढ रहे हैं जबकि सपा समर्थक आगामी लोकसभा चुनावों में 90 प्रतिशत पीडीए के साथ अपने वोट की रक्षा करने व भाजपा की हर धांधली को रोकने के लिए एकजुट हो गए हैं।

# रामलला का दर्शन कर भावविभोर हो गया अरुणाचल प्रदेश का मंत्रिमंडल

● देश विकास की नई गाथा लिखेगा: पेमा खांडू

**सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सहजता से कराया गया दर्शन, सुरक्षा व्यवस्था थी चुस्त-दुरुस्त**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/अयोध्या

**रामलला** की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यगण पहुंचे। संकटमोचन हनुमान के दिन मंगलवार को श्रीरामलला के दर्शन कर पूरा मंत्रिमंडल भावविभोर हो गया। अरुणाचल प्रदेश का पहला राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल है, जिसने प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत श्रीरामलला का दर्शन-पूजन किया। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के साथ राम मंदिर में दर्शन करने मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। उत्तर प्रदेश की अतिथि देवो भव की परंपरा देख सभी आगंतुक भावविभोर हो गए। दर्शन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना भी हो गया।

योगी सरकार के कृषि व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू व उनके कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों को माला पहनाया, अंगवस्त्र भेंट किया और माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया। सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अरुणाचल प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि उनके कैबिनेट सहयोगियों, विधायकों और अधिकारियों सहित 70 लोगों का प्रतिनिधिमंडल राम मंदिर दर्शन करने आया है। सीएम पेमा खांडू ने कहा कि मैं दो साल पहले भी अयोध्या आया था, जब श्री राम मंदिर का निर्माण चल रहा था। बहुत उत्साहित हूं कि राम मंदिर बन गया है और मैं दर्शन करने आया हूं। उन्होंने बताया कि अयोध्या में अरुणाचल भवन निर्माण कराए जाने को लेकर हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। 500 वर्षों बाद राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है, यह देश के लिए बड़े गर्व की बात है। अब रामराज भी आ गया है। देश विकास की नई गाथा लिखेगा।

## डोनेट फार न्याय की मुहिम से जुड़कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाएं: अजय माकन

● यात्रा की तैयारियों को लेकर पार्टी के सभी पदाधिकारियों की हुई बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से होते हुए नागालैण्ड, असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखण्ड, की यात्रा तय करके उड़ीसा, छत्तीसगढ़ होते हुए आगामी 16 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली में प्रवेश कर प्रदेश के 20 जनपदों से होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी।

यात्रा के भव्य स्वागत एवं यात्रा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्ति हो सके इसके लिए मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त एआईसीसी/ पीसीसी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में हुई। तदपश्चात यात्रा से सम्बन्धित जनपदों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला-शहर अध्यक्ष, एवं फ्रंटल,विभाग, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं चेयरमैन, समस्त लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रत्याशियों की भी बैठक यात्रा की तैयारियों को लेकर सम्पन्न हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि जननायक राहुल गांधी के इस यज्ञ में आप सभी से सहयोग अपेक्षित है। आप सब डोनेट फार न्याय की मुहिम से जुड़कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि आज हमारे सामने राजनीतिक संकट है जिसके लिए हम सभी को एक साथ खड़े होने की आवश्यकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उप्र अपने नायक राहुल गांधी के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस का हर सिपाही सड़क पर उतरकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पंच न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' भारत की विभिन्न संस्कृतियों का समागम है।

## आतंकी संगठन जमातउल मुजाहिदीन के सदस्य फजर को पांच वर्ष की सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**फर्जी** पहचान पत्र बनाकर देश में लुक छुपकर रहने के मामले में दोषी करार दिए गए बांग्लादेश के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात उल मुजाहिदीन के सदस्य तौहीदुर्ररहमान उर्फ फजर अली को एनआईए/एटीएस की विशेष अदालत ने पांच वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने इस पर 17 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोंका है।

20 जुलाई 2017 को इस मामले की रिपोर्ट एटीएस के उपनिरीक्षक प्रेम कुमार ने मेरठ यूनिट में दर्ज कराई थी। एटीएस के विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक अबूजार के फर्जी नाम से हबीबुल्लाह नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ देवबंद में रह रहा था। यह सभी बांग्लादेश के रहने वाले थे एवं फर्जी आधारए वोटर कार्ड, पैन कार्ड बनाए जाने का काम करते थे।

विवेचना के दौरान अभियुक्त तौहीदुर्ररहमान का नाम भी सामने आया। 14 अक्टूबर 2022 को इसे जिला कारागार भोपाल से बी वारंट के जरिए तलब किया गया था। तीन जुलाई 2023 को इसके विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हुआ। विचारण के दौरान अभियुक्त ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। इसके बाद उसे कारावास एवं जुर्माने की सजा से दंडित किया गया।

### दुष्कर्मी को 10 वर्ष की कठोर कारावास

**लखनऊ (विसं)।** महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त संतोष कुमार को सत्र अदालत ने 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे राहुल मिश्र ने इस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील अभय त्रिपाठी के मुताबिक वर्ष 2015 में पीड़िता ने अदालत के आदेश से इस मामले की रिपोर्ट थाना माल में दर्ज कराई थी। पीड़िता मनरेगा में काम करके अपने बच्चों को पालती थी। घटना के तीन वर्ष पूर्व भी वह मनरेगा में मजदूरी करने गई थी। तभी शाम को अभियुक्त संतोष कुमार ने उसे रोक लिया तथा नशीला पदार्थ खिलाकर उसे सुनसान स्थान पर ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया एवं वीडियो बनाया। होश में आने पर जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि वह अश्लील फोटो को सोशल मीडिया पर डाल देगा। इसके बाद आरोपी पीड़िता को फोटो क्लिप दिखाकर ब्लैकमेल व शोषण करता रहा। जिसके कारण वह गर्भवती भी हो गई।

# अश्लील वीडियो बनाकर हड़पा दलित का घर व गाड़ी

## ● डांस सिखाने के बहाने संचालक दो वर्षों तक बंधक बनाकर करता रहा शोषण

शिकायती पत्र देने के लिए खड़ा पीड़ित परिवार।

**फतेहपुर।** डांस सीखने गई दलित किशोरियों से संचालक पर दो वर्षों तक बंधक बनाकर यौन शोषण करने एव अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मकान एवं वाहन अपने नाम करवाने का आरोप लगाते हुए पीडिताओं ने डांस एकेडमी संचालक पर कार्रवाई के लिये डीएम से गुहार लगाई है। मंगलवार को शहर के तुराब अली पुरवा निवासी महिला ने जिलाधिकारी सी इंदुमती को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वर्ष 2020 में उसके पति की मत्यु एवं 2022 में पुत्र की मृत्यु होने के पश्चात दोनों नातिनों के भविष्य के लिए सिविल लाइन स्थित डांस एकेमडी में प्रवेश दिलवाया था उन्होंने एकेडमी संचालक प्रशांत राज सिंह पुत्र मैदान सिंह पर बहू मालती के साथ विवाद कराने के बाद नातिनों को एकेडमी में बंधक बनाकर यौन शोषण करने व अपने साथियों से जबरन दुष्कर्म कराने व उसका अश्लील वीडियो बनवाकर अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर उसके दोनों मकानों की रजिस्ट्री करवाने एवं कार व बाइक वाहनों को भी कब्ज़ाने का आरोप लगाया। पीडिताओं ने जिलाधिकारी को संचालक द्वारा बैंक में आने वाली उसकी पेंशन से हर माह पैसे वसूलने के साक्ष्य भी दिखाए। डांस अकेडमी संचालक द्वारा मकानों एव वाहनों के हड़पे जाने के बाद खुद के ठगे जाने से पीड़िताओं ने थाने जाकर शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई न किये जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से न्याय की गुहार लगाई।

# विपणन वर्ष 2024-25 हेतु गेहूँ की उपज का समर्थन मूल्य निर्धारित

**कानपुर देहात।** आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ की उपज हेतु समर्थन मूल्य रू. 2275 प्रति कु. निर्धारित किया गया है। भारत सरकार द्वारा गेहूँ के समर्थन मूल्य में रू. 150 रू. प्रति कु. की व्यापक वृद्धि की गयी है। गेहूँ विक्रय हेतु पंजीकरण/नवीनीकरण 01 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ है। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि किसानों को गेहूँ विक्रय से पूर्व खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल अथवा विभाग के मोबाइल ऐप पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। गेहूँ बिक्री हेतु ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है।

कृषक बंधु पंजीकरण हेतु वर्तमान मोबाइल नम्बर ही अंकित कराएं एवं एसएमएस द्वारा प्रेषित ओटीपी भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें। वर्तमान में संचालित धान क्रय केन्द्रों पर किसानों हेतु नि:शुल्क पंजीकरण/नवीनीकरण किये जाने की सुविधा उपलब्ध है।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद में गेहूँ खरीद हेतु 53 क्रय केन्द्र यथा.ब्लाक अकबरपुर में 06, सरवनखेड़ा. 04, मैथा.04, डेरापुर.5, झींझक. 07, रसूलाबाद.08, राजपुर. 03, संदलपुर. 03, अमरौधा.09 व मलासा. 04 केन्द्र अनुमादित हैं। गेहूँ के मूल्य का भुगतान गेहूँ विक्रय के 48 घण्टे के अन्दर कृषकों के आधार लिंक बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से किये जाने की व्यवस्था है। कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना आवश्यक है। कृषकगण आगामी गेहूँ खरीद में सरकारी गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय कर अपनी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त करें।

# डीएम ने मरीज को खाना व नाश्ता न मिलने के मामले में फार्मासिस्ट को किया निलंबित

## ● स्टाफनर्स के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने आज मंगलवार को डा. राम मनोहर लोहिया (पुरुष व महिला) अस्पताल का अचानक निरीक्षण करने के दौरान आपात चिकित्सा कक्ष में पहुंचकर मॉनिटर से खुद का ऑक्सीजन लेवल चेक कराया गया जिस पर मॉनिटर का सेंसर खराब पाया गया। जिलाधिकारी डा. वीके सिंह ने इंचार्ज फार्मासिस्ट सचेद्र द्विवेदी एवं ई एम ओ आकाश बंसल को चेतावनी देते हुए इसे अविलंब ठीक करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने सभी वार्डो में जाकर मरीजो से उनके उपचार की जानकारी ली तथा सभी मरीजो से पूछा कि सभी दवाई अस्पताल में मिल रही है या नही क्या कोई दवा बाहर से तो नही मगाई जा रही है, जिस पर मरीजो द्वारा बताया गया कि दवा मिल रही है।

इसी दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से पूंछा की समय पर खाना व नाश्ता मिल रहा है कि नही, कई मरीजों ने बताया कि कल शाम को भर्ती हुये थे अभी तक खाने व नाश्ते में कुछ नही मिला। इस शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई एवं खाने की व्यवस्था के इंचार्ज फार्मासिस्ट मुकेश दीक्षित को निलंबित करने व स्टाफ नर्स यज्ञेश कुमारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए, साथ ही समय पर खाना व नाश्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अस्पताल में साफ सफाई की स्थिति खराब पाई गई, पंखे गंदे पाये गये जिलाधिकारी ने सीएमएस को उक्त व्यवस्थाये सही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित डॉक्टर उपस्थित रहे ।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी और डंडे एक युवक की हुई मौत

**मोहम्मदी खीरी।** दो पक्षों में हुई मारपीट में एक युवक की मौत हो गई। चार को नाम दर्ज कराया गया। जानकारी के अनुसार मोहन जी नगर के मोहल्ला सरैया में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें एक युवक मंसूर के साथ में चोट लगी अस्पताल ले जाते समय उसमें दम तोड़ दिया।

मंदसौर के भाई की तहरीर पर चार लोगों को नाम जद किया गया है जिसमें साबिर, निजामुद्दीन उर्फ बबलू, जुबैर और अतीक को नामजद किया। कल रात से मोहम्मदी, गोला, हैदराबाद, ऊचौलिया, नीमगांव, फरधान, पसगवां सहित कई थानों की फोर्स के साथ.साथ एक टुकड़ी पीएससी मोहल्ले में तैनात की गई थी। गमगीन माहौल में देर शाम मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उपजिला अधिकारी, पुलिस उपाध्यक्ष, मोहम्मदी, पुलिस उपाध्यक्ष गोला सहित कई थानों की फोर्स मौजूद रहे। पुलिस उपाध्यक्ष व प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी ने बताया कि पुलिस की टीम बनाई गई है। शीघ्र ही अभियुक्त पुलिस के कब्जे में होंगे।

# प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत को डीसी एवं डीपीएम के द्वारा दिया प्रशिक्षण

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**स्वच्छ** भारत मिशन (ग्रा.) योजनान्तर्गत ओडीएफ प्लस हेतु वर्ष लिमिट व्यय किये के सम्बन्ध में डीपीआरसी में प्रथम पाली में विकास खण्ड अकबरपुर सरवनखेडा एवं द्वितीय पाली में विकास खण्ड मलासाए संदलपुर के ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायतों को डीसी एवं डीपीएम के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। डीपीआरसी प्रशिक्षण केन्द्र में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) योजनान्तर्गत ओडीएफ प्लस हेतु वर्ष 2023.24 में चयनित ग्रामों के ग्राम प्रधान एवं सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि वर्ष 2023.24 में 371 ग्राम पंचायत का चयन किया गया थाए ग्राम प्रधान एवं सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम स्वच्छता कार्य 2023.24 में चयनित ग्रामों में नियमानुसार कार्य कराये जाने एवं पीएफएमएस पर क्रेडिटजना प्रस्तुत की गयी। प्रस्तुत कार्ययोजना के अनुसार 247 ग्राम पंचायतों को मिशन कार्यालय द्वारा क्रेडिट लिमिट निर्गत की गयी। उक्त ग्रामों में ग्राम स्वच्छता कार्ययोजना के अनुसार कार्यों को कराये जाने हेतु एवं पीएफएमएस के माध्यम से पंचायत सचिवालय से ही कार्य कराये जाने के संबंध में प्रशिक्षण डीपीआरसी में दो पाली में कराया जा रहा है। डीसी अरूणेश रंजन ने ग्राम पंचायत की एडमिन आईडी (लिंक यूनिक आईडी) का नया पासवर्ड बनाए जाने एवं भुगतान हेतु मेकर व चेकर बनाने की कार्यवाही के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत को प्रशिक्षण दिया गया तथा डीपीएम प्रवीण यादव एवं सौरभ गुप्ता ने मॉडल ग्रामों में जेम पोर्टल के माध्यम से ई.रिक्शा व अन्य सामग्री कय किये जाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम पाली में डीसी माधुरी राजपूत, सचिव ग्राम पंचायत आशिका सिंह, मनी शर्मा, अमिता मिश्रा, नीलू वर्मा, निधि बाजपेई, रमाशंकर, सुधीर कटियार, स्नेहलता, रूबी गौतम, शिवम् अग्निहोत्री, प्रियंका राठौर एवं ग्राम प्रधान में सरस्वती, राम प्रसाद, दिलीप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, बृजेन्द्र सिंह, राधेश्याम शर्मा, सन्तोष, ऊषा सिंह, लाल बहादुर, राम प्रसाद सिंह, सोनी कमल एवं द्वितीय पाली में सचिव ग्राम पंचायत दिलीप कुमार, बोस्की शर्मा, जिज्ञाशु मिश्रा, रिचा सचान, आकांक्षा त्रिपाठी, आशीष कुमार मिश्रा, सरफ़राज हुसैन, ग्राम प्रधाना में अवधेश सिंह, विपेन्द्र सिंह, महमूद हसन, रंजीत, सत्यवीत, उदय सिंह पाल, मोहिनी सिंह, संजय कुमार, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहें।

पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में थाना रसूलाबाद पुलिस की कार्यवाही से गैंगस्टर के 01 शातिर किस्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार। थाना रसूलाबाद में अभियुक्त पर आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना रसूलाबाद पर 15.12.2023 को मु.अ.सं. 523/2023 धारा 3(1) उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम बनाम 02 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था।

## क्विक न्यूज

### सीओ सदर नें भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सदर क्षेत्राधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर जहां एक ओर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं दूसरी ओर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमणकारियों को हद में रहनें की चेतवानी दी। मंगलवार की शाम सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा सहित पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, रेलवे रोड, तिर्वा रोड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें नागरिकों से वार्ता कर उनके आसपास हो रहे गैरकानूनी कार्यों की सूचना देकर अपराध नियंत्रण में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की।

### मकान पर डंफर पलटने से गृहस्वामी घायल, भैंस की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरैला गांव में सोमवार की रात मौरंग लदा एक डंपर घर के ऊपर पलट गया। जिससे घर मे सो रहा गृहस्वामी घायल हो गया और भैंस की मौत हो गई। घायल अवस्था में गृहस्वामी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के सरैला गांव निवासी स्व. सुन्दर बाल्मीकि का 50 वर्षीय पुत्र सुरेश बाल्मीकि घर पर सो रहा था। तभी रात लगभग 11 बजे एक मोरंग से भरा डंपर अनियंत्रित होकर उसके घर के ऊपर पलट गया। जिससे घर में सो रहा सुरेश घायल हो गया और छप्पर के नीचे बंधी उसकी भैंस की दबकर मौत हो गई। डंपर चालक व खलासी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना सरकारी 108 एम्बुलेन्स को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से तीन घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसमें बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायल अवस्था मे सभी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के रहरा गांव निवासी राम बली का 35 वर्षीय पुत्र नानुह लोधी आज सुबह पानी बाइक पर मंगली लोधी के 32 वर्षीय पुत्र सीताराम लोधी और छोटकौना की 24 वर्षीय पत्नी रीता देवी को सवार कर किसी काम से जा रहा था। तभी थाना क्षेत्र में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें बाइक पर सवार तीनो लोग घायल हो गए। सभी घायलो को इलाज के लिए हुसैनगंज सीएचसी पहुंचाया गया।

### ट्रेन की चपेट में आकर दो महिलाओं की मौत, तीन घायल

**संडीला (हरदोई)।** अपनी ट्रेन पकड़ने के लिए रेल की पटरी पार कर रहे पांच लोगों में से दो महिलाओं की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक घटना बालामऊ रेलवे स्टेशन पर घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालामऊ रेलवे स्टेशन पर सीतापुर के लिए अपनी ट्रेन पकड़ने के लिए अनीता पत्नी अनिल कुमार आयु 40 वर्ष रोशनी पत्नी मुन्ना उम्र 35 वर्ष शकील पुत्र रहमत निवासी औरंगाबाद आयु 35 वर्ष प्रमोद पुत्र मूलचंद आयु 30 वर्ष निवासी खैराबाद व मनोज पुत्र रामरखन आयु 25 वर्ष निवासी मिश्रिख शॉर्ट कट से ट्रेन की पटरी पार कर दूसरे प्लेटफॉर्म पर जा रहे थे। जल्दबाज़ी में पांचो लोग हरदोई की ओर से आ रही रनथ्रू ट्रेन को नहीं देख पाए और सभी इस ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे अनीता तथा रोशनी की कटकर मृत्यु जबकि शकीलए प्रमोद और मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को पहले सीएचसी बालामऊ ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल हरदोई के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक महिलाओं के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### गोवध में वांछित ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**संडीला (हरदोई)।** थाना पुलिस द्वारा गोवध में वांछित ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुलज़ार पुत्र इमाम बख्श निवासी ग्राम अफ़सरिया थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात्त जो थाना कासिमपुर में गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत वांछित तथा उस पर रु. 10000/- का ईनाम रखा गया था।

### विजेन्द्र सिंह ने कोतवाल संडीला का पदभार किया गृहण

**संडीला (हरदोई)।** पुलिस अधीक्षक ने एक सप्ताह से कोतवाल संडीला की खाली कुर्सी पर विजेन्द्र सिंह को कोतवाल की कमान सौंपी है। सिंह प्रभारी निरीक्षक कासिमपुर के रूप में तैनात थे। गौरतलब है कि संडीला में तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद सिंह को एक सप्ताह पूर्व पुलिस अधीक्षक ने लाइनहाज़िर कर दिया था, जिससे प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी खाली थी।

# जर्जर भवन की छत गिरने से बालक हुआ घायल

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी आवास योजना के आवंटन में विगत दो वर्ष पूर्व हुये भ्रष्टाचार व दलाली की जांच व कार्रवाई न होने से जहां अपात्रों के हौसले बुलंद है तो वही कई पात्र आज भी योजना के लाभ से वंचित होकर मायूस हैं। उच्चाधिकारी भी जानबूझकर मूकदर्शक बनें हुये हैं। मंगलवार को नगर के मोहल्ला रामगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्र सुनीता देवी पत्नी उमेश चन्द्र के जर्जर मकान की पूरी छत अचानक भर-भरा कर गिर पडी। जिससे घर के अंदर खेल रहा 04 वर्षीय बालक दबकर गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिये निजी चिकित्सक के यहा ले जाया गया। पात्र महिला नें बताया कि उसके पति मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। सुविधा शुल्क न दे पाने के कारण वह विगत दो वर्षो से आवास योजना का लाभ लेने के लिये राजस्व कार्यालय से तहसील कार्यालय तक अधिकारियों के चक्कर लगा चुकी है।

# सारे काम छोड़ दो, पहले जाकर वोट दो

जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते नायब तहसीलदार।

**फतेहपुर।** स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान व मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता ग्लोबल पब्लिक स्कूल राधानगर में आयोजित कराई गई। मुख्य अतिथि के रूप में विजयशंकर तिवारी नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। डॉ अनुराग ने बच्चों के माध्यम से अभिभावकों, रिश्तेदारों व पड़ोसियों को मतदान हेतु प्रेरित करने के साथ साथ अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिये समझाया व सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई कि हम सभी लोगों को जागरूक करेंगे व वृद्ध, दिव्यांगजन को मतदान स्थल तक पहुंचाने में मदद करेंगे सभी बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली। रैली को नायब तहसीलदार, प्रधानाचार्य प्रखर शुक्ला व स्वीप आइकॉन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी बच्चे पहले मतदान फिर जलपान व सारे काम छोड़ दो, पहले जाकर वोट दो के नारे लगाते हुए चल रहे थे। मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम मेराज खान, द्वितीय आदित्य चौहान व तृतीय स्थान पर अंशिका रही। अध्यापक नमृता त्रिपाठी, असरा जाफरी, हिमांशु मिश्र, अपर्णा कसौधन, रुद्रेश त्रिपाठी, शिवम तिवारी, दीपक शुक्ल, वर्षा, अंजली, मोरेंद्र विक्रम सहित प्रमुख सहयोगी चौतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# एनजीटी के मानक भूल बूम मशीनों से निकाल रहे मौरंग

## ● रात के अंधेरे में बिना नंबर प्लेट के निकल रहे ओवरलोड वाहन

## ● ओवरलोड वाहन निकलने से नौबस्ता रोड का निकला कचूमर

**संवाददाता।** खागा/फतेहपुर

**मझगवां** खदान में व्यापारी कम लुटेरे अधिक सक्रिय हैं। कथित रूप से तहसील प्रशासन व पुलिस को खरीदकर अवैध खनन का खेल जमकर खेला जा रहा है। सोमवार को देखा गया कि नौबस्ता रोड पर ओवरलोड वाहनों की लाइन लगी हुई है। ओवरलोड वाहनों के चलते नौबस्ता रोड की हालत बहुत खराब है। इन दिनों उस रास्ते से निकलना मौत को दावत देने जैसा प्रतीत होता है। मौरंग खनन कारोबारी सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व का चूना लगा रहे हैं। बिना रवन्ना वह बिना नंबर प्लेट रात के अंधेरे में गाड़ियों का निकलने का सिलसिला चालू है। साथ ही खनन के लिए बने नियम कानूनों को खुलेआम रौंद रहे हैं। मौरंग माफिया जब अवैध खनन कर सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लगाते है।

मौरंग खनन के नाम पर खनन माफियाओं की नेता, पुलिस, प्रशासन और तथाकथित पत्रकार कम ठेकेदार जी भर कर मदद करते हैं। उनकी मदद से रात दिन खदानों में लूट मची हुई है। मौरंग निकासी के इस खेल में खाकी की भी चांदी है। पूरी रात निकल रहे बिना रवन्ना बालू लदे ओवरलोड ट्रकों से चौथ वसूलते खाकीधारी प्रत्येक चौकी थाने के सामने आसानी से देखे जा सकते हैं। उदाहरण के रूप में इन दिनों सोशल मीडिया पर कई वीडियो देखे जा सकते हैं। जिसमे ओवरलोड वाहनो को देर रात वसूली के बाद निकालते हुए देखा जा सकता है। शासन ने ओवरलोड रोकने के लिए खदानो में कैमरे लगाए, धर्मकांटे लगाए मगर कैमरे बंद हैं, या कहिए बंद कर दिए गए हैं। धर्मकांटा भी पहले से सेट वेट ही बताता है। कुल मिलाकर मामला ऊपर से नीचे तक पूरा सेट है। यही वजह है कि नियम कानूनों को खनन माफिया अपने पैरों तले रौंद रहे हैं। मझगवां मौरंग खदान में पानी के अंदर से बड़ी-बड़ी बूम मशीनों द्वारा करोड़ो की मौरंग अवैध तरीके से निकली जा रही है। ओवरलोड वाहन खदान से निकलकर बमुश्किल बनी सड़कों को चौपट कर रहे हैं। रात के अंधेरे में ओवरलोड ट्रक निकल रहे हैं। जिससे राजस्व को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। खनिज अधिकारी राजीव रंजन से बात की गई तो उनका कहना था कि मझगवां खदान में अगर मानक की अनदेखी की जा रही है तो जल्द वहां जाकर छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# शासन ने हमीरपुर जिला समेत बीस जिलों में राज्य कर्मचारियों के लिये बीमा

## ● अस्पताल स्थापना खोलने की दी हरी झंडी

## ●एक एकड़ भूमि की तलाश शुरु

**संवाददाता।** हमीरपुर

**राज्य** कर्मचारी बीमा निगम के तहत शासन ने बीस जिलों में डिस्पेंसरी कम ब्रांच आफिस (डीसीबीओ) स्थापना के लिये हरी झंडी दे दी है। इसके लिये इन जिलों के सभी जिलाधिकारियों से एक एकड़ भूमि निशुल्क उपलब्ध कराने के लिये कहा है। इन जिलों में राज्य कर्मचारियों के लिये निशुल्क इलाज के लिये अभी तक कोई सुविधा उपलब्ध नही थी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व (एडीएम) अरुण कुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि हमीरपुर जिले में कर्मचारियों व संविदा कर्मियों को जिसका ईएसआर कटता है उनको राज्य कर्माचारी बीमा निगम के तहत बीमा अस्पताल में मुफ्त चिकित्सा सुविधा दी जाती है, मगर अभी तक हमीरपुर, कानपुर देहात, अंबेडकरनगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बलरामपुर, चित्रकूट, एटा, अयोध्या, महोवा, बलिया, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, कासगंज, जौनपुर जिलों में कर्मचारी बीमा अस्पताल न होने के कारण कर्मियों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा नही मिल पाती थी।

शासन ने इसके लिये कम से कम एक एकड़ भूमि आवंटित करने को प्रशासन को आदेश दिये है,एडीएम का कहना है कि इस मामले में उन्होने भूमि आवंटन करने की कार्यवाही शुरु कर दी है। जैसे ही भूमि मिलती है वैसे ही शासन को सूचित कर दिया जायेगा। इधर भारतीय मजदूर संघ हमीरपुर जिले के जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा ने पिछले दिनों संगठन के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेट कर कर्मचारी बीमा अस्पताल खोलने की मांग की थी इस पर मुख्यमंत्री में मामले को गंभीरता से लेते हुये सभी बीस जिलों में बीमा अस्पताल स्थापना करने की क्लीन चिट दे दी है।

मिश्रा ने बताया कि कर्मचारी बीमा अस्पताल की स्थापना हो जाने से रेगुलर व संविदा कर्मियों जिनका ईएसआर कटता है सभी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी। शासन ने अस्पताल के साथ साथ आफिस की भी स्थापना करेगा। बीमा अस्पताल की स्थापना होने से कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है। कर्मियों का कहना है कि अन्य जिलों की तरह अब उन्हे भी सुविधा मिलेगी।

# छह स्कूली वाहनों को पकड़ा, 1.5 लाख किया जुर्माना

**फर्रुखाबाद।** चेकिंग अभियान चलाकर एआरटीओ प्रवर्तन नें आधा दर्जन स्कूली वाहनों को पकड़ उन में खामियां मिलने पर उन पर 1.5 लाख का जुर्माना लगाया। एआरटीओ प्रवर्तन ने नगर क्षेत्र में स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग कीद्य जिसमें आधा दर्जन वाहनों को चालान करते हुए दो वाहनों को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया, इन वाहनों पर 1.5 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। पकड़े गए स्कूली वाहनों में दो मारुति वैन भी शामिल हैं जिनके द्वारा व्यावसायिक पंजीकरण कराये बिना स्कूली छात्र ले जा रहे थे तथा उनकी फिटनेस भी समाप्त थी। स्कूली वाहनों की चेकिंग में विशेष रूप से एलपीजी व सीएनजी किट द्वारा संचालित वाहनों की चेकिंग की गई ताकि बच्चों की सुरक्षा को कोई खतरा न हो। चेकिंग में कोई भी स्कूली वाहन सीएनजी अथवा एलपीजी किट से संचालित नहीं पाया गया। एआरटीओ द्वारा अन्य आठ वाहनों का चालान करते हुए रु 1.75 लाख का अर्थ दंड भी लगाया गया।

### डीएम से की पूर्व विधायिका के खिलाफ रिपोर्टदर्ज कराने की मांग

**फर्रुखाबाद।** डीएम से पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने व सरकारी कर्मचारी के द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायते की गई। थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी मास्टर नाहर सिंह राजपूत ने डीएम से पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत व उनके पति रामकृष्ण राजपूत के विरोध में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की फरियाद की। राजपूत ने शिकायती पत्र देकर डीएम को अवगत कराया की थाना मऊदरवाजा के ग्राम हाथीपुर स्थित मन्दिर रामचन्द्र जी महाराज व सीताजी महारानी मंदिर की भूमि का फर्जी महात्माओं इतिहास वेत्ता डा. रामकृष्ण राजपूत व उनकी धर्मपत्नी पूर्व चर्चित विधायिका भू-माफिया घोषित उर्मिला राजपूत ने बैनामा करवा लिये थे। उप जिलाधिकारी सदर के द्वारा 18.12.2020 को जांच की गयी थी। जांच रिपोर्ट में तमाम अनियमितताओं का उल्लेख किया गया। कई बार शिकायतों के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नही की गयी। शिक्षक नरसिंह राजपूत ने बताया की डीएम ने कार्रवाई कराने के लिए शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक को भेजा है।

# पुलिस ने करीब 25 लाख से ज्यादा के चोरी हुए 125 मोबाइल किया बरामद

**बांदा।** बांदा पुलिस ने करीब 25 लाख से ज्यादा के चोरी हुए 125 मोबाइल फोन बरामद की है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने लोगों को उनके खोए मोबाइल को सौंप दिया। खोए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे, उन्होंने पुलिस को धन्यवाद कहा साथ ही कहा कि यह बहुत कम हुआ कि फोन चोरी होने के बाद मिला है। बांदा में लगातार मोबाइल चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीण् इस पर एसपी अंकुर अग्रवाल ने सर्विलांस और साइबर सेल की 12 सदस्यों की एक टीम को लगाकर उन्हें खोजने के आदेश दिए थे, इसके बाद पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर खोजबीन शुरू की। इस दौरान पुलिस ने मोबाइल के लोकेशन के आधार पर दुकानदारों और चोरों से उन्हें बरामद किया। साइबर क्राइम पुलिस थाना सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जनता के खोये हुए करीब 25 लाख रुपये अनुमानित कीमत के कुल 125 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द। पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनता के खोये हुए मोबाइल के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालयध्समस्त थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाना, सर्विलांस सेल व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। साइबर क्राइम पुलिस थाना, सर्विलांस व एसओजी की सयुंक्त पुलिस टीम ने कठिन परिश्रम करते हुए 125 अदद विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। बरामद किए गए कुल मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। बरामद मल्टी मीडिया मोबाइल फोन को पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा आज दिनांक 5 को पुलिस लाइन बांदा सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# मनरेगा कोष गबन मामले में ईडी ने बंगाल में कई जगहों पर छापेमारी की

**भाषा।** कोलकाता

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कोष के कथित गबन की जांच के सिलसिले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थानों पर छापे मारे गए, उनमें राज्य के अधिकारियों के आवास भी शामिल हैं। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने छापेमारी को 'प्रतिशोध की राजनीति' और राज्य के बकाए के भुगतान की मांग को लेकर टीएमसी के जारी धरने से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा की 'हताशा भरी चाल' बताया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं, लेकिन वह कार्वाई का स्वागत करती है।

ईडी साल्ट लेक के आईए ब्लॉक में पश्चिम बंगाल सिविल सेवा (डब्ल्यूबीसीएस) के एक अधिकारी के आवास पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारी पहले हुगली जिले के धनियाखाली में खंड विकास अधिकारी के रूप में तैनात थे।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी ने बताया कि जब वे अधिकारी के आवास पहुंचे, तो वह वहां मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह कहां हैं। अधिकारियों ने बताया कि झाड़ग्राम जिले में डब्ल्यूबीसीएस के एक अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी की कार्वाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी छापेमारी के अलावा डब्ल्यूबीसीएस के अधिकारी से पूछताछ भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में भी राज्य सरकार के एक कर्मचारी से जुड़ी संपत्ति की तलाशी ली जा रही है। यह कर्मचारी पंचायत विभाग में तैनात है।

एक अधिकारी ने बताया, कर्मचारी की बहन के खाते में 4.5 करोड़ रुपए की रकम का पता चला है। यह धन मनरेगा कोष का होने का संदेह है। उन्होंने दावा किया कि अनियमितताओं में संलिप्तता के सबूत मिलने के बाद छापेमारी की कार्वाई की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि कथित अनियमितताएं राज्य में मनरेगा के तहत जारी किए गए लगभग 25 लाख फर्जी रोजगार कार्ड से संबंधित हैं।

छापेमारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, टीएमसी की वरिष्ठ नेता शशि पांजा ने कहा, यह राज्य के बकाया की मांग को लेकर टीएमसी के जारी धरने से जनता और मीडिया का ध्यान हटाने का एक प्रयास है। यह प्रतिशोध की राजनीति का एक स्पष्ट उदाहरण है। हालांकि, पश्चिम बंगाल भाजपा ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य ने कहा, वास्तविकता यह है कि टीएमसी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है, लगभग हर नेता भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है।

विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, 'ईडी का हस्तक्षेप तब हुआ, जब राज्य पुलिस फर्जी जॉब कार्ड जारी करने के मामले में कुछ जिला अधिकारियों और पंचायत सदस्यों के खिलाफ दर्ज 100 से अधिक प्राथमिकी पर एक भी आरोपपत्र दाखिल करने में विफल रही। अब, हर गलत काम करने वाले को न्याय के कटघरे में लाने के लिए जांच का दायरा बढ़ाया गया है।

नंदीग्राम के भाजपा विधायक ने आरोप लगाया, हमारी जानकारी के अनुसार, बड़ी संख्या में बीडीओ, मनरेगा पर्यवेक्षक और टीएमसी पंचायत सदस्य शामिल हैं। टीएमसी के इस आरोप पर कि छापे अधिकारी द्वारा रचे गए हैं, उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने कल जो कहा था, मैं उसे दोहराता हूं... ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। उन्होंने धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जांच की। इस पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है, लेकिन हम चाहते हैं कि सभी चोरों को सज़ा मिले।

टीएमसी के वरिष्ठ नेता पार्थ चटर्जी, ज्योतिप्रिय मलिक और अणुव्रत मंडल को केंद्रीय एजेंसियों ने भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया है। हाल ही में केंद्रीय एजेंसियों ने नगर पालिकाओं में भर्ती के सिलसिले में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रतिन घोष और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम के आवासों सहित विभिन्न स्थानों पर छापे मारे थे। केंद्र द्वारा पश्चिम बंगाल के बकाए को तत्काल मंजूरी देने की मांग पर दबाव बनाने के लिए टीएमसी मध्य कोलकाता के रेड रोड इलाके में डॉ. बी आर आंबेडकर की मूर्ति के पास धरना दे रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2 और 3 फरवरी को धरने में हिस्सा लिया, जबकि पार्टी के अन्य सदस्य 13 फरवरी तक इसे जारी रखेंगे।

# कच्छ जिले में नफरती भाषण के लिए मौलाना अजहरी के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** भुज

**गुजरात** में पुलिस ने मंगलवार को मुंबई के मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ कच्छ जिले के सामाखियारी में एक धार्मिक कार्यक्रम में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के आरोप में एक और प्राथमिकी दर्ज की। अजहरी पर यह दूसरी प्राथमिकी है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। इससे पहले नफरती भाषण मामले में शनिवार को जूनागढ़ में दर्ज प्राथमिकी में अजहरी को रविवार को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था और गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) का एक दल अहमदाबाद ले आया था। अहमदाबाद से अजहरी को जूनागढ़ ले जाया गया था।

कच्छ (पूर्व) के पुलिस अधीक्षक सागर बाघमार ने कहा, 31 जनवरी को सामाखियारी में आयोजित एक धार्मिक समारोह में भड़काऊ भाषण देने के लिए मुफ्ती सलमान अजहरी के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कार्यक्रम के लिए पुलिस की अनुमति दी गई थी, लेकिन भाषण की सामग्री जूनागढ़ कार्यक्रम के समान थी जिसका (आयोजन) उसी दिन किया गया था। उन्होंने कहा कि कच्छ जिले में हुए कार्यक्रम के सिलसिले में अजहरी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153बी और 505 (2) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। गुजरात पुलिस ने 31 जनवरी की रात जूनागढ़ में बी डिवीजन पुलिस थाने के पास एक खुले मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में कथित तौर पर नफरती भाषण देने के आरोप में मौलाना अजहरी को मुंबई से गिरफ्तार किया था। अजहरी का सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्वाई की।

वीडियो वायरल होने के बाद, अजहरी और कार्यक्रम के स्थानीय आयोजकों मोहम्मद यूसुफ मलिक और अजीम हबीब ओडेदरा के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई। मलिक और हबीब को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अजहरी को अगले दिन गिरफ्तार किया गया। जूनागढ़ प्राथमिकी के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्तियों ने सभा के लिए पुलिस से यह कहते हुए अनुमति ली थी कि अजहरी धर्म के बारे में बात करेंगे और नशामुक्ति पर जागरूकता फैलाएंगे। पुलिस दस्तावेज में कहा गया है कि इसके बजाय, अजहरी ने एक भड़काऊ भाषण दिया।

# मुस्लिमों को शरीयत के विरुद्ध कोई कानून स्वीकार्य नहीं: मौलाना मदनी

**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने उत्तराखंड विधानसभा में पेश समान नागरिक संहिता विधेयक को भेदभावपूर्ण करार देते हुए मंगलवार को कहा कि अगर अनुसूचित जनजाति को इस विधेयक के दायरे से बाहर रखा जा सकता है, तो फिर मुस्लिम समुदाय को छूट क्यों नहीं मिल सकती। मुस्लिम समुदाय को ऐसा कोई कानून स्वीकार्य नहीं है, जो शरीयत के खिलाफ हो। मदनी ने एक बयान में कहा, हमें ऐसा कोई कानून स्वीकार्य नहीं है, जो शरीयत के खिलाफ हो...सच तो यह है कि किसी भी धर्म को मानने वाला अपने धार्मिक कार्यों में किसी प्रकार का अनुचित हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकता। आज उत्तराखंड विधानसभा में पेश किए गए समान नागरिक संहिता विधेयक में अनुसूचित जनजातियों को संविधान के प्रावधानों के तहत नए कानून में छूट दी गई है और यह तर्क दिया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनके अधिकारों को सुरक्षा प्रदान की गई है।

मदनी ने सवाल किया, यदि संविधान के एक अनुच्छेद के तहत अनुसूचित जनजातियों को इस कानून से अलग रखा जा सकता है, तो हमें संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत धार्मिक आज़ादी क्यों नहीं दी जा सकती? उन्होंने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत नागरिकों के मौलिक अधिकारों को मान्यता देकर धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है।

मदनी ने दावा किया, समान नागरिक संहिता मौलिक अधिकारों को नकारती है। यदि यह समान नागरिक संहिता है, तो फिर नागरिकों के बीच यह भेदभाव क्यों? उन्होंने यह भी कहा, हमारी कानूनी टीम विधेयक के कानूनी पहलुओं की समीक्षा करेगी, जिसके बाद कानूनी कदम पर फैसला लिया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य विधानसभा में मंगलवार को बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश कर दिया, जिसमें बहुविवाह और हलाला जैसी प्रथाओं को आपराधिक कृत्य बनाने तथा लिव-इन में रह रहे जोड़ों के बच्चों को जैविक बच्चों की तरह उत्तराधिकार दिए जाने का प्रावधान है। यूसीसी विधेयक को पारित कराने के लिए बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन पेश समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड-2024 विधेयक में धर्म और समुदाय से परे सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, संपत्ति जैसे विषयों पर एक समान कानून प्रस्तावित है। हालांकि, इसके दायरे से प्रदेश में रह रही अनुसूचित जनजातियों को बाहर रखा गया है।

# न्यायालय ने पूर्व सांसद आनंद मोहन से पासपोर्ट जमा करने और हर पखवाड़े थाने में रिपोर्ट करने को कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हत्या के मामले में दोषी लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को अपना पासपोर्ट जमा करने और हर पखवाड़े स्थानीय थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का मंगलवार को निर्देश दिया। पिछले साल बिहार सरकार ने आनंद मोहन को सजा में छूट दी थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आनंद मोहन को दी गई छूट पर अपना हलफनामा दाखिल करने का केंद्र को आखिरी मौका दिया। आनंद मोहन को 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पीठ ने आदेश दिया, प्रतिवादी (आनंद मोहन) को अपना पासपोर्ट तुरंत स्थानीय थाने में जमा करना चाहिए और हर पखवाड़े थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने पीठ से कहा कि यह मामला खिंच रहा है, क्योंकि केंद्र ने सजा माफी को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। पिछले साल मई में ही केंद्र को नोटिस जारी किया गया था और सरकार अब भी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांग रही है। लूथरा ने बिहार सरकार के हलफनामे का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक विचित्र मामला है, क्योंकि दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, लेकिन समय से पहले रिहा कर दिया गया और अब वह राजनीतिक भूमिका निभा रहा है। पीठ ने कहा कि वह 27 फरवरी को मामले में अंतिम सुनवाई करेगी और दलीलें पूरी करने के लिए दोनों पक्षों को अधिकतम 60 मिनट का समय मिलेगा।

# ज्ञानवापी परिसर के बंद सभी तहखानों के एएसआई सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 15 फरवरी को

**वाराणसी (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है।

ज्ञानवापीश्रृंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया। राखी सिंह के वकील अनुपम द्विवेदी ने बताया कि याचिका में कहा गया है कि तहखानों के अंदर गुप्त तहखाने हैं और उनका भी सर्वेक्षण करना जरूरी है ताकि ज्ञानवापी मस्जिद का पूरा सच सामने आ सके।

याचिका में बंद तहखानों का नक्शा भी शामिल किया गया है। यादव ने कहा, हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत से कहा कि वर्ष 1991 के मामले में उच्च न्यायालय ने शेष कार्यवाही (सर्वेक्षण) कराने का आदेश दिया है। इस आदेश के मद्देनजर बचे हुए तहखानों का भी सर्वे कराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस पर मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का ऐसा कोई आदेश नहीं है। ऐसे में शेष तहखानों के सर्वेक्षण का आदेश देने का कोई आधार नहीं है।

यादव ने बताया कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद जिला अदालत ने अगली तारीख दे दी। राखी सिंह सहित पांच महिला श्रद्धालुओं की पूर्व में दाखिल याचिका पर स्थानीय अदालत ने एएसआई को ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने को छोड़कर बाकी परिसर का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। जिला अदालत द्वारा हाल में ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजापाठ का अधिकार दिए जाने के बाद तहखाने को पिछले हफ्ते खोला गया था और उसमें पूजाअर्चना शुरू कर दी गई थी।

जिला अदालत ने शैलेन्द्र कुमार पाठक की याचिका पर तहखाने में नियमित प्रार्थना की अनुमति दी थी। पाठक ने दावा किया था कि उनके नाना पुजारी सोमनाथ व्यास दिसंबर 1993 तक उस तहखाने में पूजा करते थे। मगर उसके बाद उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार ने इस तहखाने को बंद करा दिया था। तहखाने में पूजा-अर्चना काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा नामित पुजारी द्वारा की जा रही है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भी तहखाने की एक झलक पाने के लिए अदालत के आदेश के बाद बनाए गए बैरिकेड में खुले रास्ते से जाने लगे हैं। हिंदू पक्ष का दावा है कि औरंगजेब के शासनकाल के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद बनाने के लिए एक मंदिर को नष्ट कर दिया गया था। दावा है कि ज्ञानवापी परिसर की हाल में सार्वजनिक एएसआई सर्वेक्षण की रिपोर्ट में भी कई ऐसी बातें सामने आई हैं जो इसकी पुष्टि करती हैं।

# भाजपा ने सोशल मीडिया पर मुद्रा योजना के फायदे गिनाती एक लघु फिल्म जारी की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर विभिन्न भारतीय भाषाओं में एक लघु फिल्म जारी की जिसमें मुद्रा योजना के फायदों को रेखांकित किया गया है। इस योजना के तहत छोटे उद्यमियों को ऋण दिए जाते हैं। इस फिल्म में इस योजना का लाभ पाने वालों में 70 प्रतिशत महिलाएं हैं और जो नौकरियों की आकांक्षी थी, लेकिन अब नौकरियां दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस अभियान में शामिल हुए और उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस योजना ने न केवल उद्यमिता को बढ़ावा दिया है, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में आश्चर्यजनक बदलाव भी किए हैं। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर भी बहुत संतोष होता है कि माताओं और बहनों के अलावा योजना के लाभार्थियों में एससी (अनुसूचित जाति), एसटीसी (अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी(अन्य पिछड़ा वर्ग) की संख्या सबसे अधिक है।

# एक करोड़ की घूस मांगने के आरोप में राज्य कर सहायक आयुक्त, अन्य पर मामला दर्ज

**मुंबई।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कर संबंधी एक लंबित मामले के निपटारे को लेकर एक कंपनी के निदेशक से एक करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में एक राज्य कर सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) विभाग के कुछ अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एसीबी मुंबई इकाई ने राज्य कर (जांच शाखा) के सहायक आयुक्त अर्जुन सूर्यवंशी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ दो फरवरी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया।

भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा सात लोक सेवक को रिश्वत देने से जुड़े अपराध से संबंधित है। राज्य कर के विशेष आयुक्त और मुख्य सतर्कता अधिकारी ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (एसीबी) को एक पत्र लिखकर राज्य कर की जांच शाखा के अधिकारियों के कथित भ्रष्टाचार के मामले की जांच किए जाने की मांग की थी जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान यह पता चला कि सूर्यवंशी और उनकी टीम ने पिछले साल पांच जुलाई से सात अगस्त के बीच एक कंपनी के खिलाफ छापेमारी की थी। इस कंपनी पर 20 करोड़ रुपए से अधिक का कर बकाया था। उन्होंने कहा कि कई बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद कंपनी के निदेशक ने लंबित कर का भुगतान नहीं किया जिसके बाद जीएसटी विभाग के अधिकारी निदेशक के कार्यालय और आवास गए। 21 अगस्त को सूर्यवंशी ने कथित तौर पर एक व्हाट्सऐप संदेश भेजकर कंपनी के निदेशक से कर संबंधी मामले को निपटाने के लिए एक करोड़ रुपए की मांग की। जांच के दौरान रिश्वत की मांग किए जाने की पुष्टि हुई (हालांकि पैसे का आदान-प्रदान नहीं हुआ था) जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

# सामूहिक विवाह योजना में धांधली का आरोपी लिपिक गिरफ्तार, सत्रह हुई पकड़े गए लोगों की संख्या

**बलिया (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के मनियर क्षेत्र में पिछले महीने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में फर्जीवाड़े के मामले में पुलिस ने समाज कल्याण विभाग के एक लिपिक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब तक 17 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। समाज कल्याण विभाग के लिपिक वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को गत 25 जनवरी को मनियर इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में कई अपात्र लोगों को लाभ दिलाने की कोशिश करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस मामले में अब तक 17 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। लिपिक वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव का नाम इस मामले में विवेचना के दौरान सामने आया था। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव की शिकायत पर गत 30 जनवरी को मनियर थाने में समाज कल्याण विभाग के सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार यादव (जिन्हें निलंबित कर दिया गया है) और लाभ लेने वाली आठ महिलाओं - अर्चना, रंजना यादव, प्रियंका, सोनम, पूजा, संजू, रमिता और सुमन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इन महिलाओं को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। अब तक समाज कल्याण विभाग के दो सहायक विकास अधिकारियों - सुनील कुमार यादव और भानु प्रताप तथा लिपिक वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के साथसाथ रवींद्र गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, उपेंद्र यादव, दीपक चौहान, मुकेश कुमार गुप्ता, रामजी चौहान, आशीष चौहान, संतोष यादव, अर्जुन वर्मा, रामनाथ, अच्छेलाल वर्मा, धर्मेंद्र यादव, गुलाब यादव, सरबजीत सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है।

गत 25 जनवरी को मनियर इंटर कॉलेज में हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कई ऐसे लोगों की शादी कराई गई जो पहले से ही शादीशुदा थे। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव ने अपनी तहरीर में कहा है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मनियर इंटर कॉलेज में गत 25 जनवरी को सामूहिक विवाह सम्पन्न होने के बाद फर्जी वरवधुओं के विवाह होने का मामला सामने आने पर मुख्य विकास अधिकारी ने 29 जनवरी को मामले की जांच के आदेश दिए थे। जांच में पाया गया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लाभार्थी के रूप में शामिल हुई मानिकापुर गांव की अर्चना की शादी जून 2023 को ही हो चुकी थी। रंजना यादव और सुमन चौहान की शादी मार्च 2023 में, प्रियंका की शादी नवम्बर 2023 में, पूजा की शादी एक वर्ष पहले, संजू की शादी तीन वर्ष पहले और रमिता की शादी जुलाई 2023 में ही हो चुकी थी। इसके अलावा सोनम का विवाह अभी तय नहीं है। ये सभी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र नहीं हैं।

# राज्यों द्वारा आरक्षण के लिए एससी, एसटी में उप-वर्गीकरण के सवाल पर उच्चतम न्यायालय से सुनवाई शुरू की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इस कानूनी सवाल की समीक्षा मंगलवार को शुरू कर दी कि क्या राज्य सरकार को दाखिलों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्ईय संविधान पीठ पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग (सेवाओं में आरक्षण) अधिनियम, 2006 की वैधता का भी अध्ययन कर रही है जो अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए तय आरक्षण के तहत सरकारी नौकरियों में मजहबी सिख और वाल्मीकि समुदायों को 50 प्रतिशत आरक्षण और प्रथम वरीयता देता है।

पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र मिश्रा शामिल हैं। पीठ 23 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिसमें पंजाब सरकार द्वारा दायर एक प्रमुख याचिका भी शामिल है जिसमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 2010 के फैसले को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने पंजाब कानून की धारा 4(5) को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था जो वाल्मिकियों और मजहबी सिखों को अनुसूचित जाति का 50 फीसदी आरक्षण देती थी। अदालत ने कहा था कि यह प्रावधान ई वी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के मामले में उच्चतम न्यायालय के 2004 के पांच सदस्ईय संविधान पीठ के फैसले का उल्लंघन करता है। चिन्नैया वाले फैसले में कहा गया था कि अनुसूचित जातियों का उप-वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन करेगा।

## पेज 1 का शेष

### उत्तराखंड..

सहवास यानि लिवइन पद्धति में रहने की सूचना आधिकारिक रूप से देना जरूरी बनाते हुए इस रिश्ते में उत्पन्न बच्चों को वैध बच्चा मानते हुए उत्तराधिकार के अधिकार देना प्रस्तावित है। विधेयक में कहा गया है कि एक महीने के अंदर लिवइन में रहने की सूचना न देने पर तीन माह की कैद या दस हजार रू का जुर्माना या दोनों दंड प्रभावी होंगे। इस संबंध में गलत सूचना देने पर ज्यादा अर्थदंड का प्रावधान किया गया है। लिवइन में रहने वाली महिला को अगर उसका पुरुष साथी छोड़ देता है तो वह उससे भरण पोषण का दावा कर सकती है। इससे पहले, विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते हुए विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस विधेयक को सरकार हड़बड़ी में पारित करना चाहती है और इसका अध्ययन करने और उस पर चर्चा के लिए समय ही नहीं दिया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ऐसा लगता है कि सरकार इस विधेयक को बिना चर्चा के जल्दबाजी में पारित कराना चाहती है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने विपक्षी सदस्यों को आश्वासन दिया कि विधेयक पर चर्चा के लिए उन्हें पर्याप्त समय दिया जाएगा।

### असली...

करने के चुनाव आयोग के फैसले को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया और दावा किया कि यह फैसला दबाव में लिया गया है, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल ने फैसले का स्वागत किया। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख ने कहा, 'यह लोकतंत्र की हत्या है। जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है।' देशमुख ने कहा कि इसी तरह का फैसला शिवसेना के मामले में भी लिया गया था। फैसले के बाद सुप्रिया सुले ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता शरद पवार के साथ हैं और वह हिस्से का पुनर्निर्माण करेंगे। अपने 141 पेज के आदेश में, चुनाव आयोग ने कहा कि 'विधायी बहुमत के परीक्षण' ने अजीत पवार के गुट को एनसीपी का चुनाव चिन्ह हासिल करने में मदद की। आयोग ने कहा, आयोग ने वर्तमान विवाद मामले का फैसला करने के लिए सभी तीन परीक्षणों यानी पार्टी संविधान के लक्ष्यों और उद्देश्यों का परीक्षण, पार्टी संविधान का परीक्षण और बहुमत का परीक्षण की प्रयोज्यता की जांच की थी। ईसी ने कहा, 'आयोग ने दोनों गुटों द्वारा दायर समर्थन के हलफनामों की जांच की और निष्कर्ष निकाला कि याचिकाकर्ता के नेतृत्व वाले समूह को विधायकों के बीच बहुमत का समर्थन प्राप्त है। उपरोक्त निष्कर्षों के मद्देनजर, इस आयोग का मानना ??है कि याचिकाकर्ता, अजीत अनंतराव पवार के नेतृत्व वाला गुट, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) है और चुनाव प्रतीकों के प्रयोजनों के लिए अपने नाम और आरक्षित प्रतीक 'घड़ी' का उपयोग करने का हकदार है, (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968। एक विस्तृत आदेश में, चुनाव आयोग ने कहा कि दोनों गुटों में से किसी ने भी यह तर्क नहीं दिया कि वे पार्टी संविधान के लक्ष्यों और उद्देश्यों का पालन करते हैं और दूसरा इसका उल्लंघन कर रहा है।पार्टी संविधान के परीक्षण पहलू पर, चुनाव आयोग ने पाया कि हालांकि दोनों गुटों के बीच पार्टी संविधान पर कोई विवाद नहीं था, लेकिन वे इसका पालन नहीं कर रहे थे। परिणामस्वरूप यह परीक्षण भी कोई निर्णायक परिणाम नहीं दे सका। चुनाव आयोग ने कहा कि उसने दोनों गुटों द्वारा दायर समर्थन के हलफनामों की जांच की और निष्कर्ष निकाला कि याचिकाकर्ता (अजित पवार) के नेतृत्व वाले समूह को विधायकों के बीच बहुमत प्राप्त है। आयोग ने कहा कि संगठनात्मक बहुमत होने के अपने दावे के समर्थन में शरद पवार समूह के दावे में समयसीमा के संदर्भ में गंभीर विसंगतियों के कारण उनका दावा अविश्वसनीय हो गया।

### कांग्रेस ने...

यह हमारी गलती नहीं है, आदतें परिस्थितियों के कारण बनती हैं।' भारत के पहले प्रधानमंत्री ने कहा, 'लेकिन बात यह है कि हम यूरोपीय, जापानी, चीनी, रूसी या अमेरिकियों जितनी कड़ी मेहनत नहीं करते हैं। यह मत सोचिए कि वे जादू के माध्यम से समृद्ध हुए, बल्कि वे कड़ी मेहनत और बुद्धिमत्ता से समृद्ध हुए... हम भी आगे बढ़ सकते हैं कड़ी मेहनत और बुद्धिमत्ता के साथ आगे बढ़ें, कोई दूसरा रास्ता नहीं है।' एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रियंका गांधी ने कहा कि आजादी के बाद करोड़ों लोगों के सामने अपना खाली पेट भरने की चुनौती थी और अंग्रेजों की गुलामी, लूट और शोषण ने देश को खोखला कर दिया था। कांग्रेस महासचिव ने कहा, देश के पहले प्रधानमंत्री के भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से प्रस्तुत करना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रधानमंत्री मोदी जी, भाजपा और आरएसएस के मन में हमारे राष्ट्र निर्माण के लिए स्वतंत्रता आंदोलन और ऐतिहासिक संघर्षों के प्रति कितनी कड़वाहट भरी हुई है।' लाल किले की प्राचीर से नेहरू के स्वतंत्रता दिवस के भाषण का हवाला देते हुए मोदी ने कहा, 'नेहरू ने कहा था 'हम यूरोपीय, जापानी, चीनी, रूसी या अमेरिकियों जितनी मेहनत नहीं करते हैं। यह मत सोचिए कि ये समुदाय किसी जादू से समृद्ध हो गए। उन्होंने इसे कड़ी मेहनत और चतुराई से हासिल किया है।' प्रधानमंत्री ने कहा था, 'वह (नेहरू) उन लोगों को भारतीयों को नीचा दिखाने का प्रमाणपत्र दे रहे हैं। इससे पता चलता है कि भारतीयों के बारे में नेहरू जी की सोच थी कि वे आलसी और कम बुद्धि वाले हैं। उन्हें उनकी क्षमता पर भरोसा नहीं था।' मोदी ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी अलग नहीं सोचती थीं।

### केजरीवाल के...

अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने सोमवार को उनकी हिरासत की अवधि और पांच दिन बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि वृहद साजिश का पता लगाने के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ करने की आवश्यकता है। धन शोधन का यह मामला डीजेबी में भ्रष्टाचार और रिश्वत के आरोपों पर सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि अरोड़ा ने डीजेबी के कुछ ठेके 38 करोड़ रुपए में एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिए जबकि कंपनी तकनीकी योग्यता के मानदंड को पूरा नहीं करती थी। ईडी के सूत्रों के अनुसार, जांच में पाया गया कि एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने कथित तौर पर फर्जी, जाली और झूठे दस्तावेज जमा कर ठेका हासिल किया। ऐसा आरोप है कि अरोड़ा को जानकारी थी कि कंपनी तकनीकी योग्यता के मानदंड को पूरा नहीं करती है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें नकद के रूप में और बैंक खातों में रिश्वत भेजी गई और उन्होंने यह कथित रिश्वत बिभव, शलभ कुमार, पंकज मंगल और अन्य को भेजी। ईडी की जांच में पाया गया कि डीजेबी के ठेके अत्यधिक उच्च दरों पर दिए गए ताकि ठेकेदारों से रिश्वत ली जा सके। ईडी के विश्लेषण में पाया गया कि 38 करोड़ रुपए के ठेके में से केवल 17 करोड़ रुपए ठेके के काम में खर्च किए गए और बाकी की धनराशि का विभिन्न फर्जी खर्चों की आड़ में गबन किया गया। केंद्रीय एजेंसी की यह कार्रवाई तब हो रही है जब दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने एजेंसी को लेकर एक बड़ा खुलासा करने का दावा किया। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति समेत कुछ मामलों में आप पदाधिकारियों के खिलाफ की जा रही जांच में गवाहों के बयान की ऑडियो रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी है। जांच एजेंसी ने इस आरोप को खारिज किया है।

### मप्र में....

बेटा उसे खाना देने के लिए वहां आया था। राजू ने कहा, मेरे बेटे गणेश ने मुझे दोपहर का खाना दिया। तभी वहां पहला विस्फोट हुआ। वह वहां से भागा, लेकिन मुझे वह अब तक नहीं मिला है। राजू ने कहा कि कारखाने में 150 से अधिक लोग काम करते हैं और वह भाग्यशाली हैं कि वे सुरक्षित बच गए। धमाके में घायल हुई कारखाने की एक अन्य कर्मचारी रुखसार बानो ने कहा कि पहले विस्फोट के समय जमीन हिल गई थी। उन्होंने कहा, जब हमने धमाका सुना तो हम घबराकर भागे और इमारत से बाहर आए। वहां चारों ओर आग लगी हुई थी। बानो ने दावा किया, इमारत में तीन से चार मंजिल थीं और प्रत्येक मंजिल पर अलग-अलग श्रमिकों को नियुक्त किया गया था।

### केरल के....

लिए उत्पादक को सरकारी खजाने को 15 पैसे का भुगतान करना पड़ता है। संपत्ति सौदे से संबंधित मामलों को दाखिल करते समय भुगतान की जाने वाली अदालती फीस को 50/- रुपये की वर्तमान दर से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है, जो केरल में न्यायिक प्रणाली को देश में सबसे महंगी बना देगी। वित्त मंत्री ने राज्य की अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया, हालांकि उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

# भारत में अगले पांच-छह साल में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होगा: प्रधानमंत्री

**भाषा।** बेतुल (गोवा)



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने मंगलवार को कहा कि देश में विभिन्न ऊर्जा स्रोतों में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के लक्ष्य से अगले पांच से छह वर्ष में इस क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है और देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि 2030 तक देश की अपनी रिफाइनिंग क्षमता 25.4 करोड़ टन वार्षिक से बढ़कर 45 करोड़ टन पर पहुंचने की उम्मीद है। अपनी सरकार के बुनियादी ढांचे पर जोर का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए जो 11 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, उसका एक बड़ा हिस्सा ऊर्जा क्षेत्र में जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका इस्तेमाल रेलवे, रोडवेज, जलमार्ग, वायुमार्ग या आवास आदि के निर्माण में किया जाएगा जिसके लिए ऊर्जा की आवश्यकता होगी, जिससे भारत को अपनी ऊर्जा क्षमता बढ़ाने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, सरकार के सुधारों की वजह से घरेलू गैस का उत्पादन बढ़ रहा है। देश विभिन्न ऊर्जा स्रोतों में गैस की हिस्सेदारी वर्तमान छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक ले जाने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 ऐसे समय में हो रहा है जब भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में 7.5 प्रतिशत को पार कर गई। उन्होंने कहा कि वृद्धि की गति वैश्विक अनुमान से अधिक है जिससे भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने भविष्य में इसी तरह के वृद्धि रुझानों के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा, दुनियाभर के आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

## मोदी की तेल, गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक, निवेश पर हुई चर्चा

**बेतुल (गोवा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तेल एवं गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में उपलब्ध अवसरों और अन्वेषण एवं उत्पादन की दिशा में उठाए गए कदमों से अवगत कराया। जानकार सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक्सॉनमोबिल और बीपी से लेकर कतरएनर्जी और टोटलएनर्जीज जैसी दिग्गज ऊर्जा कंपनियों के लगभग 20 शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और उनके साथ ऊर्जा परिदृश्य एवं निवेश अवसरों को लेकर चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने भारत में तेल और गैस की खोज एवं उत्पादन में निवेश के लिए वैश्विक दिग्गजों की तलाश के लिए हाल ही में शुरू किए गए अन्वेषण लाइसेंसिंग चरण का भी उल्लेख किया। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने तेल और गैस क्षेत्र में सरकार के स्तर पर किए गए सुधारों के बारे में बात की। इसमें तेल और गैस क्षेत्रों के लिए राजस्व-आधारित बोली की जगह अन्वेषण-केंद्रित बोली को अपनाने का जिक्र भी शामिल है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता भारत अपनी 85 प्रतिशत जरूरतें आयात से पूरी करता है। लेकिन सरकार इस आयात को कम करने के लिए इनका घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहती है। बैठक में वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। अग्रवाल ने बैठक का ब्योरा देने से इनकार करते हुए पीटीआई-भाषा से कहा कि तेल एवं गैस उद्योग से जुड़े सभी लोग वहां मौजूद थे। इस दौरान प्रत्येक कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने अपनी बात रखी। वेदांता के चेयरमैन ने कहा, मैंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर निवेश करने के लिए सबसे अच्छी जगह है। हाल में किए गए सुधारों ने इसे आकर्षक बनाया है और प्रमुख वैश्विक कंपनियों को भारत में खोज और उत्पादन में निवेश करना चाहिए। मोदी वैश्विक तेल एवं गैस विशेषज्ञों और सीईओ के साथ विचार-मंथन बैठकें आयोजित करने के लिए भारतीय ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के साथ इसके पुराने स्वरूप सेरावीक का भी इस्तेमाल करते रहे हैं। उन्होंने इस तरह की आधा दर्जन से अधिक बैठकें की हैं।

## क्विक न्यूज

### कतर से एलएनजी आयात बढ़ाने के लिए 78 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर करेगा भारत

**बेतुल (गोवा)।** भारत एलएनजी आयात को कतर से मौजूदा कीमतों से कम दरों पर 2048 तक बढ़ाने के लिए 78 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड यहां भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के मौके पर प्रति वर्ष 75 लाख टन के आयात को बढ़ाने के लिए कतरएनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। कतर के ऊर्जा मंत्री और कतरएनर्जी के शीर्ष अधिकारी यहां आईईडब्ल्यू में हिस्सा ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि कीमतें मौजूदा कीमत से काफी कम होंगी। सूत्रों ने बताया कि पेट्रोनेट वर्तमान में दो अनुबंधों के तहत कतर से प्रति वर्ष 85 लाख टन एलएनजी (तरल प्राकृतिक गैस) का आयात करता है। पहला 25-वर्षीय समझौता 2028 में समाप्त होना है और अब इसे 20 अतिरिक्त वर्षों के लिए बढ़ाया जा रहा है। 10 लाख टन प्रति वर्ष का दूसरा समझौता 2015 में हुआ था उस पर अलग से बातचीत की जाएगी। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य से वह प्राकृतिक गैस को एक बदलाव के लिए उपयुक्त ईंधन के रूप में देखता है। नेट जीरो से तात्पर्य है कि कोई देश वातावरण में कार्बन आधारित ग्रीनहाउस गैसों का जितना उत्सर्जन कर रहा है, उतना ही उसे सोख और हटा भी रहा है। यानी उसकी तरफ से वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का योगदान न के बराबर हो।

### विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयास पर सख्त कार्रवाई की जाएगी: चौधरी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा कि राज्य की नवगठित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अगले सप्ताह विश्वास मत साबित करेगी। उन्होंने राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन को चेतावनी दी कि यदि विधायकों की खरीद-फरोख्त का प्रयास किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख चौधरी ने अपने हालिया दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। दिल्ली से लौटने के बाद चौधरी ने यहां पीटीआई-भाषा से कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दल (यूनाइटेड) के साथ भाजपा के रिश्ते पिछले कुछ दशकों में परिपक्व हुए है, बीच में कुछ खट्टे-मीठे अनुभव रहे है। विश्वास मत के दौरान तालमेल प्रदर्शित होगा, जिसमें हमारा जीतना तय है। बिहार में 28 जनवरी को बनी नई सरकार को 12 फरवरी को बजट सत्र के पहले दिन विश्वास मत हासिल करना है। जद (यू) प्रमुख नीतीश कुमार के पाला बदलने के कारण अचानक सत्ता गंवाने से आहत महागठबंधन के नेता दावा कर रहे है कि राजद नेता अवध बिहारी चौधरी अभी भी विधानसभा अध्यक्ष हैं, ऐसे में सत्र हंगामेदार हो सकता है। हालांकि, उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा, विधानसभा अध्यक्ष किसी भी समय बदले जा सकते है क्योंकि उनके खिलाफ सभी राजग विधायक अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं। या तो वह इस्तीफा दे देंगे या पद से हटाए जाने की बदनामी का सामना करेंगे। राजग को पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की चार विधायकों वाली पार्टी और एक निर्दलीय का भी समर्थन हासिल है। 243 सदस्यों वाली विधानसभा में राजग के विधायकों की संख्या 128 है। महागठबंधन के पास 114 सदस्य है, जिसमें राजद के अलावा कांग्रेस और तीन वामपंथी दल शामिल हैं।

### वेंकटचलम टाटा एआईए सीईओ व प्रबंध निदेशक

**मुंबई।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ने वेंकटचलम एच को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आईआरडीएआई से नियामक अनुमोदन के अधीन है। वेंकटचलम एच वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, नवीन ताहिलयानी का स्थान लेंगे, जो टाटा समूह में एक दूसरा पद संभालेंगे और उन्हें टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया है। वेंकटचलम एच को सभी प्यार से वेंकी कहते हैं। जीवन बीमा, संपत्ति प्रबंधन और कस्टोडियल सेवाओं में 27 वर्षों से अधिक अनुभव के साथ वेंकी ने बिक्री और वितरण, रणनीति, व्यवसाय और प्रक्रिया विकास और मुख्य खाता प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल है। वह 2016 में टाटा एआईए में शामिल हुए और इसके पहले अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी थे।

### व्यक्तिगत गारंटी देने वालों के लिए ऋणशोधन से संबंधित नियमों में संशोधन

**नई दिल्ली।** भारतीय दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने व्यक्तिगत गारंटी देने वालो के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया और स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया से संबंधित नियमों में बदलाव किया है। कर्जदार कंपनी को व्यक्तिगत गारंटी देने वालो के लिए ऋण शोधन समाधान और दिवाला प्रक्रिया से जुड़े नियमो में बदलाव किए गए है। इसके तहत व्यक्तिगत गारंटी देने वालों की समाधान प्रक्रिया के लिए ऋणशोधन पेशेवरों (आईपी) को समाधान पेशेवर (आरपी) नियुक्त करने पर लगी पाबंदी हटा दी गई है। आईबीबीआई ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि इन प्रतिबंधों को हटाने से एक ही कर्ज समाधान पेशेवर को कॉरपोरेट मामलो के साथ व्यक्तिगत गारंटी देने वालो के लिए भी ऋणशोधन और दिवाला कार्यवाही में नियुक्त किया जा सकेगा। इससे कर्ज समाधान में बेहतर सामंजस्य और प्रभावी समन्वय हो सकेगा। आईबीबीआई ने कहा कि व्यक्तिगत गारंटीदाताओं के मामलो में जटिलताओं और चुनौतियों को दूर करने के लिए किए गए इन संशोधनों का उद्देश्य कर्जदाताओं की बैठक को अनिवार्य बनाना भी है। बैठक में कर्जदाताओं की अनिवार्य भागीदारी समाधान प्रक्रिया को व्यापक बनाएगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, संशोधन का उद्देश्य सभी संबद्ध पक्षों के बीच सक्रिय भागीदारी और सहयोग को बढ़ावा देना है, ताकि व्यक्तिगत गारंटी से जुड़े मामलों में वित्तीय संकट दूर करने के लिए एक मजबूत और न्यायसंगत ढांचा खड़ा किया जा सके। इसके साथ ही आईबीबीआई ने स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया को भी दुरुस्त किया है। अब स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया शुरू करते समय संबंधित कंपनी निदेशकों को विधिक अधिकारियों के समक्ष लंबित कार्यवाही या मूल्यांकन का खुलासा करना होगा।

### हायरनेट विद्यार्थियों को सशक्त बनाएगा

**बंगलुरू।** एचसीएल की एडटेक कंपनी, गूवी ने एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के सहयोग से गूवी के हायरनेट प्लेटफॉर्म पर आधारित यूनिवर्सिटी बेंचमार्क टेस्ट हायरनेट पेश किया है। यह एआई संचालित मूल्यांकन टूल कोडिंग के बुनियादी सिद्धांतों, करियर कौशल डेटा साइंसए प्रॉब्लम.सॉल्विंग, आदि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विद्यार्थियों की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस टूल की मदद से मुख्यतः उत्तर प्रदेश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में विद्यार्थियों में कौशल की कमी को दूर किया जा सकेगा। हायरनेट दिसंबर 2023 सए 700 एकेटीयू.संबद्ध कॉलेजों में से 100 कॉलेजों में उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे 10,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम का उपयोग करने का अवसर मिला है, और वंचित क्षेत्रों में विद्यार्थियों तक पहुँचकर उन्हें सशक्त बनाने में मंच की प्रभावशीलता प्रदर्शित हुई है। इसके द्वारा विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैंए और अपनी शक्ति एवं वृद्धि के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। एकेटीयू यूनिवर्सिटी लखनऊ यूपी में एक कार्यक्रम के दौरान गूवी गीक नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड की सीओओए सुश्री अनिता एन ने हजारों विद्यार्थियों को हायरनेट् पर यूनिवर्सिटी बेंचमार्क टेस्ट की तैयारी करने का प्रोत्साहन दिया।

### 12 को महर्षि दयानंद के 200 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव

**टंकारा।** वेदों और वैदिक संस्कृति के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए भारत में सुधार आंदोलन की नींव रखने वाले आर्य समाज के संस्थापक, महर्षि दयानंद सरस्वती की इस वर्ष 200वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर का जश्न मनाने के लिए 10 फरवरी से 12 फरवरी 2024 तक उनके जन्मस्थल टंकारा, जिला मोरबी, गुजरात में एक भव्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य समारोह में लाखों आर्य समाज अनुयायियों के उत्सव में शामिल होने के लिए टंकारा आने की संभावना है। दुनिया भर से लाखों अनुयायी आर्य संदेश टीवी चैनल और आर्य समाज के अन्य सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इस भव्य समारोह से जुड़ेंगे।आयोजन के तीसरे दिन, 12 फरवरी को, भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। महर्षि के इस स्मरणोत्सव में दुनिया के अलग अलग कोनों से दो करोड़ से ज्यादा आर्य समाज के वे सदस्य शामिल होंगे जो वैश्विक स्तर पर महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं का प्रतीक है। जन्मोत्सव के पहले दिन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल एवं राज्यपाल आचार्य देवव्रत और दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगें एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली इस आयोजन से जुडेंगें। 12 फरवरी, 1824 को टंकारा, जिला मोरबी, गुजरात में जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपना पूरा जीवन वैदिक ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया। महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं ने धर्म, समाज और राष्ट्र के सामंजस्यपूर्ण भाईचारे का मार्ग प्रशस्त किया है।

### हैदराबाद में ठहरे बिहार के कांग्रेस विधायकों ने आंध्र प्रदेश में मंदिरों के शहर श्रीशैलम का दौरा किया

**हैदराबाद।** भाजपा के नेतृत्व वाले राजग द्वारा खरीद-फरोख्त किए जाने की आशंका के बीच यहां ठहरे बिहार के कुछ कांग्रेस विधायकों ने पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के मंदिरों के शहर श्रीशैलम का भ्रमण किया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। हैदराबाद से लगभग 215 किलोमीटर दूर श्रीशैलम, भगवान मल्लिकार्जुन (शिव) का निवास स्थान कहा जाता है। तेलंगाना कांग्रेस के सूत्रों ने यह भी कहा कि कुछ विधायक हैदराबाद में प्रसिद्ध स्मारक चारमीनार देखने पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि 18 विधायक शहर के बाहरी इलाके इब्राहिमपटनम में एक रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि चार फरवरी को यहां पहुंचे कांग्रेस विधायकों के 11 फरवरी तक हैदराबाद में रहने की संभावना है। बिहार में महागठबंधन का दूसरे सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस के राज्य विधानसभा में 19 विधायक है। हाल में बिहार के मुख्यमंत्री व जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार ने महागठबंधन का साथ छोड़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ सरकार बना ली थी, जिसके चलते कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई थी।

### श्रीवास्तव ने राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ ली

**जयपुर।** न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने मंगलवार को यहां राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राजभवन मे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह मे राज्यपाल कलराज मिश्र ने श्रीवास्तव को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई। श्रीवास्तव ने हिंदी में शपथ ली। इससे पहले राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्यपाल से श्रीवास्तव को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा जारी मुख्य न्यायाधिपति की नियुक्ति अधिसूचना एवं वारंट पढ़कर सुनाया। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी व अन्य मंत्री आदि उपस्थित रहे।

### बजाज ने मिड कैप फंड उतारा

**मुंबई-पुणे।** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने नए इक्विटी फंडबजाज फिनसर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे रणनीतिक रूप से श्मोट इन्वेस्टिंगश् यानी आकर्षक मूल्यांकन पर ट्रेड करने वाले कंपनियों के स्टॉक में निवेश के जरिए निवेशकों की संपत्ति बढ़ाने के लिए बनाया गया है। यह फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम हैए जो लार्जकैप और मिडकैप दोनों श्रेणी के शेयरों में निवेश करती है वहीं लंबी अवधि में स्थिरता और बेहतर रिटर्न निश्चित करने पर फोकस है। फंड का प्रबंधन इक्विटी पक्ष पर निमेश चंदन और सौरभ गुप्ता और डेट पक्ष पर सिद्धार्थ चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। नया फंड ऑफर शुरुआती सब्सक्रिप्शन के लिए 6 फरवरी 2024 को खुलेगा और 20 फरवरी 2024 को बंद होगा। इस स्कीम के लॉन्च पर बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के सीईओ गणेश मोहन ने कहा यह नई पेशकश हमारी रणनीतिक सोच और बाजार की गतिशीलता की गहरी समझ का प्रमाण है।

### ग्रोमो ने मनाई 5 वीं वर्षगांठ

**मुंबई।** वित्तीय उत्पादों के वितरण को सुगम बनाने वाले फिनटेक प्लेटफॉर्म ग्रोमो ने अपने 5 वर्ष पूरे किए इस अवसर की पूर्व संध्या पर कम्पनी ने अपने पार्टनर्स 100 करोड़ का भुगतान किया। उत्तरप्रदेश में, कंपनी ने अपने 50,600 अर्निंग ग्रोमो पार्टनर्स को 12.67 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। यह उपलब्धि ग्रोमो के अपने विश्वसनीय एजेंटों के व्यापक नेटवर्क को और भी सशक्त बनाने और रियल भारत में वित्तीय कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अटूट समर्पण को दिखाती है। उत्तरप्रदेश में, पिछले 5 वर्षों में 2.65 लाख भागीदार ग्रोमो से जुड़ चुके हैं, जो राज्य में वित्तीय उत्पादों तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र अंकित खंडेलवाल और दर्पण खुराना द्वारा स्थापित, ग्रोमो वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देकर और टियर 2, टियर 3 और छोटे शहरों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाकर रियल भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### ईरान में बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन ठहर सकेंगे भारतीय पर्यटक

**नई दिल्ली।** ईरान ने मंगलवार को पर्यटन के लिए हवाई मार्ग से देश में प्रवेश करने वाले भारतीयों के लिए अधिकतम 15 दिन के वीजा मुक्त प्रवास कार्यक्रम की घोषणा की। ईरानी दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए चार फरवरी से चार शर्तों के तहत वीजा-मुक्त प्रवेश सुविधा शुरू कर दी गई है। दिसंबर में, ईरान ने भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और मलेशिया समेत 32 अन्य देशों के लिए एक नए वीजा-मुक्त कार्यक्रम को मंजूरी दी। ईरान की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि साधारण पासपोर्ट धारक व्यक्तियों को हर छह महीने में एक बार बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन के लिए देश में ठहरने की अनुमति दी जाएगी।

# म्यांमा से 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर लगेगी बाड़ : शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि सरकार ने।,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। यह कदम भारत-म्यांमा सीमा पर प्रचलित मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त कर सकता है। एफएमआर के तहत भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति दी जाती है।।,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, जहां एफएमआर लागू है। इसे 2018 में भारत की एक्ट ईस्ट नीति के हिस्से के रूप में लागू किया गया था। सीमा पर बाड़ लगाना इंफाल घाटी के मेइती समूहों की लगातार मांग रही है, जो आरोप लगाते रहे हैं कि आदिवासी उग्रवादी अक्सर खुली सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश करते हैं। मेइती समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पूरी।,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया गया है। बेहतर निगरानी के लिए सीमा पर एक गश्ती मार्ग भी बनाया जाएगा। मणिपुर के मोरेह में सीमा के 10 किलोमीटर लंबे हिस्से में पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड निगरानी प्रणाली के माध्यम से बाड़ लगाने की दो पायलट परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। मंत्री ने कहा, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में।-। किलोमीटर की दूरी पर बाड़ लगाई जाएगी। इसके अलावा, मणिपुर में लगभग 20 किलोमीटर में बाड़ लगाने के काम को भी मंजूरी दे दी गई है और यह काम जल्द ही शुरू होगा।

## शाह की मौजूदगी में पीसी जॉर्ज की पार्टी का भाजपा में होगा विलय

**कोट्टायम (केरल)।** केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के प्रमुख पी. सी. जॉर्ज ने मंगलवार को यहां कहा कि 13 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में आधिकारिक तौर पर उनकी पार्टी का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय हो जाएगा।जॉर्ज ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की और कहा कि उस दिन उनकी पार्टी की राज्य समिति के 112 सदस्यों को भाजपा की सदस्यता दी जाएगी।

# सरकार ने पेश किया 29 रुपए किलो के भाव पर भारत चावल

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार ने पि**छले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर भारत चावल की पेशकश की। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल को पेश करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आम लोगों के लिए दैनिक खाद्य पदार्थ सस्ती दरों पर उपलब्ध हों। गोयल ने कहा, जब थोक हस्तक्षेप (कीमतों को नियंत्रित करने के लिए) से अधिक लोगों को लाभ नहीं मिल रहा था, तो मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत खुदरा हस्तक्षेप शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि खुदरा हस्तक्षेप के हिस्से के रूप में, मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं और गरीबों को राहत देने के लिए चावल को भारत ब्रांड के तहत 29 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुदरा बेचा जाएगा। प्रत्एक किलो भारत चावल में पांच प्रतिशत टूटा चावल मिला होगा। गोयल ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पहले ही टमाटर और प्याज की कीमतों को तेजी से नीचे लाने में मदद मिली है। मंत्री ने कहा, जब से हमने भारत आटा बेचना शुरू किया है, पिछले छह महीनों में गेहूं की मुद्रास्फीति शून्य रही है। वही प्रभाव हम चावल में देखेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यम वर्ग के लोगों की थाली में जाने वाली वस्तुओं की कीमतें काफी स्थिर हैं। गोयल ने कहा, सरकार रोजमर्रा की जरूरी चीजों को किफायती दर पर उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय है। उन्होंने 100 मोबाइल वैन को भी हरी झंडी दिखाई जो भारत चावल बेचेंगी और पांच लाभार्थियों को पांच किलो के पैक भी वितरित किए।

# मुद्रास्फीति अब संतोषजनक स्तर पर, मूल्यवृद्धि रोकने के लिए उठा रहे हैं कदम : सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण** ने मंगलवार को कहा कि विशेषकर जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के चलते मुद्रास्फीति संतोषजनक सीमा के भीतर आ गई है। राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) प्याज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए गामा किरणों के माध्यम से इसे नमीमुक्त करने पर सरकार के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा, सरकार उन कठिनाइयों से अवगत है, जो खराब होने वाली वस्तुओं की कमी के कारण उत्पन्न होती हैं, जो भारत में नहीं उगाई जाती हैं। समिति समय-समय पर बैठती है और समीक्षा करती है, और प्रयासों से जमीन पर पता चला है कि मुद्रास्फीति अब सहनीय सीमा के भीतर है। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल-दिसंबर, 2022 में औसतन 6.8 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023 की इसी अवधि में 5.5 प्रतिशत रह गई है। खुदरा मुद्रास्फीति अब स्थिर है और चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) के संतोषजनक स्तर पर है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्याज की कीमतों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार ने इसके बफर आकार को वर्ष 2020-21 के एक लाख टन से बढ़ाकर वर्ष 2023-24 में सात लाख टन कर दिया है। तीन फरवरी, 2024 तक कुल 6.32 लाख टन प्याज की खरीद की गई और 3.96 लाख टन ग्रेड-ए प्याज खुदरा बिक्री, ई-नाम नीलामी और थोक बिक्री के माध्यम से जारी किया गया। मौजूदा समय में कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्याज जैसी बहुत जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं के संरक्षण स्तर में सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने विशेष रूप से जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत ने कैलेंडर वर्ष 2023 में 8.79 लाख टन तुअर दाल और 15.14 लाख टन मसूर दाल का आयात किया है। इसी तरह, देश ने अन्य दालों का आयात किया और उन्हें बाजार में उतारा।

# उत्तर प्रदेश का बजट राज्य की बढ़ती आर्थिक ताकत को दिखाता है : भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का बजट राज्य की बढ़ती आर्थिक ताकत को दिखाता है और इसमें प्रस्तावित कदमों से अनुसंधान और कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और किसानों की प्रगति में मदद मिलेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने एक बयान में कहा कि पहली बार राज्य का बजट सात लाख करोड़ के पार चला गया है और उसका राजकोषीय घाटा 3.4 फीसदी है जो स्वीकार्य 3.5 फीसदी की सीमा के भीतर है। उत्तर प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 25.55 लाख करोड़ रुपए हो गया है और इससे राज्य को देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद मिलेगी। अग्रवाल ने कहा कि बजट से प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में मदद मिलेगी और इससे केंद्रीय बजट की तर्ज पर बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों से जुड़े स्थलों और बुनियादी ढांचों के विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट राम राज्य को समर्पित है और इससे रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7.36 लाख करोड़ रुपए का राज्य का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया।



वरिष्ठ भाजपा नेता लाकृष्ण अडवाणी से मिलते गृह मंत्री अमित शाह

# देवेगौड़ा ने मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यों की सराहना की

**भाषा।** नई दिल्ली



पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (एस) प्रमुख एच डी देवेगौड़ा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 साल में जो काम किए हैं उनमें से कई नीतियां एवं कार्यक्रम ऐसे हैं जिनकी सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अभी तक कई प्रधानमंत्रियों से मिल चुके हैं। किंतु उनकी हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नए संसद भवन में मुलाकात हुई और उसमें मोदी ने उन्हें जो प्रेम एवं स्नेह दिया, वह उसका बयां नहीं कर सकते।देवेगौड़ा ने कहा कि वह एक राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और वह जानते हैं कि कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों में राज्य प्रदूषण बोर्ड का दुरूपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि इतनी रिपोर्ट आई है किंतु कर्नाटक में काटगोल्ला समुदाय की मांगों को आज तक पूरा नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि इस समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में डालने की 2014 में सिफारिश की गई थी किंतु इसे आज तक क्रियान्वित नहीं किया जा सका है।देवेगौड़ा ने कहा कि काका कालेकर रिपोर्ट, मंडल आयोग रिपोर्ट सहित विभिन्न रिपोर्ट के बावजूद देश के कई आदिवासी समूहों की जायज मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। पूर्व प्रधानमंत्री जब अपनी बात रख रहे थे तो कांग्रेस के नासिर हुसैन ने इस बात पर आपत्ति जताई कि उन्होंने कर्नाटक सरकार के बारे में कुछ गलत बात कहीं हैं। यद्यपि सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बीच में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दी। देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी से अनुरोध किया कि वह कर्नाटक की पेयजल संकट को दूर करने के लिए प्रयास करें। तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन ने चर्चा में भाग लेते हुए इस बात पर खेद व्यक्त किया कि नए संसद भवन के उद्घाटन में देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं किया। उन्होंने बांग्ला में अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दावा न खाऊंगा, न खाने दूंगा मात्र एक जुमला है क्योंकि देश में भ्रष्टाचार पर कोई लगाम नहीं लग पाई है।असम से मनोनीत सदस्य अजीत कुमार भुइयां ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों का संकलन करार दिया और कहा कि मुख्य तौर पर यह राजनीतिक भाषण था।उन्होंने कहा कि इसमें महंगाई, बेरोजगारी और आम जन की समस्याओं का कोई उल्लेख नहीं है।उन्होंने सरकार को प्रत्एक साल दो करोड़ रोजगार देने और साल 2022 तक सभी को पक्का मकान देने के उसके वादे की याद दिलाई और कहा कि वह हर मोर्चे पर विफल रही है।भुइयां ने सरकार से नगा शांति समझौते और असम के छह जनजातीय समूहों को अनूसचित जाति में शामिल किए जाने की वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण में मणिपुर का उल्लेख न किए जाने पर अफसोस जताया और आरोप लगाया कि यह सरकार सहकारी संघवाद को खत्म कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के दिनेश शर्मा ने रक्षा और सुरक्षा से लेकर हर क्षेत्र में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण है।

# रूस का अमेरिका पर चुनावी लाभ लेने का आरोप

●पश्चिम एशिया मे आक्रामकता दिखा रहे रूसी राष्ट्रपति

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**रूस ने सोमवार** को अमेरिका पर दुनिया में अपने वर्चस्व को बचाने तथा देश में चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की छवि चमकाने के लिए इराक और सीरिया के खिलाफ आक्रामकता दिखाने का आरोप लगाया। अमेरिका ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिकी सुरक्षा बलों के खिलाफ ईरान समर्थित लड़ाकों के अनुचित हमलों पर उसकी सैन्य प्रतिक्रिया न केवल वैध है बल्कि यह जारी रहेगी। सीरिया के सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक बुलाई थी जिसमें दोनों देशों के बीच आरोप प्रत्यारोप हुए।



बैठक में दोनों देशों ने यह भी कहा कि वे चाहते हैं कि इजराइल-हमास युद्ध और लंबा नहीं खिंचे। परिषद के कई सदस्य देशों ने पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने की आशंका व्यक्त की और तनाव कम करने और शांति प्रयास तेज करने का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने अमेरिका पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने और पश्चिम एशिया में अराजकता और विनाश के बीज बोने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की हिंसा फलस्तीनी क्षेत्रों से लेकर लेबनान, लाल सागर और यमन तक बढ़ गई है और यह पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को विफल कर रही है। उन्होंने सभी देशों से इन संवेदनहीन कृत्यों की स्पष्ट रूप से निंदा करने का आह्वान किया... जो इराक और सीरियाई अरब गणराज्य की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। रूसी राजदूत ने दावा किया कि अमेरिका मौजूदा अमेरिकी प्रशासन की छवि को सही ठहराने के लिए... आगामी राष्ट्रपति चुनाव से पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत... अपनी ताकत दिखाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी किसी भी कीमत पर दुनिया में अपने वर्चस्व को बनाए रखने के प्रयास में सैन्य कार्रवाई कर रहा है। अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने इसके जवाब में कहा कि अमेरिका को अपने सुरक्षा बलों पर हमलों के खिलाफ आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है और उसने जो कार्रवाई की है वह जरूरी और हमलों के जवाब में थी। वुड ने कहा कि अमेरिका क्षेत्र में और अधिक संघर्ष नहीं चाहता है और वह गाजा में संघर्ष को रोकने और कम करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। वुड ने कहा, हम ईरान के साथ सीधा संघर्ष नहीं चाहते हैं। लेकिन हम अपने कर्मियों की रक्षा करना जारी रखेंगे। उन्होंने ईरान पर अपने चरमपंथी लड़ाकों पर लगाम लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# सवालों के घेरे में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग का नया ऐप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव के नतीजों को तेजी से प्रसारित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार नया ऐप सवालों के घेरे में है और कुछ अधिकारियों ने आशंका जताई की है कि बृहस्पतिवार को होने वाले चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने के लिए सॉफ्टवेयर में हेरफेर की जा सकती है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने प्रत्यक्ष मतदान केंद्र से एक केंद्रीकृत प्रणाली तक परिणामों के प्रसारण के लिए ऐप तैयार किया है, जहां निर्वाचन अधिकारियों द्वारा परिणामों का सारणीकरण किया जाएगा।निर्वाचन आयोग आठ फरवरी को इस प्रणाली (ऐप) का उपयोग करने के लिए तैयार है। इससे पहले उसने दावा किया था कि इस प्रणाली का देशव्यापी परीक्षण "सफल" रहा है। हालांकि, सिंध प्रांत के दो निर्वाचन अधिकारियों ने पिछले सप्ताह दूसरे परीक्षण के बाद प्रणाली में खामियों की ओर इशारा किया है। दो निर्वाचन अधिकारियों अब्दुल कादिर मशोरी और उस्मान खसखेली ने अपने वरिष्ठों को पत्र लिखकर इस प्रणाली के संबंध में लगभग एक जैसे मुद्दों का जिक्र किया है। मशोरी का पत्र रविवार को सामने आया,जो तीन फरवरी को वरिष्ठ अधिकारी को भेजा गया था। मशोरी ने हालांकि डॉन समाचार पत्र से कहा कि उन्होंने जो मुद्दे उठाए थे, उनका बाद में हल कर दिया गया था तथा उन्होंने बाद में एक और पत्र में इसका जिक्र किया है।मशोरी ने अपने पत्र में कहा था कि ऐप से आंकड़े गायब थे। उन्होंने सॉफ्टवेयर की विश्वसनीयता और वैधता पर सवालिया निशान खड़ा किया और आशंका व्यक्त की कि या तो यह प्रणाली "पूरी तरह से विफल" है या किसी अन्य के द्वारा "नियंत्रित" की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### ट्रंप को 2020 के चुनाव हस्तक्षेप मामले में अभियोजन से छूट नहीं: अपीलीय अदालत

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि डोनाल्ड ट्रंप को 2020 के चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोपों में मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है और पूर्व राष्ट्रपति का यह दावा स्वीकार करने योग्य नहीं है कि उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है। यह निर्णय कुछ महीनों में दूसरी बार है जब न्यायाधीशों ने ट्रंप की छूट संबंधी दलीलों को खारिज कर दिया है। लेकिन अभी पूर्व राष्ट्रपति की ओर से अतिरिक्त अपील का अवसर खुला है जो उच्चतम न्यायालय तक पहुंच सकते है। मुकदमा मूल रूप से मार्च के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे पिछले सप्ताह स्थगित कर दिया गया था और न्यायाधीश ने तुरंत कोई नई तारीख निर्धारित नहीं की। अपीलीय अदालत ने कहा कि ट्रंप को 2020 के चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोपों में अभियोजन से छूट प्राप्त नहीं है।

### अमेरिका में पासपोर्ट धोखाधड़ी के लिए भारतीय अमेरिकी को दोषी ठहराया गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज दाखिल करने और झूठ बोलने के लिए एक भारतीय अमेरिकी को दोषी पाया गया है। अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन ने इस बात की जानकारी दी। होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन्स (एचएसआई) द्वारा जांच के बाद फ्लोरिडा में रह रहे जयप्रकाश गुलवाडी (51) को गैर कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने, नागरिकता के सबूतो का दुरुपयोग करने, पासपोर्ट के आवेदन में झूठा बयान देने और झूठा बयान देकर बनवाए गए पासपोर्ट का इस्तेमाल करने का दोषी पाया गया है।गुलवाडी को अधिकतम 10 वर्ष की कैद की सजा हो सकती है।गैरकानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने के लिए दोषी को सजा सुनाए जाने पर उसकी अमेरिकी नागरिकता अपने-आप रद्द हो जाएगी। सजा की तारीख अभी तक निर्धारित नही की गई है।

### संस्कृत से स्पेनिश भाषा के अनुवादक को पुरस्कार

**स्पेन।** वाणी फ़ाउंडेशन और टीमवर्क आर्ट्स की ओर से प्रत्येक वर्ष जयपुर बुकमार्क ,जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल में वाणी फाउंडेशन गणमान्य अनुवादक पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन अनुवादकों को दिया जाता है जिन्होंने निरन्तर और कम से कम दो भारतीय भाषाओं के बीच साहित्यिक और भाषाई सम्बन्ध विकसित करने की दिशा में गुणात्मक योगदान दिया है। भारतीय और अन्तरराष्ट्रीय भाषाओं के बीच सीधे आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए पहल की कमी के आलोक में यह पुरस्कार आवश्यक समझा गया। यह पुरस्कार विशेष रूप से उन अनुवादकों का समर्थन करता है जिन्होंने एक महत्त्वपूर्ण साहित्यिक संग्रह तैयार किया है। इसमें ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के अलावा एक लाख भारतीय रुपये या समकक्ष मौद्रिक राशि प्रदान की जाती है। यह पुरस्कार 2024 में अपने 8वें संस्करण में है। इस पुरस्कार के सम्मानित निर्णायक मण्डल में नमिता गोखले सह.निदेशक, जयपुर लिटरेचर फ़ेस्टिवल व साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित लेखिका, अरुणव सिन्हा अनुवादक व लेखक और यतीन्द्र मिश्र स्वर्ण कमल से सम्मानित कवि, लेखक एवं संगीत अध्येता शामिल हैं। इस सम्मान के तहत वर्ष 2016 का प्रथम वाणी फ़ाउंडेशन गणमान्य अनुवादक पुरस्कार् मलयालम कवि अत्तूर रवि वर्मा को मलयालम से तमिल अनुवाद के लिए प्रदान किया गया। वर्ष 2017 में यह पुरस्कार प्रख्यात अनुवादक, कवयित्री, लेखिका और आलोचक डॉ अनामिका को भोजपुरी से हिन्दी अनुवाद के लिए दिया गया। वर्ष 2018 में सांस्कृतिक इतिहासज्ञ और अनुवादक डॉ. रीता कोठारी को सिन्धी से अंग्रेज़ी अनुवाद के लिए दिया गया और वर्ष 2019 में इस पुरस्कार से प्रख्यात कवि, कथाकार अनुवादक और चित्रकार तेजी ग्रोवर को नवाज़ा गया।

### तुर्की: अदालत परिसर पर हमले का प्रयास, दो हमलावर मारे गए, छह व्यक्ति घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के इस्तांबुल मे मंगलवार को एक अदालत परिसर पर हमला करने की कोशिश के दौरान दो व्यक्तियों को मार गिराया गया। यह जानकारी तुर्की के गृहमंत्री अली एरलिकाया ने दी। एरलिकाया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि सुबह कैग्लायन अदालत परिसर में एक सुरक्षा चौकी पर स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बजकर 46 मिनट पर "हमला करने के प्रयास" के दौरान एक पुरुष और एक महिला मारे गए। मंत्री ने बताया कि इस घटना में तीन पुलिस अधिकारियों सहित छह लोग घायल हो गए। उन्होने कहा, मै हमारे वीर पुलिस अधिकारियो को बधाई देता हूं। मै घायलो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कैग्लायन इस्तांबुल शहर के यूरोपीय हिस्से में कागिथेन जिले मे एक विशाल अदालत परिसर है। एरलिकाया ने बाद मे हमलावरों की पहचान रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स लिबरेशन पार्टीफ्रंट, या डीएचकेपीसी के सदस्यो के रूप मे की, जो एक धुर वामपंथी समूह है जिसे तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ मे एक आतंकवादी संगठन माना जाता है।यह हमला ऐसे दिन हुआ, जब तुर्की देश के दक्षिण में आए भूकंप की बरसी मना रहा था, जिसमे हजारो लोग मारे गए थे।

### रूस में इंद्रधनुषी रंग की वस्तुएं प्रदर्शित करने के आरोप में तीन लोगों को सजा और जुर्माना

**तल्लिन।** रूस मे समलैंगिक समुदाय एलजीबीटीक्यू प्लस के समर्थन मे गतिविधियो को चरमपंथ के रूप मे गैरकानूनी घोषित करने वाले अदालत के फैसले के तहत अधिकारियो द्वारा लोगो को दंडित करने का पहला मामला सामने आया है। एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय के प्रतीक माने जाने वाले इंद्रधनुषी रंग की वस्तुओ के प्रदर्शन को लेकर कम से कम तीन लोगो को जेल की सजा हुई है या फिर उन पर जुर्माना लगाया गया है। रूसी मीडिया की रिपोर्ट और अधिकार समूहो से यह जानकारी मिली। रूस की सरकार ने देश मे एलजीबीटीक्यू प्लस गतिविधियो को आंदोलन होने का दावा किया था। पिछले वर्ष नवंबर में उच्चतम न्यायालय ने एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय से संबंधित गतिविधियो को प्रतिबंधित कर दिया था और इसे एक चरमपंथी संगठन करार दिया था। न्यायालय का यह फैसला रूढ़िवादी देश मे तेजी से बढ़ रहे एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय के लोगो पर कार्वाई का हिस्सा था। रूस में तेजी से बढ़ते एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय के लोगों की संख्या के कारण पारंपरिक पारिवारिक मूल्यो को दरकिनार किया जा रहा है, जो राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 24 साल के शासन की कभी मजबूत कड़ी रहे थे। रूसी कानून के तहत चरमपंथी संगठनो के प्रतीको के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक है। इसके अलावा एलजीबीटीक्यू प्लस अधिकारो की बात करने वाले संगठनो और समूहो को चेतावनी दी गई थी कि इंद्रधनुषी रंग के झंडे या अन्य वस्तुओ को प्रदर्शित करने पर अधिकारियो द्वारा कार्वाई की जा सकती है।

### इमरान की पत्नी ने अपने आवास को उप-जेल घोषित करने के खिलाफ अदालत का रुख किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने अपने आवास को उप-जेल घोषित करने के अधिकारियो के कदम के खिलाफ मंगलवार को यहां उच्च न्यायालय मे याचिका दायर की और "संभावित सुरक्षा खतरों" का जिक्र करते हुए उन्हे रावलपिंडी की अडियाला जेल भेजने का अनुरोध किया। एक जवाबदेही अदालत ने पिछले हफ्ते बुशरा बीबी (49) को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे 14 साल जेल की सजा सुनाई थी और उसके बाद उन्हे इमरान खान के बानी गाला आवास मे बंद कर दिया गया था। बुशरा ने उन्हे अडियाला जेल भेजने के बदले उनके बानी गाला निवास को उप-जेल घोषित करने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय मे याचिका दायर की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान भी उसी जेल मे बंद है। द न्यूज इंटरनेशनल समाचार पत्र ने कहा, "अडियाला जेल अधीक्षक के अनुरोध पर अधिकारियो ने बुशरा को कैद करने के लिए बानी गाला निवास को उप-जेल घोषित कर दिया था। जवाबदेही अदालत ने सरकारी उपहारो की अवैध बिक्री से संबंधित मामले मे इमरान खान और बुशरा को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई है। इस मामले को ही तोशखाना भ्रष्टाचार मामला कहा जाता है। बुशरा ने अपनी याचिका में कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओ की तरह, वह उप-जेल के बदले अडियाला जेल परिसर मे अपनी सजा काटने के लिए तैयार है।

### ब्लिंकन ने मिस्र के नेताओं से मुलाकात के दौरान संघर्षविराम के लिए बंधकों की रिहाई पर जोर दिया

**काहिरा।** मिस्र के नेताओ और अमेरिकी अधिकारियो से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को काहिरा मे मौजूद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उग्रवादियो से बंधकों को छुड़ाने के बदले इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए वार्ता करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इजराइल ने संकेत दिए है कि गाजा मे जारी लड़ाई फैलकर मिस्र सीमा तक पहुंच सकती है, जिसको लेकर मिस्र में बढ़ती चिंताओ के बीच ब्लिंकन ने यह यात्रा की है। मिस्र सीमा पर फिलहाल बड़ी तादाद मे विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए है। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल के हमले अंततः मिस्र की सीमा पर रफाह शहर तक पहुंच जाएंगे। गाजा की 23 लाख की आबादी मे से आधे से अधिक लोगों ने रफाह शहर मे शरण ले रखी है है और वे दयनीय परिस्थितियो मे रह रहे है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय पर्यवेक्षको ने मंगलवार को कहा कि गाजा छोड़ने का इजराइल का आदेश अब दो तिहाई क्षेत्र पर लागू हो गया है, जिसके चलते हर दिन हजारो लोग सीमावर्ती क्षेत्रो की ओर जा रहे है। मिस्र ने आगाह किया है कि सीमा पर इजराइली सैनिको की तैनाती से दोनो देशो के बीच चार दशक पहले हुआ शांति समझौता खतरे मे पड़ जाएगा। मिस्र को डर है कि लड़ाई के रफाह क्षेत्र तक फैलने से भयभीत फलस्तीनी नागरिक सीमा पार करके मिस्र मे दाखिल हो सकते हैं। ब्लिंकन ने मंगलवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से मुलाकात की। वह कहते रहे है कि कि फलस्तीनियो को गाजा से बाहर नही निकाला जाना चाहिए। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा के दौरान संघर्षविराम समझौते, इजराइल और सऊदी अरब के बीच संबंधो को सामान्य बनाने और क्षेत्रीय लड़ाई को बढ़ने से रोकने पर जोर दे रहे है। हालांकि तीनों मुद्दों पर ब्लिंकन बड़ी चुनौतियो का सामना कर रहे है। हमास और इजराइल संभावित संघर्षविराम के लिए तैयार नही है। इजराइल ने फलस्तीनियो के लिए देश बनाने के अमेरिका के आह्वान को खारिज कर दिया है और क्षेत्र मे ईरान के सहयोगी चरमपंथियो की तरफ से अमेरिकी हमलो से डरने का कोई बहुत अधिक संकेत नही दिखा है।

### श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री ने इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री केहेलिया रामबुक्वेला ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। रामबुक्वेला को स्वास्थ्य मंत्री के रूप मे उनके कार्यकाल के दौरान विवादास्पद मानव इम्युनोग्लोबुलिन खरीद घोटाले को लेकर कुछ ही दिन पहले गिरफ्तारी किया गया था। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा 10 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद 2 जनवरी को रामबुक्वेला को गिरफ्तार किया गया था।समाचारपोर्टल न्यूजफर्स्ट.आईके के अनुसार, रामबुक्वेला ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा पत्र भेजा था। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि इस्तीफा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार कर लिया गया था और इसे सरकारी गजट के माध्यम से प्रकाशन के लिए निर्देशित किया गया है। उसने कहा कि हिरासत में लिए जाने के बाद मंत्री को बीमार होने के कारण जेल अस्पताल में ले जाया गया था।

### वैलेंटाइन-डे दुनिया में दिखेगा नया रंग

**अमेजन।** वैलेंटाइन डे प्यार का त्योहार है और आप उनसे कितना प्यार करते है, इसका इजहार करने के लिए कुछ बेहतरीन लफ्जों और कुछ खास गिफ्ट्स की जरूरत होती हैण् इस मौके पर अमेजन फैशन आपके गिफ्टिंग के अनुभव को और भी बेहतरीन बनाने के लिए एक खास जगह है। अमेजन फैशन पर 1200 से अधिक ब्रांडों की ओर से पेश किए गए 45 लाख से अधिक स्टाइल्स के साथ विशाल संग्रह उपलब्ध है। चाहे आप सदाबहार खूबसूरती की तलाश में हों या कैजुअल परिधान या ट्रेंडी प्रोडक्ट खरीदना चाह रहे हो, अमेजन फैशन ने आपके लिए एक ऐसा संग्रह तैयार किया है जो आपकी विभिन्न प्रकार की पसंदों और प्राथमिकताओं को पूरा करता है। चाहे आपका सबसे पसंदीदा इंसान आपका जीवनसाथी हो, प्रिय मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य हो, आप उसके लिए एक ऐसा बेहतरीन गिफ्ट खरीदें, जो उनकी अनूठी स्टाइल और व्यक्तित्व को दर्शाता हो।

### कनाडा में मंदिरों से पैसे चुराने के आरोप में भारतीय मूल का व्यक्ति गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा के पील क्षेत्र में भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर मंदिरो मे घुसकर दान पेटिका से पैसे चुराने का आरोप लगा है।ब्रैम्प्टन मे रहने वाले जगदीश पंढेर (41) पर पांच बार पूजास्थलो मे जबरन घुसने का आरोप है। पील पुलिस ने ग्रेटर टोरंटो इलाके मे अन्य पुलिस विभागों के सहयोग से मामले की जांच की और संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया।पील क्षेत्रीय पुलिस ने बताया कि पिछले वर्ष मार्च और अगस्त के बीच अधिकारियो ने मंदिरो मे घुसकर लूटपाट की तीन घटनाओ की जांच की और जब सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो उसमे दान पेटिका के पैसो चुराते हुए चोर की तस्वीरे सामने आईं।पुलिस के मुताबिक दुकानो मे चोरी की दो अन्य घटनाओ में भी यह व्यक्ति कथित तौर पर लिप्त पाया गया।

### सिंगापुर में अनुकरणीय सेवा के लिए भारतीय मूल के अधिकारी सम्मानित

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के एक विमानन सुरक्षा अधिकारी को जर्मनी की 87 वर्षीय एक यात्री की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया है। जर्मन यात्री हवाई अड्डे पर गिर गई थी और उसका कूल्हा टूट गया था। हरेश चंद्रन को सोमवार को चांगी हवाई अड्डे के वार्षिक समारोह मे 2023 के लिए सर्विस पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंद्रन को 22 दिसंबर, 2022 को चांगी हवाई अड्डे के टर्मिनल-। पर गिरने वाली जर्मन यात्री की उत्कृष्ट सहायता करने के परिणामस्वरूप यह पुरस्कार मिला है। यात्री की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के अलावा, चंद्रन ने उसके पति के लिए आवास की व्यवस्था की, रीबुकिंग शुल्क माफ करने के लिए एयरलाइन के साथ संपर्क किया और अस्पताल में रहने के दौरान प्रतिदिन दोनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात भी की थी।

# नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पीटीआई समर्थित महिला प्रत्याशी आतंकवाद के मामले में आरोपित

**लाहौर।** पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित महिला उम्मीदवार को मंगलवार को आतंकवाद मामले में अभ्यारोपित किया गया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ कार्वाई तेज की गई है। इसी के परिणाम स्वरूप यह कार्वाई सामने आई है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पीटीआई का ऐतिहासिक चुनाव चिन्ह बल्ला वापस लेने का फैसला किया था। आयोग के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था, जिसके चलते पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। सेना से टकराव का सामना कर रही



पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिसके चलते फिलहाल सेना की चहेती कही जा रही पीएमएल-एन के चुनाव जीतने का रास्ता साफ माना जा रहा है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ (74) लाहौर की एनए-130 सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला पीटीआई समर्थित मजबूत उम्मीदवार डॉक्टर यास्मीन रशीद से है।पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा खान को गिरफ्तार किए जाने के बाद पिछले साल नौ मई को भड़की हिंसा के दौरान थाने पर हमले के मामले में मंगलवार को यास्मीन को आतंकवाद रोधी अदालत में अभ्यारोपित किया गया। खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की अभूतपूर्व हिंसा के दौरान पीटीआई के कई कार्यकर्ताओं ने रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद में खुफिया एजेंसी आईएसआई के भवन समेत दर्जनों सैन्य व सरकारी भवनों को आग लगा दी थी और तोड़फोड़ की थी। इस बीच, आम चुनाव से ठीक 48 घंटे पहले पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों और निर्वाचन आयोग के कार्यालयों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों में बढ़ोतरी के कारण इन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

# दक्षिणी लाल सागर में पोत पर ड्रोन हमला

## यमन के हूती विद्रोहियों का हाथ होने का संदेह

भाषा। तेल अवीव (इजराइल)

**दक्षिणी ला**ल सागर से गुजर रहे एक पोत पर मंगलवार तड़के ड्रोन से हमला किया गया और इस हमले के पीछे यमन के हूती विद्रोहियों का हाथ होने का संदेह है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।गाजा पट्टी पर हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध के विरोध में हूती विद्रोहियों द्वारा पोतों को निशाना बनाए जाने की यह ताजा घटना है।ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया कि यह हमला यमन के होदीदा के पश्चिम में हुआ और इस हमले में पोत की खिड़कियों को मामूली क्षति पहुंची है। ऑपरेशंस ने बताया कि हमला होने से पहले इस पोत के पास एक अन्य छोटा जहाज भी था।निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने हमले का शिकार हुए पोत की पहचान ब्रिटेन के स्वामित्व वाले मालवाहक जहाज के रूप में की है, जिसपर बारबाडोस का झंडा लगा हुआ था।कंपनी ने बताया, हमले में पोत पर सवार किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन पोत को मामूली क्षति पहुंची है। फिलहाल किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोही शक के घेरे में हैं।

### यमन की राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त किया

**सना।** यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को सोमवार को बर्खास्त कर दिया। यह प्रत्याशित कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियो के ठिकानो पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है। परिषद ने एक आदेश मे विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।

# अच्छा हुआ कि महाराजा चार्ल्स तृतीय के कैंसर से पीड़ित होने का जल्द पता चल गया: सुनक

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के प्र**धानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को कहा कि उन्हें यह जानकर हैरानी और दुख हुआ कि महाराजा चार्ल्स तृतीय कैंसर से पीड़ित हैं, हालांकि अच्छा हुआ कि उनकी बीमारी का जल्द पता चल गया। बकिंघम पैलेस ने सोमवार शाम को बताया कि महाराजा को हुए कैंसर का इलाज शुरू कर दिया गया है। हालांकि इस बारे में विशेष जानकारी नहीं दी गई। पैलेस ने कहा कि चार्ल्स प्रोस्टेट ग्रंथि की हाल में हुई जांच के दौरान कैंसर से पीड़ित पाए गए थे। सुनक ने बीबीसी से कहा, शुक्र है कि इसका जल्दी पता चल गया। सुनक ने चार्ल्स के साथ होने वाली साप्ताहिक बैठक की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह पहले की तरह उनसे संपर्क करते रहेंगे।



### राष्ट्र सुरक्षा परिषद के नौ सदस्यों ने म्यामां सेना से नागरिकों पर हवाई हमले रोकने का आग्रह किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के नौ सदस्यों ने म्यामां की सेना द्वारा नागरिकों पर अंधाधुंध हवाई हमलों की निंदा की। इससे पहले एक दूत ने क्षेत्रीय प्रयासों के तहत शांति योजना लागू करने को लेकर परिषद को जानकारी दी। हालांकि, यह योजना अब तक काफी हद तक अप्रभावी रही है।अप्रैल 2021 में सेना के सत्ता पर काबिज से देश में छिड़े गृहयुद्ध के बाद इस योजना को अपनाया गया था। इस योजना के तहत म्यामां में हिंसा को तत्काल रोकने, सभी संबंधित पक्षों के बीच बातचीत, दक्षिण पूर्व एशियाई संघ के एक विशेष दूत द्वारा मध्यस्थता का आह्वान किया गया था। इसके अलावा इसमें आसियान चैनलों के माध्यम से मानवीय सहायता का प्रावधान, और सभी संबंधित पक्षों से मुलाकात करने के लिए एक विशेष दूत द्वारा म्यामां के दौरे पर जाने की भी बात थी।

# चिली में घनी आबादी वाले इलाके में आग फैलने से मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 123 हुई

भाषा। सैंटियागो (चिली)

**चिली के** जंगलों में लगी भीषण आग के घनी आबादी वाले इलाके में फैलने से मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 123 हो गई है और बचाव अभियान अब भी जारी है। चिली के मध्य क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार को लगी भीषण आग ने विना डेल मार शहर में व्यापक तबाही मचाई है। वालपरिसो क्षेत्र, क्विल्पे और विला एलेमा भी आग से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग सोमवार सुबह से कम होनी शुरू हुई। देश के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक ने रविवार को कहा कि कम से कम 3,000 से अधिक मकान जलकर खाक हो गए हैं। चिली की फोरेंसिक मेडिकल सेवा की निदेशक मैरिसोल प्राडो ने बताया कि मृतक संख्या 112 से बढ़कर 123 हो गई है। विना डेल मार की मेयर मैकारेना रिपामोंटी ने बताया कि लगभग 3,00,000 आबादी वाले शहर में कम से कम 370 लोगों के लापता होने की सूचना मिली है। विना डेल मार शहर के आसपास आग ने सबसे भीषण तबाही मचाई है और वहां 1931 में स्थापित एक प्रसिद्ध वनस्पति उद्यान रविवार को आग की लपटों में जलकर नष्ट हो गया। आग के कारण कम से कम।,600 लोग बेघर हो गए हैं। करीब तीन लाख की आबादी वाला विना डेल मार शहर एक लोकप्रिय समुद्र तट रिसॉर्ट है और यहां दक्षिणी गोलार्द्ध में गर्मियों का मौसम आने पर एक प्रसिद्ध संगीत समारोह भी आयोजित होता है।राष्ट्रपति बोरिक ने चिलीवासियों से बचावकर्मियों के साथ सहयोग करने की अपील की। चिली की गृह मंत्री कैरोलिना तोहा ने शनिवार को बताया था कि देश के मध्य और दक्षिण के 92 जंगल आग की चपेट में हैं।

# संरा मानवाधिकार संस्था ने पाकिस्तान में हिंसा की निंदा की, इमरान का समर्थन किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान को मंगलवार को आठ फरवरी के आम चुनाव से पहले तब अप्रत्याशित अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला जब संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निकाय ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के खिलाफ हिंसा के सभी कृत्यों की निंदा की। मतदान से पहले संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अधिकारियों से "एक समावेशी और सार्थक लोकतांत्रिक प्रक्रिया" के लिए आवश्यक मौलिक स्वतंत्रता को बनाए रखने का आग्रह किया। इसमें पाकिस्तान में महिलाओं और अल्पसंख्यकों के सामने आने वाली बाधाओं के बारे में बात की गई है, विशेषकर अहमदी समुदाय के बारे में। वैश्विक निकाय ने एक बयान में कहा कि मतदान से पहले, ऐसे कम से कम 24 मामले सामने आए हैं।

### मतदान के दिन अनुरोध पर इंटरनेट बंद करने पर विचार होगा: गृह मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अंतरिम गृह मंत्री डॉ. गौहर एजाज ने मंगलवार को कहा कि देश में कार्यवाहक सरकार बृहस्पतिवार को आम चुनाव के दिन इंटरनेट कनेक्शन बंद करने पर तभी विचार करेगी जब किसी जिले या प्रांत से अनुरोध आएगा। द न्यूज इंटरनेशनल अखबार ने एजाज के हवाले से कहा, अभी तक किसी भी जगह पर इंटरनेट सेवाएं बंद करने को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है। अनुरोध आने पर ही कार्यवाहक सरकार इंटरनेट कनेक्शन बंद करने पर विचार करेगी। एजाज कार्यवाहक सूचना मंत्री मुर्तजा सोलंगी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### पाकिस्तान की चुनावी प्रक्रिया पर नजदीक से नजर रख रहा है अमेरिका: अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका पाकिस्तान की चुनावी प्रक्रिया पर करीब से नजर रख रहा है और वह वहां अभिव्यक्ति, एकत्र होने और संघ बनाने की स्वतंत्रता के उल्लंघन को लेकर चिंतित है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका पाकिस्तान के चुनाव में उसके लोगों की व्यापक भागीदारी चाहता है। पटेल ने कहा, हम पाकिस्तान की चुनाव प्रक्रिया पर निकटता से नजर रख रहे है और जैसा कि हमने कहा है, हम चाहते है कि इस प्रक्रिया में व्यापक भागीदार के साथ अभिव्यक्ति, एकत्र होने और संघ बनाने की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाए। पाकिस्तान मे आठ फरवरी को आम चुनाव होंगे।

### प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर पूरे हैती में विरोध प्रदर्शन

**पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)।** हैती में प्रधानमंत्री एरियल हेनरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हो गई और कई प्रमुख शहरों में बंद जैसे हालात रहे।स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, हैती के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में बैंक, स्कूल और सरकारी कार्यालय बंद रहे। प्रदर्शनकारियों ने टायर जालकर मुख्य मार्गों को अवरुद्ध कर दिया, जिसके कारण सार्वजनिक परिवहन सेवा ठप हो गई। हैती के मध्य क्षेत्र के शहर हिन्चे में प्रदर्शनकारियों ने भारी हथियारों से लैस राज्य के पर्यावरणीय विभाग के कर्मिएं और उनके कमांडर जोसेफ जीन बैप्टिस्ट के पहुंचने पर उनका स्वागत किया। उन्होंने हेनरी के इस्तीफे की मांग की।एक वीडियो में कमांडर ने कहा, मैं चाहता हूं कि एरियल मेरी गोलियों के सामने खड़े हों और हम सब उनकी लाश के ऊपर से गुजरें। उन्होंने कहा , हमें अधिकांश आबादी का समर्थन प्राप्त है।

# सहारन-धास के अर्धशतक से भारत फाइनल में

## अंडर-19 विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर लगातार पांचवी बार जगह बनाई



भाषा। बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)

सचिन धास और कप्तान उदय सहारन के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से गत चैंपियन भारत ने मंगलवार को यहां बेहद विषम परिस्थितियों से उबरते हुए दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर लगातार पांचवीं बार फाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के 245 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए धास (96 रन, 95 गेंद, 11 चौके, एक छक्का) और सहारन (81 रन, 124 गेंद, छह चौके) के बीच पांचवें विकेट की 171 रन की साझेदारी से भारत ने 48.5 ओवर में आठ विकेट पर 248 रन बनाकर जीत दर्ज की। ए दोनों उस समय बल्लेबाजी के लिए उतरे थे जब भारत 12वें ओवर में 32 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में था। अंत में राज लिम्बानी (चार गेंद में नाबाद 13) ने चौका जड़कर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका ने 23 वाइड सहित 27 अतिरिक्त रन देकर भारत की राह कुछ आसान की। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तेज गेंदबाजों क्वेना मफाका (32 रन पर तीन विकेट) और ट्रिस्टन लूस (37 रन पर तीन विकेट) ने तीन तीन विकेट चटकाए लेकिन मेजबान टीम को फाइनल में जगह नहीं दिला सके। दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हुआन-ड्रे प्रिटोरियस (102 गेंद में 76 रन) और रिचर्ड सेलेट्सवेन (100 गेंद में 64 रन) के अर्धशतक से सात विकेट पर 244 रन बनाए। भारत की ओर से लिम्बानी ने 60 रन देकर तीन जबकि मुशीर खान ने 43 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत फाइनल में गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12वें ओवर में 32 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज मफाका ने पारी की पहली की गेंद पर आदर्श सिंह को विकेटकीपर प्रिटोरियस के हाथों कैच कराया। टूर्नामेंट में दो शतक जड़ने वाले मुशीर (04) चौथे ओवर में लूस की गेंद पर दूसरी स्लिप में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान युआन जेम्स को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी (12) ने मफाका पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन 10वें ओवर में लूस की गेंद पर स्लिप में जेम्स को कैच दे बैठे। लूस ने अगले ओवर में प्रियांशु मोलिया (05) को भी विकेट के पीछे कैच कराके भारत को चौथा झटका दिया। कप्तान सहारन और धास ने इसके बाद पारी को संभालने का जिम्मा उठाया। सहारन ने शुरुआती में धीमी बल्लेबाजी की लेकिन धास अच्छी लय में नजर आए। धास ने तेज गेंदबाज रिली नोर्टन को निशाना बनाया और उन पर पांच चौके मारे। भारत के रनों का अर्धशतक 17वें ओवर में पूरा हुआ। धास ने स्टीव स्टॉक पर भी लगातार दो चौके मारे और सहारन के साथ मिलकर 25वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। धास ने ओलिवर वाइटहेड पर लगातार दो चौकों के साथ 47 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। सहारन ने शुरुआती 68 गेंद में सिर्फ 29 रन बनाए। उन्होंने जेम्स पर चौके से धास के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। सहारन ने जेम्स पर चौके से 88 गेंद में अर्धशतक बनाया। धास ने 40वें ओवर में जेम्स पर छक्का जड़ा। भारत को अंतिम 10 ओवर में जीत के लिए 53 रन की जरूरत थी।

# भारतीय टीम जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी

## पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी

**हरारे।** भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ छह जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। इस श्रृंखला का आयोजन वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के तुरंत बाद होगा। इस श्रृंखला में हालांकि भारत के मुख्य खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना काफी कम है। श्रृंखला के सभी पांच मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में छह, सात, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जाएंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला छह से 14 जुलाई 2024 तक हरारे में खेली जाएगी। इस दौरे की पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई, जिसका उद्देश्य दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, बीसीसीआई ने वैश्विक क्रिकेट समुदाय में योगदान देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। हम समझते हैं कि यह जिम्बाब्वे के पुनर्निर्माण का समय है और इस समय जिम्बाब्वे क्रिकेट को हमारे समर्थन की जरूरत है। उन्होंने कहा, जिम्बाब्वे क्रिकेट को समर्थन देने की हमारी प्रतिज्ञा अंतरराष्ट्रीय मंच पर क्रिकेट के विकास और समृद्धि के लिए एक साझा दृष्टिकोण को दर्शाती है। भारत के दौरे पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए जेडसी के अध्यक्ष तवेंगवा मुकुहलानी ने कहा, हम जुलाई में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करने को लेकर रोमांचित हैं।

# नेपाल को 4-0 से हराकर भारत फाइनल में पहुंचा

## सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप

भाषा। ढाका

**नेहा के** दो गोल की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां अपने आखिरी लीग मैच में नेपाल को 4-0 से हराकर सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद नेहा ने 54वें और 80वें मिनट में गोलकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। टीम के लिए सुलांजना राउल (85वां मिनट) और रेमरौटपुई कोल्ने (903 मिनट) ने दो अन्य गोल किए। भारत के सामने गुरुवार को खेले जाने वाले फाइनल में मेजबान और मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश की चुनौती होगी।भारतीय टीम ने इससे पहले अपना पहला मैच भूटान के खिलाफ 10-0 से जीता था जबकि दूसरे मुकाबले में उसे बांग्लादेश से 0-। से हार मिली थी।

# बुमराह का सामना करने का तरीका ढूंढेंगे: मैकुलम

भाषा। नई दिल्ली



**जसप्रीत बुमराह** ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार स्पैल से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी इस अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज के खतरे से निपटने का कोई रास्ता निकालेंगे। बुमराह ने 45 रन पर छह विकेट चटकाकर अपने अति-आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया था। इससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 253 रन पर सिमट गई थी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम खिलाड़ी के तौर पर खुद भी आक्रामक बल्लेबाजी करते थे। उनसे श्रृंखला के आगामी तीन मैचों में जब बुमराह से निपटने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनकी टीम सिद्धांतों पर विश्वास नहीं करती लेकिन वे इसका तरीका ढूंढने की कोशिश करेंगे। मैकुलम ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, हम वास्तव में सिद्धांतों पर काम नहीं करते हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे है कि हमारे खिलाड़ी मौजूदा समय में रहे और वे अपने तरीके पर भरोसा करे। वे इस मामले में मुझसे कहीं बेहतर हैं और वे इस पर काम करेंगे कि इससे निपटने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। इस बारे में उनका तरीका बिलकुल अलग हो सकता है। हम देखेंगे कि हम क्या हासिल कर पाते है। अभी के लिए हमें जसप्रीत की तारीफ करनी होगी और कहना होगा कि वह स्पैल (दूसरे टेस्ट की पहली पारी में) बेहद ही शानदार था। मैकुलम ने बुमराह के कौशल की तारीफ करते हुए कहा, उसके पास हर परिस्थिति में गेंदबाजी करने की काबिलियत है। गेंद जब स्विंग होती है तो वह ज्यादा खतरनाक होता है। वह कमाल का गेंदबाज है। वह अपनी तरह का इकलौता गेंदबाज है और हवा से काफी स्विंग हासिल करता है। इसमें कोई शक नहीं कि वह बहुत अच्छा गेंदबाज हैं, लेकिन हमने पिछले 18 महीनों में बहुत अच्छे गेंदबाजों का सामना किया है और उनका मुकाबला करने के तरीके ढूंढे हैं और इस बार भी हमें यही करना है। मैकुलम ने कहा कि दो टेस्ट मैचों के बाद।-। का स्कोर इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हम मुकाबले में हैं। हमने पिछले दो टेस्ट मैचों में काफी अच्छी क्रिकेट खेली है। हां, हम दूसरे टेस्ट में हारे लेकिन पहले मैच को जीतने में सफल रहे थे। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट के बाद इंग्लैंड की टीम अबुधाबी वापस चली गई। वे 15 फरवरी से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले 12 फरवरी को राजकोट पहुंचेंगे। मैकुलम ने कहा कि अबुधाबी में इस बार टीम के लिए उस तरह का सत्र नहीं होगा जैसा कि भारत दौरे की शुरूआत से पहले हुआ था। वहां पर पूरे समय अभ्यास नहीं होगा। हमारे खिलाड़ियों ने अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की थी और उसके बाद ही भारत पहुंचे थे। दो अलग-अलग टेस्ट मैच थे और हमारे लिए यह गर्मी से दूर जाने का एक अवसर है। मैं राहुल द्रविड़ से बात कर रहा था और उन्होंने बताया कि उनके सभी खिलाड़ी अपने घर जा रहे है। हमारे लिए घर थोड़ा दूर है, इसलिए हमने अबुधाबी को चुना और हम परिवार के साथ आनंद लेंगे।

## भारतीय बल्लेबाजों को काफी मेहनत करनी होगी: जहीर

**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला मे भारत की लचर बल्लेबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम दूसरे टेस्ट को जीतने में सफल रही।जायसवाल और गिल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया वही जसप्रीत बुमराह ने मैच मे नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर की।जहीर ने जियो सिनेमा से कहा, जब आप टीम को देखते है तो कुछ चिंताएं होती है - बल्लेबाजी एक ऐसी ही चीज है। हमने अतीत मे इन परिस्थितियों मे, इस तरह की पिचों पर भारत को बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। उन्होने कहा, आप अगर इंग्लैंड की दूसरी पारी को देखेंगे तो सिर्फ एक बल्लेबाज अर्धशतक लगा पाया था फिर भी उनकी टीम 300 रन के करीब पहुंचने में सफल रही। समग्र प्रयास से ऐसे नतीजे आते है। हमने इस मैच मे भारत की ओर से दो शानदार पारियां (जायसवाल और गिल) देखी है लेकिन बल्लेबाजी मे अब भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

# इंग्लैंड ने दिव्यांग टी20 क्रिकेट में भारत को 22 रन से हराया

भाषा। अहमदाबाद

**कैलम फ्लिन** के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को यहां भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद श्रृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फ्लिन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फ्लिन और लियाम ओ ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए। भारत के लिए रविंद्र साठे ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम सात विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम के लिए कप्तान विक्रांत केनी ने 49 गेंद में सबसे ज्यादा 45 रन बनाए।इंग्लैंड के लिए डेनियल रिकी हैम ने तीन विकेट लिए। फ्लिन मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

## महाराष्ट्र केआईडब्ल्यूजी पदक तालिका में शीर्ष पर

**लेह (लद्दाख)।** महाराष्ट्र खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों (केआईडब्ल्यूजी) में मंगलवार को संपन्न हुए पहले चरण के बाद तालिका मे शीर्ष स्थान पर काबिज है। महाराष्ट्र ने छह स्वर्ण के साथ कुल 20 पदक जीते है जबकि कर्नाटक दूसरे स्थान पर है। कर्नाटक के नाम भी छह स्वर्ण है लेकिन उसके कुल पदक की संख्या आठ है। मेजबान लद्दाख ने स्पीड स्केटिंग मे दो स्वर्ण पदक हासिल किए। लद्दाख कुल 13 पदक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। केआईडब्ल्यूजी के दूसरे चरण का आयोजन 21 से 25 फरवरी तक गुलमर्ग मे होगा।

## पीसीबी ने सैयद को पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को सर्वसम्मति से अनुभवी प्रशासक सैयद मोहसिन रजा नक्वी को तीन साल के कार्यकाल के लिए अपना अध्यक्ष (चेयरमैन) नियुक्त किया। अध्यक्ष का चुनाव लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) की एक विशेष बैठक में हुआ।पीसीबी की वेबसाइट से नक्वी ने कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर मै बेहद सम्मानित और आभारी महसूस कर रहा हूं।

## उत्तर प्रदेश की टीम श्री महावीर जी पहुंची

**लखनऊ।** राजस्थान के करौली जिले के श्री महावीर जी में होने वाली 40वीं राष्ट्रीय जूनियर टेनी-क्वायट चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम भाग लेगी। आगामी 7 से 10 फरवरी 2024 तक आयोजित इस चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीम मंगलवार को श्री महावीर जी पहुंच गयी। उत्तर प्रदेश टेनी क्वायट एसोसिएशन के सचिव डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बताया कि बालक टीम में आनंद सिंहए दिव्यांशु गोंडए तुषार मिश्रा, रघुराज प्रताप सिंह चयनित किए गए है। टीम कोच अखिलेश कुमार यादव व मैनेजर सिकंदर विलियम होंगे। बालिका टीम में आस्था बरनवाल, ब्यूटी यादव, कीर्ति जायसवाल, शिवांशी यादव, कात्या गुप्ता,अदिति राज को जगह मिली है। बालिका टीम कोच मनीषा रानी व मैनेजर दिनेश कुमार होंगे।

## नडाल, जोकोविच, सिनर सऊदी अरब प्रदर्शनी में टूर्नामेंट में खेलेंगे

**रियाद (सऊदी अरब)।** राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच, कार्लोस अल्कराज और ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर अक्टूबर मे सऊदी अरब मे एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट मे भाग लेंगे। इस आयोजन का नाम 6 किंग्स स्लैम है जिसमे डेनियल मेदवेदेव और होल्गर रूने भी चुनौती पेश करेंगे। इसका आयोजन रियाद मे होगा। इसमे रूने के अलावा सभी खिलाड़ियों को ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का अनुभव है। नडाल को हाल ही मे सऊदी टेनिस महासंघ ने अपना ब्रांड दूत बनाया है।

## सुपर कप फुटबॉल का आयोजन एफए कप की तर्ज पर कराने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंटों मे शामिल सुपर कप का आयोजन आगामी सत्र से नए प्रारूप मे इंग्लैंड के एफए कप के समान होगा। सुपर कप से टीमों को एएफसी चैंपियंस लीग 2 में स्थान हासिल करने का मौका मिलता है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने आगामी सत्र के लिए अपने कैलेंडर मे सुपर कप के लिए एक अक्टूबर 2024 से 15 मई, 2025 की तारीख तय की है।

## सचिन, सागर स्ट्रेंड्जा मेमोरियल के क्वार्टर फाइनल में

**सोफिया (बुल्गारिया)।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन सचिन और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सागर ने मंगलवार को यहां 75वें स्ट्रेंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई।सचिन (57 किग्रा) ने प्री क्वार्टर फाइनल मे उज्बेकिस्तान के फेजोव खुदोनजर को 3-2 से हराकर अंतिम आठ मे प्रवेश किया जहां उनका सामना शुक्रवार को जॉर्जिया के केप्नेनाड्जे जियॉर्जी से होगा।सागर (92 किग्रा से अधिक) ने क्वार्टर फाइनल मे सर्वसम्मत फैसले मे लिथुआनिया के जेजेविसियस योनास को 5-0 से हराया। वह गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मे उज्बेकिस्तान के जोकिरोव जाखोनगिर से भिड़ेंगे।वंशज (63.5 किग्रा) को हालांकि कड़े मुकाबले मे खंडित फैसले मे ईरान के हबीबीनेजाद अली के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। सोमवार दे रात अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) ने फ्रांस की सोनविको एमिली को 4-। से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। वह गुरुवार को सर्बिया की मातोविच मिलेना से भिड़ेंगी। मनीषा (60 किग्रा) को हालांकि प्री क्वार्टर फाइनल मे फ्रांस की जिदानी अमीनाके खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज का वनडे श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया

**कैनबरा।** तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट (21 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले मे मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज को आठ विकेट से शिकस्त दी।ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज की पारी को महज 86 रन पर समेटने के बाद सिर्फ 6.5 ओवर मे दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न मे पहला मैच आठ विकेट से और सिडनी मे दूसरा मैच 83 रन से जीता था। श्रृंखला के पहले मैच मे अपने पदार्पण पर चार विकेट झटकने वाले जेवियर को दूसरे एकदिवसीय मे विश्राम दिया गया था। उन्होने तीसरे वनडे मे टीम मे वापसी करते हुए वेस्टइंडीज की पारी को झकझोर दिया। वेस्टइंडीज की टीम 24.1 ओवर मे 86 रन पर आउट हो गई। यह एकदिवसीय मे उसका पांचवां सबसे छोटा स्कोर है।

## मलाबार ऑस्ट्रेलिया से जुड़े ब्रेट ली

**केनबरा।** वैश्विक स्तर पर दुनिया के छठे सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में अपना नया शोरूम शुरू किया है। नए शोरूम का उद्घाटन प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली ने की। इस तरह मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया में परिचालन शुरू करने वाले पहले भारतीय अंतरराष्ट्रीय आभूषण ब्रांड के रूप में इतिहास रच दिया है। इस शोरूम के साथ ही मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 13वें देश में अपने परिचालन का विस्तार किया है। अभी भारत, संयुक्त अरब अमीरात,कतर, कुवैत, ओमान,केएसए, बहरीन,सिंगापुर, मलेशिया, अमेरिका, ब्रिटेन,कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की 340 से ज्यादा शोरूम के साथ व्यापक खुदरा उपस्थिति है। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अंतरराष्ट्रीय परिचालन के एमडी शामलाल अहमद, भारतीय परिचालन के एमडी अशर ओए सुदूर पूर्व व ऑस्ट्रेलिया के क्षेत्रीय प्रमुख अजीत एमए फाइनेंस व एडमिन के प्रमुख अमीर सीएमसी व सिडनी सरकार के प्रतिनिधियोंए मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की प्रबंधन टीम के सदस्यों, ग्राहकों और शुभचिंतकों की उपस्थिति में किया। यह ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मजबूत व्यापार संबंधों और हालिया द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाने वाली एक बड़ी सफलता की कहानी भी है ऑस्ट्रेलिया में हमारी विकास योजना अगले कुछ सालों में नौकरियों के सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण निवेश को बढ़ावा देगी।

## कुश्ती के तदर्थ पैनल ने राज्य इकाइयों से आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए प्रविष्टियां मांगी

**नई दिल्ली।** कुश्ती की तदर्थ समिति ने सभी राज्य संघो को इस महीने के अंत मे ग्वालियर मे होने वाली अंडर-20 और अंडर-15 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए प्रविष्टियां भेजने का निर्देश दिया है और ऐसा नही करने की स्थिति मे तीन सदस्ईय पैनल स्वयं उस राज्य से प्रतिद्वंद्वी चुन लेगा। आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप 11 से 17 फरवरी तक होगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा नियुक्त समिति के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि उन्हे दो से पांच फरवरी तक जयपुर मे कार्यवाहक निकाय द्वारा आयोजित सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए प्रविष्टियां जमा करने के संबंध मे दो से तीन राज्य इकाइयो के साथ समस्याओ का सामना करना पड़ा। संजय सिंह की अध्यक्षता वाले नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती महासंघ को खेल मंत्रालय ने अपने ही संविधान का उल्लंघन करने के लिए निलंबित कर दिया था और तदर्थ समिति को सभी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन का काम सौपा गया। निलंबित डब्ल्यूएफआई ने 29 से 31 जनवरी तक पुणे मे सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया था जिसे मंत्रालय ने गैर मान्यता प्राप्त करार दिया और संजय सिंह के खिलाफ कानूनी कार्वाई की चेतावनी दी।

# हॉकी खिलाड़ी वरूण पर बलात्कार का आरोप, पॉक्सो के तहत मामला दर्ज



**बेंगलुरू-नई दिल्ली।** अर्जुन पुरस्कार विजेता भारतीय हॉकी खिलाड़ी वरूण कुमार के खिलाफ बेंगलुरू पुलिस ने कड़े पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम) कानून के तहत मामला दर्ज किया है क्योंकि एक महिला ने आरोप लगाया है कि जब वह नाबालिग थी तब उसने उसका यौन उत्पीड़न किया।

बाइस साल की महिला ने सोमवार को अपनी शिकायत में कहा कि वह 2018 में इंस्टाग्राम के जरिए वरूण के संपर्क में आई और जब वह 17 वर्ष की थी तब इस खिलाड़ी ने शादी का वादा करके कई बार उसका बलात्कार किया। महिला ने दावा किया कि वह 2018 में वरूण के संपर्क में आई तो 17 साल की थी। उस समय वरूण यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में ट्रेनिंग कर रहा था। वर्ष 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित वरूण को हाल में पंजाब पुलिस में उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, महिला की शिकायत के आधार पर हमने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की उचित धारा और भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी) के तहत मामला दर्ज किया है। तोक्यो ओलंपिक के लिए भारत की स्टैंडबाई सूची में शामिल वरूण अभी आगामी एफआईएच प्रो लीग के लिए भुवनेश्वर में राष्ट्रीय टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। भारत को अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन का सामना करना है। ऐसी अटकलें थीं कि 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय टीम में शामिल वरुण फरार है लेकिन हॉकी इंडिया ने इस अफवाह को खारिज कर दिया। हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, वह फरार नहीं है। वह टीम के साथ भुवनेश्वर में है। हिमाचल प्रदेश के वरूण ने 2017 में भारत की ओर से पदार्पण किया।

# तमिलनाडु के खिलाफ रणजी के लिए मयंक की वापसी, कर्नाटक की कप्तानी करेंगे

भाषा। बेंगलुरू

**विमान में** संदिग्ध पेय पीने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए अनुभवी सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं और शुक्रवार से चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में कर्नाटक की अगुआई करेंगे। अग्रवाल ने पिछले महीने त्रिपुरा के खिलाफ मुकाबले के बाद सूरत रवाना होने के दौरान विमान में तरल पदार्थ पी लिया था जिसके बाद इस 32 वर्षीय बल्लेबाज को मुंह और गले में जलन के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अग्रवाल ने कथित धोखेबाजी का आरोप लगाकर एफआईआर भी दर्ज कराई थी। वह खराब स्वास्थ्य के कारण रेलवे के खिलाफ कर्नाटक के पिछले मैच में नहीं खेल पाए। यहां चिकित्सा निरीक्षण बाद उनकी टीम में वापसी का रास्ता साफ हुआ। अग्रवाल की गैरमौजूदगी में रेलवे के खिलाफ निकिन जोस ने कर्नाटक की अगुआई की और पूर्व चैंपियन टीम ने अनुभवी मनीष पांडे के नाबाद अर्धशतक की मदद से सूरत में एक विकेट से जीत दर्ज की। अभी तमिलनाडु ग्रुप सी में 21 अंक लेकर शीर्ष पर चल रहा है। कर्नाटक के भी इतने ही अंक हैं लेकिन तमिलनाडु बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे आगे हैं।

## रूट बैजबॉल युग में टीम में जगह के लिए अपने स्वाभाविक खेल से दूर हो रहे है: कुक

**लंदन।** इंग्लैड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का मानना है कि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की बैजबॉल योजना मे फिट होने की बेताबी के कारण अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला मे अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे है।इंग्लैड के बल्लेबाज पिछले कुछ समय से बहुत ही आक्रामक शैली मे खेलते है जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है। बैज मैकुलम का उपनाम है।कुक की कप्तानी मे इंग्लैड की टीम ने 2012 मे भारत मे टेस्ट श्रृंखला जीती थी। इसके बाद कोई भी विदेशी टीम भारतीय सरजमी पर टेस्ट श्रृंखला नही जीत सकी है।कुक ने कहा कि रूट दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी मे हर गेद पर प्रहार करना चाहते थे। वह 10 गेद की 16 रन की पारी मे कभी सहज नही दिखे।इंग्लैड के लिए टेस्ट क्रिकेट मे सबसे ज्यादा रन (12,472) बनाने वाले कुक ने टीएनटी स्पोर्ट्स से कहा, वह सभी प्रारूपों मे इंग्लैड का अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजो मे से एक है। लेकिन वह इस बैजबॉल युग की खेल की गति के साथ कभी-कभी संघर्ष करता है। कुक ने कहा, वह टीम के दूसरे खिलाड़ियों को आक्रामक शॉट खेलते हुए देखता है, जो उन खिलाड़ियों की शैली के अनुरूप है। रूट ने टेस्ट मे 11,500 से ज्यादा रन बनाए है। वह शानदार है। बेन (स्टोक्स) और ब्रेंडन (मैकुलम) जो कर रहे है उसमे जगह बनाने की बेताबी मे कभी-कभी वह आक्रामक और रक्षात्मक खेल का सही संतुलन नही बना पा रहे है।

## न्यूजीलैंड ने द.अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त हासिल की

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच मे दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी मे दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था। डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों मे शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामे को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी मे 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाए। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिए। टेस्ट क्रिकेट मे यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट मे विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए है।

# जागरण और डीडीएआईआर एकादश सेमीफाइनल में

## एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग




**लखनऊ।** पिछले संस्करण की विजेता दैनिक जागरण ने मैन ऑफद मैच विमलेश कुमार - 4 विकेट की गेंदबाजी से तृतीय एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग में अमर उजाला को 16 रन से हराकर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेली जा रही लीग में दिन के दूसरे मैच में पूल ए से ही डीडीएआईआर एकादश ने मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश के खिलाफ 7 विकेट की जीत से अंतिम चार में जगह बनाई। पहले मैच में दैनिक जागरण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट पर 98 रन बनाए। टीम ने 38 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। फिर विकेटकीपर बल्लेबाज प्रहलाद सिंह मावड़ी ने 36 गेंदों पर 31 रन की पारी खेली। उनका साथ देते हुए विमलेश कुमार ने उपयोगी 13 रन बनाए। अमर उजाला से अनुराग बाजपेयी को तीन व मुदस्सिर को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में अमर उजाला अंतिम गेंद तक चले मैच में 8 विकेट के नुकसान पर 82 रन ही बना सका। एक अन्य मैच में डीडीएआईआर एकादश ने मैन ऑफद मैच रामबालक-55 के अर्धशतक से मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश को 7 विकेट से हराया। मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 2 विकेट पर 94 रन बनाए। सतीश त्रिवेदी-37 व वैभव-31 ही टिक कर खेल सके। जवाब में डीडीएआईआर एकादश ने 11.2 ओवर में 3 विकेट पर 97 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सीएस आजाद मात्र 1 रन बना सके।

# ऑस्ट्रेलिया के क्लिंगर डब्ल्यूपीएल में गुजरात जायंट्स के कोच बने

भाषा। मुंबई

**ऑस्ट्रेलिया के** पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लिंगर को मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र के लिए राचेल हेन्स की जगह गुजरात जाइंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया। डब्ल्यूपीएल का दूसरा सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। इसके सभी मैच दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। गुजरात जायंट्स पांच-टीमों की लीग के शुरुआती आयोजन में पिछले सत्र में आखिरी पायदान पर रही थी। टीम आगामी सत्र में 25 फरवरी को बेंगलुरु में सत्र के शुरुआती मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। फ्रेंचाइजी ने यहां जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज टीम के लिए मेंटोर (मार्गदर्शन) और सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगी, जबकि नूशिन अल खादीर गेंदबाजी कोच बनी रहेंगी। इसमें हालांकि यह नहीं बताया गया कि पहले सत्र में बल्लेबाजी कोच रहे तुषार अरोठे अपनी भूमिका में बने रहेंगे या नहीं।ऑस्ट्रेलिया के लिए 2017 में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले क्लिंगर ने इस विज्ञप्ति में कहा, महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र में गुजरात जायंट्स के पास कुछ खास करने का मौका है। मैं क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी मिताली राज के साथ काम करने का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं।

## हम रोहित से कप्तानी का बोझ कम करना चाहते थे, वह बल्लेबाज के तौर टीम के लिए अहम: बाउचर

**केपटाउन।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने माना कि रोहित शर्मा को बल्लेबाज के तौर पर स्वछंद होकर खेलने की आजादी देने के लिए टीम की कप्तानी से हटाने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। रोहित का आईपीएल के पिछले दो सत्र मे प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नही रहा है। आईपीएल इतिहास मे सबसे चर्चित कैश ट्रेड मे रिलायंस के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी ने गुजरात टाइटंस के कप्तान हरफनमौला हार्दिक पंड्या को वापस टीम के साथ जोड़ा और उन्हे कप्तान बनाया। रोहित पांच खिताब के साथ आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल रहे है। हार्दिक की अगुवाई मे गुजरात टाइटंस अपने पहले सत्र मे चैंपियन और दूसरे सत्र मे उपविजेता रहा है। बाउचर ने दक्षिण अफ्रीका स्थित पॉडकास्ट बैटर विद द बॉयज को बताया, हमने हार्दिक को एक खिलाड़ी के रूप मे वापस लाने के लिए एक विडो देखी। उन्होने कहा, हमें खिलाड़ी के तौर पर रोहित की जरूरत है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।